










संस्थापक: शहीद शिरोमणि लाला जगतनारायण जी, अमर शहीद रमेश चन्द्र जी एवं कलम के योद्धा अश्विनी कुमार जी

# पंजाब केसरी

युवा भारत युवा अखबार

PunjabKesari.com PunjabKesari.com @punjabkesaricom

गुरुवार 13 जून, 2024 ◆ दिल्ली ◆ तदनुसार 31 ज्येष्ठ 2081 LD ****

Punjab Kesari, Delhi
वर्ष : 41 / अंक : 164
मूल्य ₹ 4.50
16 नेपाली रुपए/हवाई जहाज से ₹ 10.00
पृष्ठ संख्या 12
Ph. : 011-30712200, 45212200

# 3 दिन में 3 आतंकी हमले

## कठुआ में 2 आतंकी ढेर, सीआरपीएफ जवान शहीद, 6 सुरक्षाकर्मी घायल



**पंजाब केसरी/जम्मू**

जम्मू-कश्मीर में तीन दिन में तीन आतंकी हमले हुए। ये हमले रियासी, कठुआ और अब डोडा में हुआ। मंगलवार को कठुआ जिले के एक सीमावर्ती गांव में छिपे एक आतंकवादी को सुरक्षा बलों ने 15 घंटे से अधिक समय तक चले अभियान में बुधवार को मार गिराया। इस दौरान एक अन्य आतंकवादी को भी मार गिराया गया।हालांकि मुठभेड़ में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) का एक जवान भी शहीद हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि मारे गए दोनों आतंकवादी पाकिस्तानी बताए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ स्थल से भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और एक लाख रुपये से अधिक की नकदी जब्त की गई है। अधिकारियों ने बताया कि आतंकवादियों की पहचान और उनके समूह का पता लगाया जा रहा है।

● **मारे गए दोनों आतंकी पाकिस्तानी जिन्होंने डोडा में सेना की चौकी पर किया था हमला**

चटरगल्ला, गुलदंडी, सरथल, शंख पाडेर और कैलाश पर्वत श्रृंखला में जारी तलाशी और घेराबंदी अभियान के मद्देनजर भद्रवाह-पठानकोट अंतरराज्यीय राजमार्ग पर यातायात की आवाजाही पूरी तरह से रोक दी गई है। अधिकारियों के अनुसार, सैदा सुखल गांव में दो आतंकवादियों को देखे जाने के बाद मंगलवार रात को शुरू हुए अभियान के दौरान दो वरिष्ठ अधिकारी सुरक्षित बच निकले। हालांकि उनके वाहनों पर गोलियां लगीं। मंगलवार देर रात डोडा जिले में भद्रवाह-पठानकोट मार्ग पर स्थित चतरगला के ऊपरी इलाके में आतंकवादियों ने एक संयुक्त जांच चौकी पर हमला किया।

(पृष्ठ-2 भी देखें)

# कुवैत में आग, 49 भारतीयों की मौत

## सभी मृतक तामिलनाडु-केरल के थे

**पंजाब केसरी/दुबई**

कुवैत में श्रमिकों के आवास वाली एक इमारत में बुधवार को लगी भीषण आग में 49 भारतीयों के मारे जाने की आशंका है। मृतक संख्या और बढ़ सकती है। ये सभी कामगार तामिलनाडु, केरल, ओडिशा और उत्तरी राज्यों के रहने वाले थे। एक ही कम्पनी ने लगभग 200 भारतीयों को नौकरी दे रखी थी और ये सभी एक ही इमारत में रहते थे। आग बुधवार तड़के कुवैत के दक्षिणी अहमदी गवर्नरेट के मंगाफ क्षेत्र में स्थित छह मंजिला इमारत के रसोईघर से लगी। अंग्रेजी भाषा के अखबार 'अरब टाइम्स' की खबर में कहा गया कि अपराध-विज्ञान विभाग के महानिदेशक मेजर जनरल ईद अल-ओवैहान ने कहा कि मृतकों की संख्या 49 बताई जाती है। खबर के मुताबिक, 50 घायलों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया जिनमें से चार की बाद में मौत हो गई और अभी कइयों की हालत नाजुक है। मृतकों उम्र 20 से 50 वर्ष के बीच थी तथा उनकी शिनाखत के बाद ही शवों को भारत भेजा जा सकेगा। कुवैत के पहले उप प्रधानमंत्री, गृह मंत्री शेख फहद अल-यूसुफ अल-सबाह ने पुलिस को मंगाफ इमारत के मालिक, इमारत के चौकीदार और श्रमिकों के लिए जिम्मेदार कंपनी के मालिक को



● **50 भारतीय घायल और अस्पताल में हालत नाजुक**

● **रसोई से भड़की आग, 6 मंजिला इमारत में फैल गई**

● **सभी भारतीय कामगार एक ही इमारत में रहते थे**

घटनास्थल पर आपराधिक साक्ष्य कर्मियों की जांच पूरी होने तक गिरफ्तार करने का आदेश दिया है। घटनास्थल का दौरा करने के बाद मंत्री ने एक बयान में कहा, "आज जो कुछ हुआ वह कंपनी और भवन मालिकों के लालच का परिणाम है।"

सूत्रों ने बताया कि बचाव अभियान के दौरान पांच अग्निशमन कर्मी घायल हो गए। इसमें कहा गया है कि अधिकतर लोगों की मौत सोते समय धुएं के कारण दम घुटने से हुई। बड़ी संख्या में लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया।

कुवैत में भारतीय दूतावास ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "आज भारतीय श्रमिकों से जुड़ी दुखद आग दुर्घटना के संबंध में दूतावास ने एक आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। सभी संबंधित लोगों से अनुरोध है कि वे अद्यतन जानकारी के लिए इस हेल्पलाइन पर संपर्क करें। दूतावास हरसंभव सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।" कुवैत की कुल जनसंख्या में भारतीय 21 प्रतिशत (10 लाख) तथा कार्यबल में 30 प्रतिशत (लगभग 9 लाख) हैं।

(अंतिम पृष्ठ भी देखें)

### मोदी दुःखी, मंत्री को रवाना किया



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कुवैत में आग लगने की एक घटना में लोगों की मौत पर दुख जताया और कहा कि वहां स्थित भारतीय दूतावास स्थिति की बारीकी से निगरानी कर रहा है और प्रभावितों की सहायता के लिए वहां के अधिकारियों के साथ काम कर रहा है।इसके साथ ही उन्होंने सहायता के लिए विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन को शाम ही कुवैत रवाना कर दिया।

# संसद सत्र 24 जून से तीन जुलाई तक

**पंजाब केसरी/नई दिल्ली**

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बुधवार को कहा कि 18वीं लोकसभा का पहला सत्र 24 जून से शुरू होगा जिसमें नवनिर्वाचित संसद सदस्यों को शपथ दिलाई जाएगी। सत्र के पहले तीन दिन में नवनिर्वाचित सदस्य शपथ लेंगे तथा सदन के अध्यक्ष का चुनाव किया जाएगा। सत्र तीन जुलाई को संपन्न होगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 27 जून को लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी और अगले पांच वर्ष के लिए नई सरकार के कामकाज की रूपरेखा पेश करेंगी। रीजीजू ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''18वीं लोकसभा का पहला सत्र 24 जून 2024 से तीन जुलाई 2024 तक नवनिर्वाचित सदस्यों के शपथ, अध्यक्ष के चुनाव, राष्ट्रपति के अभिभाषण और उस पर चर्चा के लिए बुलाया जा रहा है।'' उन्होंने कहा कि राज्यसभा का 264वां सत्र 27 जून को शुरू होगा और तीन जुलाई को संपन्न होगा। समझा जाता है कि प्रधानमंत्री मोदी 27 जून को राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद संसद में अपनी मंत्रिपरिषद के सदस्यों का परिचय देंगे।



# 24 साल बाद ओडिशा को मिला नया मुख्यमंत्री

**पंजाब केसरी/भुवनेश्वर**

आदिवासी नेता एवं चार बार के विधायक मोहन चरण माझी ने बुधवार को यहां एक समारोह में ओडिशा के पहले भाजपा मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। इसके साथ ही ओडिशा को 24 साल बाद नया मुखयमंत्री मिला।



शपथ ग्रहण समारोह के बाद ओडिशा में प्रधानमंत्री मोदी नवनियुक्त मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी, उप मुख्यमंत्री केवी सिंह देव तथा प्रभाती परिदा और राज्यपाल रघुवर दास। (छाया : ए.एन.आई.)

शपथग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, कई केंद्रीय मंत्री और मुख्यमंत्री शामिल हुए। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पटनागढ़ से विधायक केवी सिंह देव तथा निमापारा विधानसभा क्षेत्र से पहली बार विधायक बनीं प्रभाती परिदा ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली। पिछली विधानसभा में भाजपा के मुख्य सचेतक रहे माझी हाल में हुए विधानसभा चुनाव में चौथी बार विधानसभा के लिए चुने गए। उन्होंने क्योंझर विधानसभा क्षेत्र से जीत दर्ज की। जनता मैदान में राज्यपाल रघुबर दास ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। यह पहली बार है जब ओडिशा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार बनी है। समारोह में मोदी के अलावा भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, भूपेन्द्र यादव, धर्मेंद्र प्रधान, जुएल उरांव, अश्विनी वैष्णव और अन्य शामिल हुए। सुरेश पुजारी, रबिनारायण नाइक, नित्यानंद गोंड, कृष्ण चंद्र पात्र, पृथ्वीराज हरिचंदन, मुकेश महालिंग, बिभूति भूषण जेना और कृष्ण चंद्र महापात्र ने कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली।

# किसी छात्र को कोई नुक्सान नहीं होगा

**पंजाब केसरी/नई दिल्ली**

**एनटीए का दावा**

राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी ने नीट-यूजी 2024 की परीक्षा को लेकर बड़ा खुलासा किया है। एजेंसी ने बताया कि परीक्षा में पेपर लीक का कोई मामला जांच में सामने नहीं आया है। लेकिन नीट-यूजी में गड़बड़ी के कुल 63 मामले जरूर पाए गए हैं।इस पर कार्रवाई करते हुए राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी ने गड़बड़ी करने वाले और अनुचित साधनों के उपयोग के लिए 23 उम्मीदवारों को नीट-यूजी से वंचित किया है। नीट-यूजी 2024 परीक्षा के रिजल्ट में हुई धांधली को लेकर देश भर छात्र प्रदर्शन भी कर रहे हैं। जबकि इस मामले में एनटीए ने बताया कि 1,500 से अधिक छात्रों को दिए गए ग्रेस अंकों की समीक्षा विशेषज्ञ पैनल कर रहा है, इसमें किसी भी छात्र को कोई नुकसान नहीं होगा। बता दें कि नीट-यूजी में ग्रेस अंक का विवाद सुप्रीम कोर्ट में पहुंच था। सुप्रीम कोर्ट में दायर की गई याचिका में रिजल्ट वापस लेने के साथ दोबारा परीक्षा कराने की मांग की गई थी। इस मामले में सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने छात्रों को झटका देते हुए, नीट-यूजी की परीक्षा रद्द और कांउसलिंग की प्रक्रिया पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। (सम्पूर्ण कवरेज पृष्ठ-2 पर)

# अर्शदीप-सूर्य का जलवा भारत शान से सुपर 8 में





**न्यूयार्क :** विश्व कप टी-20 के एक मैच में भारत ने अमेरिका को अर्शदीप के 4 विकेट और सूर्य के नाबाद अर्धशतक के दम पर 7 विकेट से रौंद दिया। (पढ़ें अंतिम पृष्ठ पर)

# खुदरा मुद्रास्फीति घटकर 4.75%

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): खाद्य वस्तुओं की कीमतों में मामूली गिरावट से खुदरा मुद्रास्फीति मई में घटकर 4.75 प्रतिशत पर आ गयी। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा मुद्रास्फीति अप्रैल, 2024 में 4.83 प्रतिशत और मई, 2023 में 4.31 प्रतिशत थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, मई में खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति 8.69 प्रतिशत रही, जो अप्रैल में 8.70 प्रतिशत थी। कुल मुद्रास्फीति में फरवरी, 2024 से लगातार कमी आई है। यह फरवरी में 5.1 प्रतिशत थी और अप्रैल, 2024 में घटकर 4.8 प्रतिशत पर आ गई। सरकार ने भारतीय रिजर्व बैंक को यह सुनिश्चित करने का काम सौंपा है कि सीपीआई मुद्रास्फीति दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत पर बनी रहे।

**सुप्रीम कोर्ट सख्त** | दिल्ली में पानी किल्लत पर केजरीवाल सरकार से पूछा

# टैंकर माफिया पर क्या हुई कार्रवाई

**पंजाब केसरी/नई दिल्ली**

उच्चतम न्यायालय ने शहर में टैंकर माफिया और पानी की बर्बादी के मुद्दे को लेकर दिल्ली सरकार के प्रति नाराजगी जाहिर करते हुए पूछा कि उसने इनके खिलाफ क्या कदम उठाए हैं। न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी वराले की अवकाशकालीन पीठ ने दिल्ली सरकार से कहा कि यदि वह टैंकर माफिया से नहीं निपट सकती तो वह (पीठ) दिल्ली पुलिस से इस मामले में कार्रवाई करने को कहेगी। पीठ ने कहा, ''इस न्यायालय के समक्ष झूठे बयान क्यों दिए गए? हिमाचल प्रदेश से पानी आ रहा है तो दिल्ली में पानी कहां जा रहा है? यहां इतनी बर्बादी हो रही है, टैंकर माफिया आदि हैं.. इस संबंध में



● **दिल्ली पुलिस को कार्रवाई करने का निर्देश दे सकती है अदालत**

आपने क्या कदम उठाए हैं।'' पीठ ने कहा, ''लोग परेशान हैं, हम हर समाचार चैनल पर इसकी तस्वीरें देख रहे हैं। यदि गर्मियों में जल संकट बार-बार होने वाली समस्या है, तो पानी की बर्बादी रोकने के लिए आपने क्या उपाय किए हैं?'' दिल्ली सरकार की ओर से पेश हुए वकील



शादान फरासत ने कहा कि पानी की बर्बादी रोकने के लिए बड़े पैमाने पर जलापूर्ति बंद करने सहित कई कदम उठाए गए हैं।उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली सरकार से जल संकट को लेकर उठाए गए कदमों की रिपोर्ट दाखिल करने को कहा है। इस मामले पर बृहस्पतिवार को सुनवाई होगी। उच्चतम न्यायालय दिल्ली सरकार की उस याचिका पर सुनवाई कर रहा है, जिसमें हरियाणा को यह निर्देश देने का अनुरोध किया गया है कि वह हिमाचल प्रदेश द्वारा राष्ट्रीय राजधानी को दिए गए अतिरिक्त पानी को छोड़ दे, ताकि जल संकट को दूर किया जा सके। (पढ़ें पृष्ठ-4 पर)

# रूसी सेना के लिए लड़ते हुए अमृतसर के व्यक्ति की हुई मौत

**अमृतसर,** (पंजाब केसरी): तेजपाल सिंह सेना में भर्ती होना चाहते थे, लेकिन उनके परिवार को यह नहीं पता था कि यह सपना केवल विदेशी धरती पर ही पूरा होगा और वह कभी घर वापस नहीं लौटेंगे।

सिंह की पत्नी परमिंदर कौर ने बुधवार को पालम विहार इलाके में स्थित अपने घर पर बताया, मेरे पति पिछले साल दिसंबर में नौकरी की तलाश में थाईलैंड गए थे। वहां कुछ दिन रहने के बाद वह और उनके दोस्त 12 जनवरी को रूस चले गए, जहां उन्हें सेना में भर्ती कर लिया गया। कौर ने रुंधे गले से कहा, दो दिन पहले मेरे पति के एक मित्र ने फोन करके मुझे बताया कि यूक्रेन के युद्धक्षेत्र में उनकी मृत्यु हो गई है।

> जिस पुरुष में जिस वर्ण के गुण-कर्म-स्वभाव हों उसको उसी वर्ण का अधिकार देना चाहिए। ऐसी अवस्था रखने से सब मनुष्य उन्नतिशील हो जाते हैं। -महर्षि दयानन्द





आदित्य नारायण चोपड़ा
adityachopra@punjabkesari.com

# आन्ध्र व ओडिशा में ताजपोशी

**ओडिशा** और आन्ध्र प्रदेश में नये मुख्यमन्त्रियों की ताज पोशी हो गई है। दोनों ही राज्यों में शानदार विजय के साथ सत्ता परिवर्तन हुआ है। जहां आन्ध्र प्रदेश में तेलगूदेशम के नेता श्री चन्द्र बाबू नायडू की पार्टी की धमाकेदार जीत हुई है वहीं ओडिशा में पहली बार भाजपा ने पूर्ण बहुमत लेकर सबको चौंका दिया है। लोकसभा चुनावों में भी इन दोनों पार्टियों ने प्रतिपक्षी पार्टियों का सफाया कर दिया है। इन दोनों राज्यों के चुनावों में जो रेखांकित करने वाली घटना हुई है वह यह है कि इन दोनों में ही देश की प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस कहीं बहुत दूर हांशिये पर खिसक गई है और इसके विधायकों की संख्या नामचारे की ही रही है। जबकि एक जमाने में दोनों ही राज्य कांग्रेस के गढ़ माने जाते रहे हैं। हालांकि ओडिशा में पिछले 24 साल से बीजू जनता दल के मुख्यमन्त्री श्री नवीन पटनायक का राज भाजपा के प्रत्यक्ष व परोक्ष सहयोग से चल रहा था मगर इस बार जिस प्रकार भाजपा ने अपने बूते पर ही शानदार विजय प्राप्त की है उससे यह पार्टी अब केवल उत्तर भारत की पार्टी नहीं रही है और पूर्वी राज्य ओडिशा में भी इसका डंका बजने लगा है।

ओडिशा की जनसंख्या में 23 प्रतिशत आदिवासी हैं अत: भाजपा की जीत के विशेष मायने निकाले जा सकते हैं जबकि पड़ोसी राज्य प. बंगाल में पार्टी का लोकसभा चुनावों में प्रदर्शन निराशा से भरा रहा है। पार्टी ने मुख्यमन्त्री पद पर भी एक आदिवासी नेता श्री मोहन चरण मांझी का चुनाव करके स्पष्ट कर दिया है कि भाजपा का जनाधार केवल शहरों तक सीमित नहीं है। उनके साथ दो उपमुख्यमन्त्री भी चुने गये हैं ।एक श्री के.वी. सिंह देव हैं जो साठ के दशक में मुख्यमन्त्री रहे श्री आर.एन. सिंह दे के पौत्र हैं। स्व. सिंह दे का पूरा परिवार अब भाजपा में ही है। कभी यह स्व. राजगोपालाचारी की स्वतन्त्र पार्टी में हुआ करता था। स्वतन्त्र पार्टी का आदिवासी इलाकों में खासा प्रभाव था जिसे अब भाजपा ने पूरी तरह कब्जा लिया लगता है। श्री सिंह दे ओडिशा के प्रभावशाली राजपरिवार के मुखिया थे। इसके साथ ही एक जमाने में इस राज्य में प्रजा समाजवादी पार्टी का भी अच्छा जनाधार हुआ करता था। लगता है यह सब जनाधार अब भाजपा ने बहुत लम्बे प्रयास के बाद कब्जा लिया है। राज्य में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के कार्यकर्ताओं की मेहनत अब रंग लेकर आयी है।

वहीं दूसरी तरफ आंध्र प्रदेश में श्री नायडू की पार्टी की विरासत के तार स्व. एन.टी. रामाराव से जुड़े हुए हैं। श्री चन्द्र बाबू नायडू इस विरासत के पक्के हकदार बनकर उभरे नेता पहले से ही हैं। हालांकि एनटीआर की सुपुत्री डी. पुरुन्देशवरी देवी आन्ध्र प्रदेश भाजपा की अध्यक्ष हैं परन्तु इस पार्टी को विधानसभा चुनावों में केवल आठ सीटें ही मिली हैं। पुरुन्देश्वरी तेलगूदेशम से लेकर कांग्रेस तक में रह चुकी हैं और हाल ही में उन्होंने लोकसभा चुनाव भी भाजपा के टिकट पर जीता है मगर राज्य में भाजपा को जो भी सीटें मिली हैं वे तेलगूदेशम के साथ चुनाव पूर्व समझौता होने की वजह से ही मिली हैं। अत: श्री नायडू आन्ध्र प्रदेश का हीरो कहा जा सकता है जिनके नेतृत्व में एनडीए ने प्रभावी जीत विधानसभा व लोकसभा दोनों चुनावों में दर्ज की है और केन्द्र में भाजपा की नरेन्द्र मोदी सरकार बनने में भी अपना योगदान दिया है। यही वजह है कि उनकी पार्टी लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए केन्द्र में चौसर बिछाती नजर आ रही है जिसकी काट भाजपा ने डी. पुरुन्देश्वरी को इस पद पर बैठाने की निकाली है। पुरुन्देश्वरी श्री नायडू की साली हैं मगर उनकी राजनीति चन्द्र बाबू नायडू के समानान्तर ही ज्यादा रही है। वह केन्द्र में मन्त्री भी रह चुकी हैं लेकिन जहां तक आंध्र प्रदेश का सवाल है तो श्री नायडू पर इस राज्य में अपनी शर्तों पर राजनीति करने के माहिर माने जाते हैं। उन्होंने मुख्यमन्त्री की शपथ लेने से ही साफ कर दिया था कि राज्य की नई राजधानी अमरावती होगी।

अमरावती परियोजना श्री नायडू की कल्पना की अद्भुत परियोजना मानी जाती है जिस पर वह किसी प्रकार का समझौता नहीं करना चाहते। अत: इसे राजधानी बनाने के लिए अब वह केन्द्र सरकार से विशेष आर्थिक मदद की दरकार अपने पिछले शासन के भांति ही करेंगे। श्री नायडू को आन्ध्र प्रदेश को सूचना टैक्नोलोजी का केन्द्र बनाने वाले नेता के रूप में भी जाना जाता है। उन्हें आधुनिक विचारों वाले कल्पनाशील नेता के रूप में जाना जाना इस बात का द्योतक है कि वह अपने राज्य को विदेशी निवेश का केन्द्र भी बनाना चाहते हैं जिसके लिए राज्य में सर्वत्र सौहार्द व भाईचारे का होना बहुत जरूरी है। इसे लेकर उन्होंने अपने विचार बहुत साफगोई के साथ व्यक्त कर दिये हैं कि राजनीति में कोई वाद मायने नहीं रखते बल्कि केवल मानवता वाद मायने रखता है और इस क्रम में समाज का कोई भी वर्ग विकास में पीछे नहीं रहना चाहिए। इसी वजह से उन्होंने राज्य में चार प्रतिशत आरक्षण मुसलमानों को देने की नीति पर चलने की घोषणा भी की है। मगर इन दोनों राज्यों में कांग्रेस का सफाया होने का भी अपना सन्देश है जिसे इस पार्टी को पढ़ना चाहिए।

# चंद्रबाबू नायडू चौथी बार आंध्र के मुख्यमंत्री बने

## शपथ समारोह सम्पन्न



**अमरावती,** (पंजाब केसरी): तेलुगु देशम पार्टी प्रमुख एन. चंद्रबाबू नायडू ने बुधवार को आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के तौर पर यह उनका चौथा कार्यकाल होगा। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री मौजूद थे। जनसेना प्रमुख एवं अभिनेता पवन कल्याण, चंद्रबाबू नायडू के बेटे नारा लोकेश समेत अन्य ने मंत्री पद की शपथ ली। आंध्र प्रदेश के राज्यपाल एस. अब्दुल नजीर ने नायडू और अन्य को शपथ दिलाई। शपथ लेने के बाद चंद्रबाबू नायडू को प्रधानमंत्री मोदी ने गले लगाया और उनकी पीठ थपथपाई। बाद में, प्रधानमंत्री ने अभिनेता चिरंजीवी और पवन कल्याण का हाथ पकड़कर उनसे आत्मीयता से बात की और मंच पर तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री ओ पन्नीरसेल्वम, तमिल सुपरस्टार रजनीकांत और उनकी पत्नी लता के साथ भी बातचीत की। नायडू ने अपनी कुप्पम सीट बरकरार रखी, जबकि पवन कल्याण और लोकेश ने पिथापुरम और मंगलगिरि विधानसभा क्षेत्रों से जीत हासिल की। केंद्रीय मंत्री अमित शाह, नितिन गडकरी तथा जे.पी. नड्डा और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे भी इस मौके पर मौजूद थे। पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू, भारत के पूर्व प्रधान न्यायाधीश एन.वी. रमण और अभिनेता रजनीकांत तथा चिरंजीवी भी शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। नायडू और लोकेश के अलावा, तेदेपा विधायक के. अच्चेन्नायडू, पी. नारायण, कोल्लू रवींद्र, निम्मला राम नायडू, अनिता वंगालापुडी, अनम रामनारायण रेड्डी, कोलुसु पार्थसारथी, एनएमडी फारूक, पय्यावुला केशव, ए. सत्य प्रसाद, डोला श्री बाला वीरंजनेय स्वामी, गोट्टीपति रवि कुमार, जी संध्या रानी, बीसी जनार्दन रेड्डी, टीजी भारत, एस. सविता, वासमसेट्टी सुभाष, कोंडापल्ली श्रीनिवास और मंडीपल्ली राम प्रसाद रेड्डी ने भी शपथ ली। जनसेना पार्टी से नादेंदला मनोहर और कंदुला दुर्गेश जबकि भाजपा विधायक सत्य कुमार यादव ने मंत्री पद की शपथ ली।

## प्रधानमंत्री ने रियासी आतंकी हमले पर चुप्पी क्यों साध रखी है : कांग्रेस

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) कांग्रेस ने जम्मू-कश्मीर के रियासी में आतंकी हमले का हवाला देते हुए बुधवार को भारतीय जनता पार्टी की 'नया कश्मीर' नीति के विफल रहने का आरोप लगाया और सवाल किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इस हमले की निंदा करने का समय क्यों नहीं मिला और उन्होंने चुप्पी क्यों साध रखी है? पार्टी के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने एक बयान में यह आरोप भी लगाया कि पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार की झूठे ही सीना ठोकने की वजह से राष्ट्रीय सुरक्षा को नुकसान पहुंचा है। उन्होंने कहा, "पिछले तीन दिनों में जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमलों की बाढ़ आ गई है, जबकि पीएम मोदी पाकिस्तानी नेताओं - नवाज शरीफ और शाहबाज शरीफ के बधाई ट्वीट्स (एक्स पर पोस्ट) पर जवाबी पोस्ट करने में व्यस्त हैं। उन्होंने नृशंस आतंकी हमलों पर एक भी शब्द क्यों नहीं बोला? उन्होंने चुप्पी क्यों साध रखी है?" उन्होंने दावा किया कि जम्मू-कश्मीर में शांति और सामान्य स्थिति की बहाली के भाजपा के बड़बोलेपन और खोखले दावों की पूरी तरह से पोल खुल गई है।

# जारी रहेगा आतंकियों के खिलाफ आपरेशन

## अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है पाकिस्तान

**भद्रवाह/जम्मू,** (पंजाब केसरी): एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बुधवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले के ऊंचे इलाकों में तीन-चार आतंकवादियों का एक समूह मौजूद है और दुर्गम इलाके के बावजूद उनके सफाये के लिए तलाशी अभियान जारी है। अधिकारियों ने बताया कि पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा और जो दो आतंकवादी मार गिराए गए हैं वे पाकिस्तान के हैं। एलओसी पार करके भारत घुस आए थे। और अभी भी पाकिस्तान अपनी हरकतों से बात नहीं आ रहा। मंगलवार देर रात डोडा जिले में भद्रवाह-पठानकोट मार्ग पर स्थित चतरगला के ऊपरी इलाके में आतंकवादियों ने एक संयुक्त जांच चौकी पर हमला किया, जिसमें राष्ट्रीय राइफल्स के पांच जवान और एक विशेष पुलिस अधिकारी (एसपीओ) घायल हो गये। डोडा-किश्तवाड़-रामबन रेंज के पुलिस उपमहानिरीक्षक श्रीधर पाटिल ने संवाददाताओं से कहा, पिछले कुछ दिनों से, हमें जिला पुलिस की खुफिया शाखा के माध्यम से आतंकवादियों की आवाजाही की जानकारी मिल रही थी और उसके अनुसार सेना और पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से अस्थायी चौकियां (अंतर-राज्यीय) सड़क पर स्थापित की गई थीं। आतंकवाद विरोधी अभियान की निगरानी कर रहे पाटिल ने बताया कि डोडा और कठुआ जिलों को जोड़ने वाले चटरगला दर्रे पर एक चौकी के संतरी ने मंगलवार देर रात संदिग्ध गतिविधि देखी और उन लोगों को चुनौती दी। अधिकारी ने कहा, आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी थी।



## मध्य प्रदेश के शहीद जवान की अंत्येष्टि आज

**छिंदवाड़ा, (पंजाब केसरी):** जम्मू-कश्मीर के कठुआ क्षेत्र में आतंकवादियों से लड़ते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाले केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवान कबीर दास के परिवार के सदस्यों ने बुधवार को बताया कि छुट्टी पूरी करने के बाद आठ दिन पहले ही वह ड्यूटी पर लौटे थे। पारिवारिक सूत्रों ने संवाददाताओं को बताया कि दास का पार्थिव शरीर बृहस्पतिवार को छिंदवाड़ा जिले के बिछुआ तहसील के अंतर्गत उनके पैतृक गांव पुलपुल दोह में अंतिम संस्कार के लिए लाया जाएगा। परिवार के एक सदस्य ने बताया, कबीर दास की शादी चार साल पहले हुई थी। वह आठ दिन पहले ही ड्यूटी पर लौटे थे। अधिकारियों ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास कठुआ के सैदा सुखाल गांव में तड़के एक आतंकवादी ने अंधाधुंध गोलीबारी कर सुरक्षाबलों की घेराबंदी तोड़ने की कोशिश की, जिसमें दास गंभीर रूप से घायल हो गए।

# ग्रेस मार्क्स के खिलाफ चुनौती

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): शिक्षा प्रौद्योगिकी कंपनी 'फीजिक्स वाला' के मुख्य कार्यकारी अलख पांडे ने मेडिकल शिक्षा से जुड़े विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए विवादित परीक्षा नीट-पीजी 2024 में शामिल होने वाले 1,500 से अधिक उम्मीदवारों को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा कथित तौर पर बेतरतीब ढंग से कृपांक दिए जाने के खिलाफ उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है।

उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा था कि राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी), 2024 की शुचिता प्रभावित हुई है। न्यायालय ने कथित तौर पर प्रश्नपत्र लीक होने और अन्य गड़बड़ियों के आधार पर मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'राष्ट्रीय पात्रता व प्रवेश परीक्षा-स्नातक' (नीट-यूजी) 2024 को फिर से कराने के अनुरोध वाली याचिका पर मंगलवार को केंद्र सरकार और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी से जवाब मांगा। पांडे की ओर से पेश वकील जे साई दीपक ने मंगलवार को न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की अवकाश पीठ के समक्ष तत्काल सुनवाई के लिए याचिका का उल्लेख किया। हालांकि पीठ ने उन्हें अपनी याचिका के साथ सर्वोच्च अदालत की रजिस्ट्री से संपर्क करने को कहा। दीपक ने कहा कि न्यायालय में कई याचिकाएं सूचीबद्ध की गई हैं। कुछ याचिकाएं परिणाम घोषित होने से पहले इस आधार पर दायर की गई थीं कि पेपर लीक हो गया था। उन याचिकाओं के संबंध में नोटिस जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि उनकी याचिका थोड़ी भिन्न है। उन्होंने कहा, हम अलख पांडे का प्रतिनिधित्व करते हैं, जिन्होंने लगभग 20,000 छात्रों के हस्ताक्षर एकत्र किए हैं, जो स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि कम से कम 1,500 छात्रों को मनमाने तरीके से लगभग 70 से 80 अंक कृपांक दिए गए हैं।

## याचिकाओं के ट्रांसफर के लिए सुप्रीम कोर्ट जाएगी एनटीए



दिल्ली उच्च न्यायालय को बुधवार को यह अवगत कराया गया कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) के उम्मीदवारों द्वारा विभिन्न उच्च न्यायालयों में दायर याचिकाओं को स्थानांतरित किये जाने को लेकर उच्चतम न्यायालय का रुख करेगी। नीट-यूजी उम्मीदवारों ने कथित तौर पर कृपांक दिए जाने, पेपर लीक होने और कुछ प्रश्नों के उत्तरों के मूल्यांकन में विसंगतियों को लेकर विभिन्न उच्च न्यायालयों में याचिकाएं दायर की हैं। इस बीच, न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा की अवकाश पीठ ने एनटीए को नोटिस जारी किया और उसे नीट-यूजी, 2024 के उम्मीदवारों की चार याचिकाओं पर जवाब देने के लिए कहा। सर्वोच्च न्यायालय का अनुसरण करते हुए उच्च न्यायालय ने भी 'काउंसलिंग प्रक्रिया" पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। अदालत ने याचिकाओं पर जवाब देने के लिए कुछ मोहलत दिये जाने का एनटीए का अनुरोध स्वीकार कर लिया और मामले की अगली सुनवाई के लिए पांच जुलाई की तारीख तय की। सुनवाई की शुरुआत में सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पीठ को अवगत कराया कि नीट-यूजी 2024 परीक्षा के आयोजन में कथित अनियमितताओं से संबंधित सात अलग-अलग उच्च न्यायालयों में कई याचिकाएं दायर की गई हैं और कुछ याचिकाएं उच्चतम न्यायालय के समक्ष लंबित हैं।

## पेमा खांडू तीसरी बार बनेंगे अरुणाचल के सीएम



**ईटानगर ,** (पंजाब केसरी): पेमा खांडू लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए अरूणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री बनेंगे। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सूत्रों ने यह जानकारी दी। खांडू को बुधवार को यहां एक बैठक में भाजपा विधायक दल का नेता चुना गया। भाजपा के केंद्रीय पर्यवेक्षकों-रविशंकर प्रसाद और तरूण चुग ने इस बैठक में हिस्सा लिया। सूत्रों के अनुसार खांडू बाद में सरकार गठन का दावा पेश करेंगे।

# राहुल गांधी ने कहा- दुविधा में हूं किसे चुनूं, वायनाड या रायबरेली



**मलप्पुरम (केरल),** (पंजाब केसरी): कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि वह इस दुविधा में हैं कि उन्हें वायनाड और रायबरेली लोकसभा सीट में से कौन सी सीट छोड़नी चाहिए। गांधी ने 2024 के आम चुनाव में इन दोनों सीट पर जीत दर्ज की है। उन्होंने कहा कि वह जो भी निर्णय लेंगे, दोनों निर्वाचन क्षेत्र के लोग उससे खुश होंगे। उन्होंने लोकसभा में दूसरे कार्यकाल के लिए उन्हें चुनने के लिए वायनाड के लोगों को धन्यवाद दिया। मैं आपसे जल्द ही मिलने की उम्मीद करता हूं। मेरे सामने दुविधा है कि मैं वायनाड का सांसद बना रहूं या रायबरेली का। मैं उम्मीद करता हूं वायनाड और रायबरेली दोनों ही मेरे फैसले से खुश होंगे। लगातार दूसरी बार वायनाड लोकसभा सीट से भारी अंतर से जीत हासिल करने के बाद यह उनकी राज्य में पहली यात्रा है। गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उन्हें भगवान से कोई निर्देश नहीं मिलता कि क्या करना है, जैसा कि प्रधानमंत्री अपने बारे में दावा करते हैं।

## नफरत और हिंसा को पसंद नहीं करता अयोध्या

श्री गांधी ने कहा कि अयोध्या के लोगों ने भी भाजपा को संदेश दिया कि हम नफरत और हिंसा को पसंद नहीं करते। भारत के लोगों ने जो सबसे बड़ा संदेश दिया, वह यह था कि हमारे पास अनेक परंपराएं, राज्य, धर्म और इतिहास हैं और उनमें से प्रत्येक का सम्मान किया जायेगा। इसलिए प्रधानमंत्री मोदी को अब अपना रवैया बदलना होगा क्योंकि भारत की जनता ने उन्हें स्पष्ट संदेश दे दिया है। केंद्र में बनी सरकार को 'पंगु" करार दिया और कहा कि विपक्ष ने भाजपा को करारा जवाब दिया है। केरल, उत्तर प्रदेश और अन्य सभी राज्यों के लोगों ने प्रधानमंत्री को दिखा दिया कि आप हमें यह नहीं बता सकते कि हम क्या चाहते हैं। भारत के लोगों ने उनसे कहा कि संविधान हमारी आवाज है। संविधान को मत छुओ।" गांधी ने कहा कि सच्चाई यह है कि प्रधानमंत्री वाराणसी में हारते-हारते बाल-बाल बच गये और अयोध्या में भाजपा हार गई।

## राष्ट्रपति ने लाल किला हमले के दोषी की दया याचिका खारिज की



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): करीब 24 साल पुराने लाल किला हमला मामले में दोषी ठहराए गए पाकिस्तानी आतंकवादी मोहम्मद आरिफ उर्फ अशफाक की दया याचिका राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने खारिज कर दी है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रपति द्वारा 25 जुलाई 2022 को पदभार ग्रहण करने के बाद खारिज की गई यह दूसरी दया याचिका है। उच्चतम न्यायालय ने तीन नवंबर, 2022 को आरिफ की पुनर्विचार याचिका खारिज कर दी थी और मामले में उसे दी गई मौत की सजा को बरकरार रखा था। विशेषज्ञों का हालांकि मानना है कि मौत की सजा पाया दोषी अब भी संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत लंबे समय तक हुई देरी के आधार पर अपनी सजा में कमी के लिए शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटा सकता है।

अधिकारियों ने राष्ट्रपति सचिवालय के 29 मई के आदेश का हवाला देते हुए बताया कि 15 मई को आरिफ की दया याचिका प्राप्त हुई थी, जिसे 27 मई को खारिज कर दिया गया। उच्चतम न्यायालय ने मौत की सजा बरकरार रखते हुए कहा कि आरिफ के पक्ष में कोई भी ऐसा साक्ष्य नहीं था जिससे उसके अपराध की गंभीरता कम होती हो। शीर्ष अदालत ने इस बात पर जोर दिया कि लाल किले पर हमला देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता के लिए सीधा खतरा था। इस हमले में घुसपैठियों ने 22 दिसंबर 2000 को लाल किला परिसर में तैनात 7 राजपूताना राइफल्स की इकाई पर गोलीबारी की थी, जिसके परिणामस्वरूप तीन सैन्यकर्मी मारे गए थे।

# इटली में खालिस्तानियों ने गांधी प्रतिमा तोड़ी, भारत ने की निन्दा

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी-7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए इटली की यात्रा करेंगे। इससे पहले इटली में खालिस्तानी अलगाववादियों ने महात्मा गांधी की प्रतिमा को तोड़ दिया। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने गांधी की प्रतिमा को तोड़ने की घोर निंदा की है। विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने कहा, हमने रिपोर्ट देखी है और इस मुद्दे को इतालवी अधिकारियों के सामने उठाया है। हम समझते हैं कि मूर्ति को फिर से ठीक करने का काम पहले ही किया जा चुका है। प्रतिमा को तोड़ने का प्रयास निंदनीय है, इस पर कार्रवाई की गई है और जरूरी सुधार किया गया है। यह घटना पीएम नरेंद्र मोदी के शुक्रवार को जी-7 शिखर सम्मेलन के आउटरीच सेशन में हिस्सा लेने के लिए इटली पहुंचने से ठीक पहले हुई है। बीते साल, खालिस्तानी अलगाववादियों ने हिरोशिमा में जी-7 और क्वाड लीडर्स समिट से ठीक पहले सिडनी के रोजहिल में बीएपीएस श्री स्वामीनारायण मंदिर को क्षतिग्रस्त कर दिया था।

# अतिक्रमण हटाने गई टीम पर अवैध कब्जा धारकों ने किया हमला

**सुरक्षाकर्मी घायल, एफआईआर दर्ज**

**ग्रेटर नोएडा,** (पंजाब केसरी): ग्रेटर नोएडा के इटैड़ा गांव में जमीन से अवैध कब्जा हटाने गई प्राधिकरण की टीम पर अवैध कब्जा धारकों ने पथराव कर दिया। जिसमें प्राधिकरण के सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। प्राधिकरण की तरफ से अवैध कब्जा धारकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण इटैड़ा गांव के खसरा नंबर-435 की जमीन लगभग 15 साल पहले अधिग्रहित कर चुका है। अधिकांश किसानों ने मुआवजा भी ले लिया है। कुछ किसानों ने मुआवजा नहीं लिया है तो उनका मुआवजा भी प्राधिकरण ने एडीएम (एलए) के यहां जमा कर रखा है। कुछ अवैध कब्जा धारक कुछ हिस्से पर अवैध दुकानें बनाकर जमीन कब्जाने की कोशिश कर रहे थे। अवैध कब्जा हटाने के लिए प्राधिकरण की तरफ से पूर्व में ही नोटिस दी गई थी, लेकिन कब्जा धारकों पर कोई असर नहीं हुआ। बुधवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की वर्क सर्किल 3 की टीम अपने सुरक्षाकर्मियों व पुलिस के साथ अवैध कब्जे को तोड़ने मौके पर पहुंची। कार्रवाई शुरू करते ही अवैध कब्जा धारक कुछ लोगों के साथ मौके पर पहुंचे और कार्रवाई का विरोध करते हुए प्राधिकरण की टीम पर हमला कर दिया। टीम पर पत्थरबाजी करने लगे। इस हमले में प्राधिकरण के सुरक्षाकर्मी भी घायल हो गए। इसी दौरान एक अवैध कब्जा धारक को भी चोट आई है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के ओएसडी हिमांशु वर्मा ने बताया कि प्राधिकरण की तरफ से घटना की एफआईआर बिसरख थाने में दर्ज कराई गई है।

**Wanted**
**ACCOUNTANT**
Leading Hindi daily urgently Requires Accountant (Minimum exp. 5 years in a CA Firm) with complete knowledge of Excel at its office **Near NSP Metro Station, Delhi.**
Apply with details within 7 days.
Email: careerds2250@gmail.com
Mobile : 9310206323 | 9310739099

## भागवत की टिप्पणी के बाद क्या मोदी मणिपुर का दौरा करेंगे



**मुंबई,** (पंजाब केसरी): शिवसेना (यूबीटी) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने बुधवार को सवाल किया कि मणिपुर की स्थिति पर आरएसएस के प्रमुख मोहन भागवत की टिप्पणी के बाद क्या प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूर्वोत्तर राज्य का दौरा करेंगे? महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री ने यह भी पूछा कि जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा देने के प्रावधान वाले अनुच्छेद 370 को हटाए जाने के बाद वहां जमीनी स्तर पर क्या बदलाव आया है ? मणिपुर में पिछले साल मई से मेइती और कुकी समुदाय के बीच हिंसा जारी है। अब तक इस हिंसा में करीब 200 लोग मारे जा चुके हैं, जबकि बड़े पैमाने पर हुई आगजनी की वजह से हजारों लोग विस्थापित हो गए हैं और कई घर और सरकारी इमारतें जलकर खाक हो गई हैं। पिछले कुछ दिनों में मणिपुर के जिरीबाम से हिंसा की ताजा घटनाओं की खबरें आईं।

## 'एक व्यक्ति' के राज के दिन लद गए : पवार



**पुणे,**(पंजाब केसरी): राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के प्रमुख शरद पवार ने बुधवार को कहा कि देश में 'एक व्यक्ति' के शासन के दिन लद गए और भाजपा ने केंद्र में दूसरे दलों की मदद से नयी सरकार बनाई है। पवार ने कहा कि केंद्र में गठबंधन सरकार बनने से 'मोदी की गारंटी' अब खत्म हो चुकी है और मतदाताओं की ताकत से ही यह परिवर्तन संभव हुआ है। वह बारामती लोकसभा क्षेत्र के तहत आने वाली पुणे की पुरंदर तहसील में एक सभा को संबोधित कर रहे थे, जहां वह पानी की किल्लत से उपजे हालात की समीक्षा करने पहुंचे थे। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा, चुनाव खत्म हो गए हैं और (केंद्र में) सरकार बन गई है। पिछले 10 साल 'एक व्यक्ति' की सरकार थी, लेकिन अब वह (सरकार) उससे (उस व्यवस्था से) मुक्त हो गई है। इस बार सरकार दूसरों की मदद से बनी है।

**REQUIRED MARKETING EXECUTIVES**
A Leading **Hindi Daily Newspaper** Published from Delhi Requires Executives for Marketing Space for Advertisements relating to Retail, Education, Tours Travel, life style and such other areas. Interested Males/ Females, Freshers Experienced Graduates may apply within 7 days.
E-mail : careerds2250@gmail.com

**ड्राइवर चाहिए**
वजीरपुर, दिल्ली स्थित कार्यालय के लिए ड्राइवरों की आवश्यकता है, जिन्हें सभी प्रकार की गाड़ियां चलाने का अनुभव हो।
**संपर्क करें**
**फोन नंबर- 9310206323, 9310739099**
**फोन करें -** 10:00 AM to 5:00 PM

# हेमंत सोरेन से जुड़े केस में एक और बड़ी गिरफ्तारी



**रांची,** (पंजाब केसरी): जमीन घोटाला मामले में गिरफ्तार पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेनसे जुड़े केस में ईडी ने अब गाड़ीगांव निवासी जमीन कारोबारी शेखर महतो उर्फ शेखर कुशवाहा को गिरफ्तार कर लिया है। रांची के सदर थाना में एक जून 2023 को बड़गाईं अंचल के पूर्व राजस्व उप निरीक्षक पर दर्ज केस में 12वीं गिरफ्तारी के रूप में शेखर कुशवाहा को ईडी ने पकड़ा है। ईडी ने सदर थाने के उक्त केस में ही ईसीआइआर किया था, जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी गिरफ्तारी के बाद जेल में हैं। जमीन कारोबारी शेखर कुशवाहा पर बड़गाईं अंचल के गाड़ी मौजा में चेशायर होम रोड की 4.83 एकड़ जमीन के जाली दस्तावेज तैयार करने का आरोप है। मूल दस्तावेज के अनुसार यह जमीन सीएनटी एक्ट की प्रतिबंधित श्रेणी की जमीन है, जिसकी खरीद-बिक्री नहीं हो सकती है। जमीन के असली रैयत जीतुआ भोग्ता हैं, जिनके पिता तेतरा भोग्ता थे। हजारीबाग के मुंशी डीड राइटर इरशाद ने उक्त 4.83 एकड़ जमीन के मूल दस्तावेज में हेराफेरी कर रैयत का नाम बदलकर समरेंद्र चंद्र घोषाल व जितेंद्र चंद्र घोषाल कर दिया था। रैयत का नाम बदलकर प्रतिबंधित श्रेणी से जेनरल जमीन बना दिया और उसका सौदा कर दिया। पंजी टू के वाल्यूम 1 के पेज संख्या 139 पर यह हेराफेरी की गई, जिसे ईडी ने जांच के क्रम में पकड़ा था। सर्किल रेट के अनुसार वह जमीन 22.61 करोड़ की है। उस जमीन का सर्किल रेट 468291 रुपये प्रति डिसमिल है।

## गोलीबारी को लेकर सलमान का बयान दर्ज



**मुंबई,** (पंजाब केसरी): मुंबई पुलिस ने अप्रैल में यहां बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के निवास के बाहर हुई गोलीबारी के सिलसिले में बुधवार को उनका बयान दर्ज किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अपराध शाखा के अधिकारी बांद्रा के गैलेक्सी अपार्टमेंट में अभिनेता के निवास पर (उनका बयान दर्ज करने के लिए) गये। इस इमारत के बाहर 14 अप्रैल को मोटरसाइकिल से आये दो व्यक्तियों ने गोलियां चलायी थीं। इस गोलीबारी को लेकर पुलिस ने कथित निशानेबाजों (शूटर) विकी गुप्ता और सागर पाल को गुजरात से गिरफ्तार किया । पुलिस का दावा है कि इस घटना के पीछे लॉरेंस बिश्नोई गिरोह का हाथ है। इस मामले में कुल छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उनमें से एक अनुज थापन ने एक मई को पुलिस हवालात में कथित रूप से फांसी लगा ली थी।

## 12 राशियां और आपका दिन



Forecast for 13 June, 2024
By: Dr. Prem Kumar Sharma
(Astrologer, Palmist, Numerologist & Vastu Consultant)
Email: psharma@premastrologer.com,
Url: http://www.premastrologer.com
Contact: Panchkula: +91-172-2562832, 2572874
Delhi: +91-11-47033152/40532026

premastrologer premastrologer premastrologer askpremastrologer

गुरुवार 13 जून, 2024 **आज का राशिफल**

**मेष ARIES** (21 मार्च- 20 अप्रैल) अच्छी हैल्थ के लिए लाइफस्टाइल में बदलाव लाएं। जल्द किसी शॉर्ट वैकेशन पर जा सकते हैं। ऑफिस में आ रही समस्या आसानी से दूर कर लेंगे। अपने बजट में अच्छा घर मिलने की संभावना है। आपके प्रयासों के कारण रिलेशनशिप में मिठास बढ़ेगी। **लकी नंबर- 22 लकी कलर- व्हाइट**

**वृषभ TAURUS** (21 अप्रैल- 20 मई) छात्र अपने प्रदर्शन से सभी का दिल जीत लेंगे। फिजूल खर्चों पर लगाम से फाइनेंशियली सिक्योर होंगे। दोस्तों और रिश्तेदारों के साथ सुखद समय व्यतीत होगा। **लकी नंबर- 1 लकी कलर- गोल्डन**

**मिथुन GEMINI** (21 मई- 21 जून) पढ़ाई कर रहे स्टूडेंट्स को अधिक मेहनत करने की जरूरत है। वर्कप्लेस पर कोई कठिन प्रोजेक्ट आपको मिल सकता है। किसी जरूरी काम के लिए फंड इकट्ठा करना होगा। **लकी नंबर- 4 लकी कलर- स्काई ब्लू**

**कर्क CANCER** (22 जून- 22 जुलाई) सही टाइम मैनेजमेंट से काम की क्षमता डबल होगी। घर के लिए कोई बड़ा प्रोडक्ट या गैजेट खरीद सकते हैं। पुराने विवादों को दूर करने का अच्छा समय है। **लकी नंबर- 7 लकी कलर- ग्रीन**

**सिंह LEO** (23 जुलाई- 23 अगस्त) सही जगह निवेश से आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। अच्छी हैल्थ के लिए लाइफस्टाइल में बदलाव जरूरी है। कुछ लोग जल्द नए घर में शिफ्ट हो सकते हैं। शाम को साथी के साथ डिनर पर जा सकते हैं। **लकी नंबर- 1 लकी कलर- लाइट येलो**

**कन्या VIRGO** (24 अगस्त- 23 सितंबर) निरंतर प्रयासों के कारण फिटनेस बेनेफिट्स नजर आएंगे। दोस्तों और प्रियजनों के साथ घूमने का प्लान बन सकता है। लाइफ में कुछ बेहतरीन पल दोबारा से एन्जॉय करेंगे। **लकी नंबर- 6 लकी कलर- पीच**

**तुला LIBRA** (24 सितंबर- 23 अक्टूबर) नए बिजनेस में मुनाफा होने से बैंक बैलेंस में बढ़ोतरी होगी। अच्छी फिटनेस के लिए अत्यधिक खानपान पर कंट्रोल करें। घर पर शांत वातावरण के कारण आपका मूड अच्छा रहेगा। पार्टनर के दिल पर अपनी छाप छोड़ने में सफल रहेंगे। **लकी नंबर- 7लकी कलर- मैरून**

**वृश्चिक SCORPIO** (24 अक्टूबर-22 नवंबर) बचपन के दोस्त के साथ पुरानी यादें ताजा करेंगे। फैमिली के साथ कुछ रोमांचक प्लानिंग कर सकते हैं। प्रियजनों से मिलने दूसरे शहर यात्रा पर जा सकते हैं। **लकी नंबर- 2 लकी कलर- लाइट ग्रे**

**धनु SAGITTARIUS** (23 नवंबर- 21 दिसंबर) किसी की आर्थिक सलाह आपके लिए लाभदायक साबित होगी। अच्छी फिटनेस के लिए रोजाना जॉगिंग की आदत डालें। व्यापारियों को आज अच्छा मुनाफा हो सकता है। **लकी नंबर- 18 लकी कलर- सिल्वर**

**मकर CAPRICORN** (22 दिसंबर-21 जनवरी) प्रतिस्पर्धा में अच्छे प्रदर्शन के लिए सेल्फ-कॉन्फिडेंस जरूरी है। जीवनसाथी का मूड अच्छा बनाए रखने की कोशिश करें। वैकेशन पर जाने वाले लोगों की यात्रा रोमांचक और यादगार रहेगी। **लकी नंबर- 7 लकी कलर- मैजेंटा**

**कुंभ AQUARIUS** (22 जनवरी- 19 फरवरी) बिजनेस ट्रिप पर दूसरे शहर या विदेश जाना पड़ सकता है। लाइफ में बदलती परिस्थितियों को स्वीकार करना सीखें। लोन के लिए अप्रूवल मिलने पर पेपरवर्क समय पर पूरा करें। योग्य युवाओं के लिए रिश्ते की तलाश शुरू हो सकती है। **लकी नंबर- 9 लकी कलर- सैफ्रॉन**

**मीन PISCES** (20 फरवरी- 20 मार्च) कार्यक्षेत्र पर आ रही समस्याएं समय के साथ दूर हो जाएगी। अच्छी फिटनेस के लिए कोई आपको मोटिवेट कर सकता है। सही मैनेजमेंट से आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। पुरानी पेमेंट जल्द वापस मिलने की उम्मीद है। **लकी नंबर- 22 लकी कलर- ऑरेंज**


JEE (Advanced) 2024
शानदार परिणाम एक बार फिर!
Aakash
Medical | IIT-JEE | Foundations
AIR 25 Rishi Shekher Shukla 2 Year Classroom
AIR 67 Krishna Sai Shishir 4 Year Classroom
AIR 78 Abhishek Jain 4 Year Classroom
AIR 93 Hardik Aggarwal 2 Year Classroom
AIR 95 Ujjwal Singh 4 Year Classroom
AIR 98 Rachit Aggarwal 4 Year Classroom
3081* (2819 क्लासरूम + 262 डिस्टेंस व डिजिटल)
आकाशियन्स क्वालिफाइड JEE (Adv.) 2024
*Still Counting | क्लासरूम, डिस्टेंस और डिजिटल कोर्सेज से सभी वर्गों के विद्यार्थियों सहित
9 रैंक टॉप 100 AIR में
46 रैंक टॉप 500 AIR में
89 रैंक टॉप 1000 AIR में
*1 out of 3 Aakashians qualified in JEE (Advanced) 2024
*As per count of total Aakashians appeared in JEE (Advanced) 2024
क्लासरूम प्रोग्राम से हमारे टॉप परफॉरमर्स
AIR 129 Ansh Agrawal 3 Year Classroom
AIR 131 Shubham Nair 4 Year Classroom
AIR 153 Raghav Agarwal 4 Year Classroom
AIR 161 Mayukh Chowdhury 4 Year Classroom
AIR 174 Murikinati Sai Divya Teja R 2 Year Classroom
AIR 191 Shreshtha Gupta 4 Year Classroom
AIR 196 Keshaw Ranjan 2 Year Classroom
AIR 241 Jashan Mittal 4 Year Classroom
AIR 245 Surya Prakash P 3 Year Classroom
AIR 247 Viswanath K S 4 Year Classroom
AIR 270 Rudra Vedant V 4 Year Classroom
AIR 276 Soham Laddha 2 Year Classroom
AIR 304 Shubhradeep Paul 2 Year Classroom
AIR 319 Utkarsh Agrawal 2 Year Classroom
AIR 327 Amritansha Sinha 4 Year Classroom
AIR 342 Rohan R Shukla 2 Year Classroom
AIR 347 Zaman Husain 2 Year Classroom
AIR 348 Madhav Manu 4 Year Classroom
AIR 356 Kunal Kumar 2 Year Classroom
AIR 365 Keshav Dharni 4 Year Classroom
AIR 390 Sreeram M A 2 Year Classroom
AIR 394 Gautham P A 4 Year Classroom
AIR 403 Chandradip Karmakar 3 Year Classroom
AIR 414 Arnav Bhandari 2 Year Classroom
AIR 421 Sanvi Jain 4 Year Classroom
AIR 423 Sriram A 2 Year Classroom
AIR 434 Rithvik Perumalla 2 Year Classroom
AIR 453 Naqsh Imam 3 Year Classroom
AIR 478 Ishaan 1 Year Classroom
AIR 490 Manthankumar Bagade 2 Year Classroom
और भी कई...
सभी रैंक की जांच करने के लिए कोड को स्कैन करें और देखें कि हमारे टॉपर्स का क्या कहना है।
SHINING STARS of Aakash Digital / Distance Learning Program (DLP)
AIR 38 Akshar Zala 2 Year DLP
AIR 89 Jaiveer Singh 2 Year Digital Course
AIR 91 Amar Sinha 2 Year DLP
AIR 195 Divij Jain 2 Year DLP
AIR 226 Ritam Banerjee 2 Year Digital Course
AIR 291 Anup Yadav 2 Year DLP
AIR 317 Abhinav Vivek Tiwari 2 Year DLP
AIR 360 Kathan Shah 2 Year DLP
AIR 370 Shanmathi 3 Year DLP
and many more...
To Book a Live Demo for Aakash Digital Course | Call: 88003 12674 or Visit: aakashdigital.com
Though every care has been taken to publish the result, yet Aakash Educational Services Ltd. shall not be responsible for inadvertent error, if any.
पूरे उत्साह के साथ करें फिर से शुरूआत
JEE / NEET 2025
प्रवेश प्रारम्भ - 90% तक स्कॉलरशिप* प्राप्त करें
ड्रॉपर / रिपीटर बैचेस
(कक्षा 12वीं उत्तीर्ण छात्रों के लिए)
इंस्टेन्ट एडमिशन व स्कॉलरशिप टेस्ट में भाग लें।
नि:शुल्क नामांकन के लिए:
iacst.aakash.ac.in पर जाएं
या दिए गए कोड को स्कैन करें
आज ही प्रवेश लें! बैचेस शुरू हो चुके हैं।
*नियम व शर्तें लागू
कक्षा 12वीं में अध्ययनरत छात्रों के लिए 1 वर्षीय इन्टीग्रेटेड कोर्सेज JEE / NEET
कक्षा 11वीं में अध्ययनरत छात्रों के लिए 2 वर्षीय इन्टीग्रेटेड कोर्सेज JEE / NEET
कक्षा 8वीं-10वीं में अध्ययनरत छात्रों के लिए इन्टीग्रेटेड कोर्सेज School Boards / Olympiads / NTSE
32 Branches in Delhi / NCR
Call Your Nearest Branch: Janakpuri (Med. Wing): 8800013110, 9289723822, 7428399931 Janakpuri (Engg. & Fdn. Wing): 8800013017, 9319690348, 9350497647 Dwarka: 8800013019, 9205781715, 9205781716 Faridabad: 8800013022 NIT Faridabad: 8800729482 Model Town: 8800522353, 9560197324 Preet Vihar: 8800909325, 011-44469831 / 32 Punjabi Bagh: 8800901554, 8448383560 South Ex (Med. Wing): 8800013111, 9312230303 South Ex (Engg. Wing): 8800015936 South Ex (Fdn. Wing): 8800013018 Gurugram (Sector-14): 8800840109, 9958064196 Gurugram (Sector-49): 8800845034, 9289514345 Greater Noida: 8800013024 Greater Noida West: 8800187908 Noida (Sector-18): 8800013020 Noida (Sector-62): 8800013021 Najafgarh: 8800735460, 9311992032, 8448389729 Pitampura (Med. Wing): 8800473922, 9311272550 Pitampura (Engg. Wing): 8800710382, 9560292026 East Patel Nagar: 8447299285, 9289680444, 8447299386 Rohini: 8800945728, 9289647512 Vasant Kunj: 8800185967 Jasola Vihar: 8800189035, 9599187524 Sonipat: 8800898137, 9289054590, 9289738918 Palwal: 8800013038 Rewari: 9053008274, 9053008271 Narnaul: 8800013042, 9599289824, 9599289826 Bhiwadi: 8800956127, 9289339729 Bahadurgarh: 8800901820, 9311992031, 9289031693 Ghaziabad: 8826050181, 8826050187, 7042275382 Bulandshahr: 7428293980, 8800902549
नजदीकी ब्रांच की जानकारी के लिए कोड को स्कैन करें
CALL (TOLL-FREE): 1800-102-2727
VISIT: aakash.ac.in
For Franchise Enquiry: Email ID: franchise@aesl.in
Aakash Medical | IIT-JEE | Foundations





**जलमंत्री ने जांच पूरी होने तक दोनों अधिकारियों को निलंबित रखने की मांग की**

# माफियाओं से मुख्य सचिव व जलबोर्ड सीईओ की मिलीभगत की हो जांचः आतिशी





- आतिशी ने जांच के लिए एलजी से किया कमेटी गठित करने का अनुरोध
- केजरीवाल सरकार के आदेश को दरकिनार कर अधिकारियों ने घटाए टैंकर

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): केजरीवाल सरकार ने दिल्ली में जल संकट के लिए मुख्य सचिव व जलबोर्ड के सीईओ जिम्मेदार ठहराया है। जलमंत्री आतिशी का कहना है कि आदेश के बावजूद अधिकारियों ने भीषण गर्मी में पानी टैंकरों की संख्या बढ़ाने के बजाय घटा दी। इस बात की जानकारी उन्होंने एलजी को पत्र लिखकर दी है। इस पत्र में उन्होंने बताया है कि जून 2023 में डीजेबी में 1323 टैंकर तैनात थे, जिन्हें जलमंत्री के बिना मंजूरी के जनवरी 2024 में घटाकर 888 कर दिया गया। यह बात मुख्य सचिव और डीजेबी के सीईओ की टैंकर माफियाओं से मिलीभगत की संभावना की ओर इशारा करती है। लिहाजा, इसकी गहन जांच के लिए एक कमेटी गठित की जाए। साथ ही जांच पूरी होने तक दोनों अधिकारियों को निलंबित रखा जाए ताकि जांच प्रभावित न हो। इसके अलावा उन्होंने एलजी से मुनक नहर के दिल्ली एंट्री पॉइंट पर निरीक्षण के लिए एसीपी स्तर के पुलिस अधिकारी को तैनात करने का अनुरोध किया है, ताकि पानी चोरी करने वाले माफियाओं पर लगाम लग सके।

दिल्ली की जलमंत्री आतिशी ने एलजी को लिखे पत्र में कहा कि इस जल संकट के बीच टैंकर माफिया से जुड़े मुद्दे सामने रहे हैं और एलजी ने खुद भी इस विषय में चिंता व्यक्त की थी। उन्होंने कहा कि यह बहुत ही गंभीर मुद्दा है और इस पर दिल्ली सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों की टैंकर माफिया के साथ संभावित मिलीभगत की जांच की जरूरत है, क्योंकि ऐसा लगता है कि पिछले एक साल में दिल्ली जलबोर्ड द्वारा तैनात किए गए टैंकरों की संख्या को जानबूझकर कम किया गया है। जलमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों ने मिनिस्टर इंचार्ज के बार-बार निर्देशों के बावजूद डीजेबी में तैनात पानी के टैंकरों की संख्या नहीं बढ़ाई है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ सप्ताह में दिल्ली में जब भीषण जल संकट शुरू हुआ और मैंने खुली बैठक में इस मिलीभगत की जांच करने की बात कही थी, उसके बाद ही शहर में सरकारी टैंकरों की संख्या बढ़ाई गई।

जलमंत्री ने आगे कहा है कि मैंने बार-बार पानी के टैंकरों की कमी के संबंध में शिकायतों को दूर करने और जलबोर्ड के सीईओ को टैंकरों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। लेकिन इस पर संज्ञान नहीं लिया गया। इस बाबत 14 मार्च, 3 अप्रैल और 12 अप्रैल, 2024 को उन्होंने मुख्य सचिव को पिछले वर्षों की तुलना में पानी के टैंकरों की संख्या बढ़ाने का निर्देश दिया, लेकिन मुख्य सचिव ने भी इस पर संज्ञान नहीं लिया।

**राजनिवास अधिकारियों ने कहा, कभी भी पुलिस या एलजी से नहीं की गई शिकायत**

# दिल्ली के जल संकट के लिए एलजी सक्सेना ने आप को ठहराया जिम्मेदार



- आप नेताओं के संरक्षण में काम कर रहा पानी माफिया : विनय सक्सेना



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली के जलसंकट के लिए एलजी वीके सक्सेना ने आम आदमी पार्टी (आप) सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। राजनिवास अधिकारियों का कहना है कि दिल्ली का जल माफिया आप नेताओं के सरंक्षण में काम कर रहा है। उन्होंने बताया कि जलमंत्री आतिशी ने प्रेस को जारी एक बयान में टैंकर माफिया पर उपराज्यपाल द्वारा कार्रवाई नहीं किये जाने की बात कही है। जबकि स्थिति इसके उलट है। जल माफिया आम आदमी पार्टी के संरक्षण में न केवल काम कर रहा है बल्कि आप ने आज तक इसकी शिकायत न तो पुलिस से और न ही एलजी साहब से की। राजनिवास के अधिकारियों ने आगे बताया कि यह जानने के बावजूद कि दिल्ली में बड़े पैमाने पर जल माफिया सक्रिय है, जो सबसे गरीब लोगों से पैसा वसूलता है, आम आदमी पार्टी सरकार के अधीन जल बोर्ड ने भी कभी पुलिस में शिकायत करना उचित नहीं समझा, एफआईआर दर्ज करना तो दूर की बात है। वे कभी भी कार्रवाई के लिए उपराज्यपाल के पास नहीं आए। वे ऐसा कर भी नहीं सकते हैं, क्योंकि दिल्ली में जल माफिया आम आदमी पार्टी के साथ मिलकर उसके नेताओं के सीधे संरक्षण और आशीर्वाद के तहत काम करता है।

राजनिवास अधिकारियों के अनुसार जल मंत्री आतिशी ने मंगलवार को एक झूठा और बेबुनियाद बयान देते हुए राजधानी में हो रही पानी की किल्लत का ठीकरा हरियाणा सरकार पर फोड़ा था और उपराज्यपाल पर झूठा आरोप लगाया था। उन्होंने अपने काल्पनिक दावों को इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट में जारी मामले में हरियाणा सरकार द्वारा दायर हलफनामे पर आधारित बताया। जिस हलफनामे पर उन्होंने भरोसा कर बयान दिया था, उसे सरसरी तौर पर पढ़ने से भी उनके झूठे बयानों का सच उजागर हो जाता है। राजनिवास के अधिकारियों ने कहा कि दिल्ली सरकार द्वारा आरोप लगाया गया कि हरियाणा दिल्ली के हिस्से का पानी उसे नहीं दे रहा है, इसीलिए यहां इस बात का उल्लेख करना जरूरी है कि हरियाणा लगातार मूनक से दिल्ली को अतिरिक्त पानी (330 क्यूसेक) के साथ उसके हिस्से का पानी भी जारी कर रहा है। इतना ही नहीं, किसी भी दिन हरियाणा द्वारा दिल्ली के लिए छोड़े गए पानी की मात्रा 1050 क्यूसेक से कम नहीं हुई है। यही नहीं अदालतों में दिल्ली सरकार ने जो हलफनामा दायर किया, उसमें 23 मई 2024 से नौ जून 2024 तक हरियाणा सरकार द्वारा दिल्ली के लिए छोड़े गए पानी की जो मात्रा बताई गई है, उससे भी आतिशी का हरियाणा द्वारा दिल्ली के लिए पानी की कम आपूर्ति करने का दावा सिरे से खारिज हो जाता है। इसमें लिखा है कि यूवाईआरबी के अधिकारी/सदस्य ने न्यायालय की सुनवाई के बाद मूनक, काकरोई और बवाना का दौरा किया और यह पाया कि हरियाणा वास्तव में दिल्ली के आवंटित हिस्से से अधिक पानी जारी कर रहा है।

# 'पानी की लीकेज पर नजर रखेंगे एसडीएम व एडीएम, टैंकरों की निगरानी करेंगे तहसीलदार'

**खास बातें...**

- जलमंत्री ने मुख्य सचिव को दिये निर्देश, जल्द दूर करें पानी का लीकेज
- पानी की बर्बादी को रोकने के लिए सभी टीमें रोज पांच बजे तक देंगी रिपार्ट :

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): भीषण गर्मी के बीच जल संकट से निपटने के लिए केजरीवाल सरकार ने बुधवार को बड़ा फैसला लिया। इसके तहत पूरी दिल्ली में पाइप लाइन के लीकेज से होने वाले पानी की बर्बादी को रोकने के लिए एडीएम और एसडीएम स्तर के अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। दिल्ली की राजस्व मंत्री आतिशी ने आदेश जारी कर मुख्य सचिव को इस पर अमल करने को कहा है। आदेश के अनुसार ये अधिकारी पानी की पाइप लाइनों की मॉनिटरिंग करेंगे और कहीं पर लीकेज मिलता है तो 12 घंटे के अंदर उसको दुरुस्त करेंगे। इसके अलावा तहसीलदार समेत अन्य अधिकारियों की एक टीम भी तैनात की जाएगी जो पानी के टैंकरों की व्यवस्था और इससे संबंधित शिकायतों के समाधान के लिए 'क्विक रिस्पांस टीम" के रूप में कार्य करेंगे।

इस बाबत दिल्ली की राजस्व मंत्री आतिशी ने मुख्य सचिव को निर्देश दिया है कि लीकेज से पानी की बर्बादी को रोकने के लिए मेन वाटर डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क की मॉनिटरिंग की जाए। इसकी मॉनिटरिंग के लिए एडीएम और एसडीएम की स्पेशल टीमें तैनात की जाए। उन्होंने कहा कि ये टीमें मुख्य जल स्त्रोत से वाटर ट्रीटमेंट प्लांट और वहां से प्राथमिक यूजीआर तक मेन वाटर डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क की मॉनिटरिंग करेंगी। सभी टीमों को रोजाना शाम 5 बजे तक निरीक्षण की विस्तृत रिपोर्ट सौपेंगी। आतिशी ने जोर देकर कहा है कि दिल्ली में कहीं पर भी पानी की लीकेज बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बता दें कि 30 मई को भीषण गर्मी की स्थिति और पानी की बढ़ती मांग के मुद्दे पर दिल्ली सरकार द्वारा एक उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में यह निर्णय लिया गया था कि 5 जून से प्रत्येक जोन में एडीएम व एसडीएम स्तर के अधिकारियों को तैनात किया जाएगा। साथ ही तहसीलदार और अन्य अधिकारियों की एक टीम भी तैनात की जाएगी, जो पानी के टैंकरों की व्यवस्था और पानी से संबंधित शिकायतों के समाधान के लिए 'क्विक रिस्पांस टीम" के रूप में कार्य करेंगे। इस बाबत राजस्व मंत्री आतिशी ने मुख्य सचिव को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि ये टीमें वाटर जल स्त्रोतों से लेकर वाटर ट्रीटमेंट प्लांट और वहां से प्राथमिक यूजीआर तक मेन वाटर डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क की मॉनिटरिंग और निरीक्षण करें।

# दिल्ली में चल रहे जल संकट पर प्रदेश कांग्रेस ने तोड़ी चुप्पी

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने भी दिल्ली में बढ़ते जल संकट पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि जनता से जुड़े मुद्दे



पर चुनी हुई सरकारों को राजनीति नहीं करके समस्याओं का निपटारा करना चाहिए। भीषण गर्मी में दिल्ली की जनता की त्राहि त्राहि कर रही है क्योंकि दिल्ली की जनता को पानी नहीं मिल रहा है। पीने का पानी के लिए लोगों को प्रतिदिन 100 रुपये तक खर्च करने पड़ रहे हैं। बुधवार को पत्रकारों से बातचीत में यादव ने कहा कि केंद्र और दिल्ली की सरकार को जल संकट दूर करने के लिए प्राथमिकता के साथ काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की हिमाचल सरकार दिल्ली के लिए पानी छोड़ने के लिए तैयार है लेकिन भाजपा की हरियाणा सरकार आपसी राजनीति के चलते दिल्ली वासियों के लिए पानी नहीं आने दे रही है, तब कैसे हिमाचल प्रदेश की सरकार द्वारा छोड़े जाने वाला पानी दिल्ली मिलेगा। उन्होंने सवाल किया कि क्यों दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार ने दिल्ली के लोगों को जल संकट से राहत देने के लिए समय रहते तुरंत कार्यवाही नहीं की? उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार और नगर निगम में दिल्ली की जनता ने आम आदमी पार्टी को पूर्ण बहुमत दिया है। इसलिए जल संकट को निपटाने की उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी है, जिसमें वो पूरी तरह से विफल हो रही है। देवेन्द्र यादव ने कहा कि दिल्ली सरकार की नाकामी के कारण दिल्ली की जनता को पर्याप्त मात्रा में पानी नही मिल रहा है और दिल्ली वासियों को जो पानी मिल रहा है वो भी नलों तक गंदा पानी आ रहा है।

# टैंकर माफिया पर नियंत्रण रखना एलजी व दिल्ली पुलिस की जिम्मेदारी : आप

**वजीराबाद बैराज को हाल के वर्षों में सबसे कम 670 फीट पानी प्राप्त हुआ**

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली में जलसंकट पर हो रही बयानबाजी के बीच आम आदमी पार्टी (आप) ने टैंकर माफिया के मुद्दे पर एलजी को घेरा है। आप ने इस पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि राजधानी में कानून-व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी एलजी और दिल्ली पुलिस की है, दिल्ली सरकार का इस पर कोई नियंत्रण नहीं है। अगर दिल्ली में टैंकर माफिया पनपते हैं तो यह एलजी की जिम्मेदारी है कि वह ऐसे दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करें जिनके तहत ऐसे अपराध होते हैं। पार्टी का कहना है कि एलजी के पसंदीदा अधिकारियों मुख्य सचिव और जलबोर्ड के सीईओ ने जलमंत्री के बार-बार टैंकरों की संख्या बढ़ाने के निर्देश के बावजूद टैंकर माफियाओं के साथ मिलकर टैंकरों की संख्या कम कर दी। इससे अवैध निजी टैंकरों के लिए अपना धंधा बढ़ाने की गुंजाइश पैदा हो गई है। इस बीच आप सरकार ने जल संकट को दूर करने के लिए व्यापक कदम उठाए हैं। जिसमें सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप की मांग करना, हिमाचल प्रदेश से अतिरिक्त पानी सुरक्षित करना और पाइपलाइनों की निगरानी के लिए एडीएम-एसडीएम अधिकारियों की तैनाती शामिल है।

इसके विपरीत एलजी इस पूरे मामले पर निष्क्रिय बने हुए हैं और भाजपा प्रवक्ता की तरह आप सरकार को निशाना बना रहे हैं।किसी संवैधानिक पदाधिकारी के लिए अपने आधिकारिक बयानों में किसी राजनीतिक दल को निशाना बनाकर दोषी ठहराना अभूतपूर्व है। इस बीच आप ने हरियाणा से हो रही जलापूर्ति के मुद्दे को भी जोरशोर से उठाया। पार्टी ने कहा कि यह बात सभी के संज्ञान में है कि वजीराबाद बैराज को इस भीषण गर्मी के बीच हाल के वर्षों में सबसे कम यानी 670 फीट पानी प्राप्त हो रहा है, इस बैराज के माध्यम से यमुना के पानी के लिए हरियाणा जिम्मेदार है, जहां से पानी दिल्ली के तीन जल उपचार संयंत्रों को जाता है। आप का कहना है कि सुप्रीमकोर्ट में हरियाणा सरकार के वकील ने हिमाचल सरकार द्वारा प्रदान किए गए अतिरिक्त पानी देने से इनकार कर दिया, जिसने 1 मई से 22 मई तक मुनक नहर के माध्यम से सीएलसी में केवल 719 क्यूसेक और डीएसबी में 330 क्यूसेक पानी छोड़ा था। गंभीर जल संकट के बीच भी, हरियाणा ने पिछले कुछ दिनों में मुनक नहर से दिल्ली के लिए 1050 क्यूसेक के बजाय केवल 985 क्यूसेक पानी छोड़ा।

# भाजपा ने सीपी को सौंपी पानी चोरी की शिकायत

**खास बातें...**

- कहा दिल्ली में जल संसाधनों की चोरी एक आपराधिक गतिविधि है, जो दिल्ली सरकार एवं जल बोर्ड की मिलीभगत के साथ हो रही है



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा बुधवार को दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा से मिले और सांसद योगेन्द्र चंदोलिया की उपस्थिति में उन्हें दिल्ली में दिल्ली सरकार एवं दिल्ली जल बोर्ड की मिलीभगत से चल रहे टैंकर माफिया की लूट के खिलाफ एक शिकायत पत्र सौंपा। इस मौके पर मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर भी उपस्थित रहे। पुलिस आयुक्त को दिए शिकायत पत्र में कहा गया कि दिल्ली में जल संसाधनों की चोरी एक आपराधिक गतिविधि है, जो दिल्ली सरकार एवं जल बोर्ड की मिलीभगत के साथ हो रही है।

वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि आश्चर्यजनक है कि पानी चोरी का खेल हरियाणा से दिल्ली में यमुना जल घुसने के पहले बिंदु मुनक नहर क्षेत्र से ही शुरू हो जाता है। मुनक नहर क्षेत्र में रात-दिन ऐसे निजी टैंकरों की लाइन लगी रहती है जिनके मालिक दिल्ली की सत्ताधारी आप से जुड़े हैं। इसी तरह दिल्ली के हर जल सयंत्र या जल पंपिंग स्टेशन और खासकर बोरवेल पर भी सरकारी ही नहीं निजी टैंकरों की भी लाइन देखी जा सकती है। उन्होंने शिकायत में कहा कि इस सब में दिल्ली की जल मंत्री से लेकर संयंत्र अधिकारियों तक सभी की भूमिका संदिग्ध है। अतः इसे देखते हुए एफआईआर दर्ज की जाए। सचदेवा ने अपने पत्र में कहा है कि दिल्ली जल बोर्ड पाइप लाइन से रिसाव से पानी की बर्बादी की शिकायतें पिछले 10 वर्षों से चल रही हैं। इतने लंबे समय से दिल्ली सरकार ने कोई ठोस कार्रवाई या मरम्मत कार्य शुरू नहीं किया है। जल बर्बादी राजधानी में मौजूदा जल संकट का महत्वपूर्ण कारण बन गई है।

भाजपा ने अपने शिकायत पत्र में लिखा है कि उपरोक्त मुद्दों की जांच करने के लिए एक विशेष जांच टीम गठित करें क्योंकि इससे दिल्ली की बड़ी आबादी प्रभावित होती है और इस जल टैंकर घोटाले में न सिर्फ जल बोर्ड के छोटे बड़े अधिकारियों के, बल्कि सत्ताधारी दल के नेताओं की संलिप्तता की संभावना है। प्रदेश अध्यक्ष ने अपने पत्र में लिखा कि दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी कई बार कह चुकी हैं कि दिल्ली को पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिल रहा है, इसलिए हिमाचल प्रदेश से अतिरिक्त मात्रा में पानी की आपूर्ति करनी होगी, मगर साथ ही आतिशी ने कहा कि इस अतिरिक्त आपूर्ति के लिए आवश्यक भंडारण और उपचार सुविधाएं नहीं हैं।

**बूंद-बूंद को मोहताज लोग...**







बुराड़ी में पानी की किल्लत से लोग परेशान, घंटों कर रहे हैं टैंकर का इंतजार। -फोटो: अमित श्रीवास्तव

## दिल्लीवासियों पर आतिशी का असर नहीं पड़ेगा : भाजपा

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली भाजपा प्रवक्ता प्रवीण शंकर ने कहा कि मंत्री आतिशी का बयान एक पुराना बयान है जिसे दिल्लीवासी पिछले कुछ वर्षों में सैकड़ों बार सुन चुके हैं, जब से आप नेताओं के खिलाफ घोटालों में एफआईआर दर्ज होनी शुरू हुई है। आतिशी को नोट करना चाहिए कि हम भाजपा में राजनीतिक विरोधियों से नफरत नहीं करते, हम केवल उनके घोटाले और भाई-भतीजावाद का विरोध करते हैं और आप के मामले में भी यही करते हैं। हम बस चाहते हैं कि वे व्यापक जनहित में घोटालों को छोड़ दें। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि आतिशी को समझना चाहिए कि उनके नाटक का अब दिल्लीवासियों पर कोई असर नहीं पड़ेगा। उन्होंने 2022 के एमसीडी चुनावों और 2024 के संसदीय चुनावों में उन्हें दो बार खारिज कर दिया है।

# दिल्ली को पानी न देने पर हरियाणा सरकार के खिलाफ कार्रवाई की मांग




**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली में जल संकट के बीच हरियाणा द्वारा पर्याप्त पानी न दिए जाने को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दायर कर कार्रवाई की मांग की गई है। इस मामले में बुधवार को दिल्ली हाईकोर्ट ने नोटिस जारी कर दिल्ली व हरियाणा सरकार से जवाब देने को कहा है।

न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्ण की अवकाशकालीन पीठ ने नोटिस करते हुए दिल्ली और हरियाणा की सरकारों और हरियाणा के सिंचाई और जल संसाधन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को तीन सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने के लिए कहा है। मामले में अगली सुनवाई अब 24 जुलाई को होगी। इस संबंध में दायर याचिका में आरोप लगाया गया है कि हरियाणा राज्य ने दिल्ली को पानी की आपूर्ति कम कर दी है, वह भी गर्मी के मौसम में, और यह कम आपूर्ति 'जानबूझकर" और गलत मंशा के साथ की गई। याचिकाकर्ता ने कहा कि हरियाणा ने मई 2023 में हाईकोर्ट में एक हलफनामा दायर किया था जिसमें कहा गया था कि ऊपरी तटवर्ती राज्य हरियाणा से दिल्ली के हिस्से के रूप में 719 क्यूसेक पानी का आवंटन किया गया है, लेकिन वह राष्ट्रीय राजधानी को लगभग 1040 क्यूसेक पानी की आपूर्ति कर रहा है जिसमें उसके खुद के नागरिकों के हिस्से का लगभग 321 क्यूसेक पानी शामिल है। वर्ष 2023 के हलफनामे में कहा गया था कि आज तक हरियाणा ने 1040 क्यूसेक पानी की आपूर्ति में कटौती के बारे में कभी कुछ नहीं कहा। बता दें कि इस मामले में हाईकोर्ट ने 15 जनवरी, 2024 को दिल्ली के लिए पर्याप्त जल आपूर्ति की मांग करने वाली मुख्य याचिका का निपटारा कर दिया था। हाईकोर्ट ने हरियाणा के हलफनामे और बयान को स्वीकार कर लिया था और कहा था कि राज्य इससे बंधा हुआ है।

**सचदेवा ने भावना गौड़ द्वारा टैंकर माफिया को संरक्षण देने के कारनामों को फोटो एवं कागजों के साथ किया उजागर**

# पालम में चल रहा है विधायक के नजदीकियों के टैंकरों का खेलः सचदेवा

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने बुधवार को आम आदमी पार्टी के विधायकों का टैंकर माफियाओं के साथ मिलकर किए जा रहे पानी की चोरी का उजागर किया। उन्होंने आप की पालम से विधायक भावना गौड़ द्वारा टैंकर माफिया को संरक्षण



देने को उजागर किया। सचदेवा ने उजागर किया की पालम की एक वार्ड अध्यक्ष अपर्णा, जो विधायक भावना गौड़ के कार्यालय की प्रभारी हैं, उनके पति महेश कुमार के नाम पर अनेक टैंकरों के नंबर पंजीकृत हैं। वीरेन्द्र सचदेवा ने पर्दाफाश करते हुए कहा कि इसी तरह आप के पालम विधानसभा अध्यक्ष संदीप चौधरी के नाम पर भी दो टैंकर चलते हैं। उन्होंने कहा कि यह तो एक विधायक के संरक्षण के मामले हैं, पुलिस जांच में ऐसे और भी दर्जनों मामले सामने आ सकते हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हम पहले दिन से कहते हैं कि जल समस्या आप के लोगों ने खड़ी की है। उन्होंने कहा कि जल मंत्री आतिशी इस बात का जवाब दें कि जब उनके ही लोग पानी की चोरी कर रहे हैं तो वह आखिर क्यों जानबूझकर पानी की कमी की साजिश कर दिल्ली की जनता को गुमराह कर रही हैं।



## दिल्ली में पानी संकट पर बिधूड़ी और विजेन्द्र गुप्ता ने भी बोला हल्ला

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दक्षिणी दिल्ली से भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा है कि राजधानी में पानी की समस्या के लिए सुप्रीम कोर्ट में दिल्ली सरकार की पोल खुल गई है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिल्ली सरकार से पानी



बचाने के लिए उपायों के बारे में और पानी की चोरी के बारे में पूछा गया तो सरकार को आनन-फानन में कदम उठाने पड़े हैं। इस मामले में राजनीति करने की आप सरकार की मंशा पूरी नहीं हो सकी। बिधूड़ी ने कहा कि जब सुप्रीम कोर्ट ने इस बारे में दिल्ली सरकार से हलफनामा पेश करने को कहा तो दिल्ली सरकार ने आनन-फानन में मुख्य सचिव को निर्देश दिया है कि पाइप लाइनों की सुरक्षा के लिए डीएम और एसडीएम की जिम्मेदारी लगाएं। अब ये अधिकारी पाइप लाइनों की मॉनिटरिंग करेंगे। सवाल यह है कि अब तक इस तरह की कार्रवाई क्यों नहीं की गई थी। उन्होंने कहा कि इस भीषण गर्मी में दिल्ली में कई स्थानों पर पाइप लाइन से हजारों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है।

छत्तीसगढ़ शासन

विकसित भारत
विकसित छत्तीसगढ़

# सुशासन और समग्र विकास के



# 6 माह







## विकास की नई राह

- कृषक उन्नति से समृद्ध किसान, 3100 रुपए प्रति क्विंटल मिला धान का दाम
- मिला दो वर्षों का 3716 करोड़ रुपए बकाया बोनस
- पीएम आवास से 18 लाख से अधिक परिवारों को अपना मकान
- मुफ्त अनाज से गरीबों का कल्याण, एक करोड़ से अधिक परिवारों को 5 वर्षों तक राशन
- महतारी वंदन से महिलाओं को आर्थिक संबल, प्रतिवर्ष 12,000 रुपए की मदद से 70 लाख महिलाओं को मिला बल
- तेंदूपत्ता मानदेय अब बढ़कर प्रति मानक बोरा 5,500 रुपए भुगतान, आदिवासी का सम्मान
- शासकीय भर्ती आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट मिली, युवाओं में चहुँओर खुशी
- भ्रष्टाचार मुक्त पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया सुनिश्चित, युवा रहेगा अब निश्चिंत
- 'नियद नेल्लानार' से माओवादी समस्या का पूर्ण निदान, लड़ाई से आगे बढ़ विकास का विधान
- त्वरित निर्णय- सख्त प्रशासन, विगत 6 माह में, 129 माओवादी ढेर, 488 गिरफ्तार, 431 आत्मसमर्पण
- 'रामलला दर्शन योजना' से श्रद्धालुओं को अयोध्या धाम की निःशुल्क यात्रा का मिल रहा सौभाग्य

CHHATTISGARH SAMVAD RO. No. 40366/7 Dt. 12/06/2024

**सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास**

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

## पंजाब केसरी क्लासीफाइड

### आवश्यकता

**आवश्यकता है टेलीकॉलर** लड़कियों/महिलाओं की योग्यता 10वीं से ग्रेजुएट, वेतन 10000/- से 15000 /- +इंसेंटिव मिलें मुखर्जी नगर दिल्ली | Bio-data Whatsapp करें / Call: 9990133717
1253336

**सदरबाजार** (पुरानी दिल्ली) में अनुभवी फीमेल कंप्यूटर ऑपरेटर, सेल्सबॉय, सुपरवाइजर व चपरासी की आवश्यकता है। # 9811170195.
1253407

### लीगल

**भारत में किसी भी कोर्ट में** चल रहे कैसे भी केस में अनुभवी वकीलों की मदद हेतु संपर्क करें। न्याय कवच - सबको समान न्याय :- 9871154922.
1253408

### पोल्ट्री

**एनईसीसी दिल्ली क्षेत्र में आज (13.06.2024) के लिए सुझाया गया फार्म-गेट अण्डे का रेट ₹ 500/- रुपये प्रति 100 अण्डे (व्यापार और उद्योग की जानकारी के लिए) है।**
1250396

### संशोधन

**I, No** 18019305K Rank SPR Name Atul Pal S/o Mr. Raj Pal R/O RZG-129/1B, Nihal Vihar, Nangloi, Nilothi, Delhi-110041, my father's wrong date of birth 09/07/1976 in my service record. my father's correct date of birth is 09/07/1975.
1253415

### चिकित्सा

36 वर्षों के अनुभवी
सैक्स समस्याएं
मर्दाना कमजोरी, शीघ्र पतन, शुक्राणु की कमी, गुप्त रोगी मिलें
आजाद क्लीनिक
मैन रोहतक रोड़, मुतोवाली गली, नांग्लोई, दिल्ली-41
9873144909
9821124909

बिना बताए शराब, अफीम, सिगरेट छुड़ाएं
SEX, गुप्त रोग, दमा, खांसी, नजला, मोटा होना, कमजोरी, पेट के रोगों व मोटापे का देसी ईलाज।
हमराज़ क्लीनिक
10am-5pm Ph: 9811301362
1936, फव्वारा, चाँदनी चौक, दिल्ली - 110006
F-23/101, अवन्तिका चौक, सैक्टर - 3, रोहिणी, दिल्ली - 85
Ph: 9999301362, 9899301362
9am - 9pm

### खोया-पाया

**I, Rakesh Kumar** Verma S/o Late Shankar Lal Verma R/o H. No. 1/2853, Gali-13, Loni Rd, Shahdara, Delhi-32 have lost original property document FIR no-1776462/2024 dated 30/05/2024. Finder contact Rakesh kumar Verma # 9871063835.
7000001

**I, Chirag joshi, S/o** S K joshi R/o Vishwas nagar delhi 110032, IMT distant learning enrolment number 1211001868, have lost my 2014 diploma of post graduate diploma in management.
7000002

### नाम परिवर्तन

**I, Subhash Kanojia** S/o Prem Chand R/o B-1781/12, Shastri Nagar, Delhi-110052, have changed my name to Subhash.
1253411

**I, Chander Shekhar** Pandit S/o Baleshwar Pandit R/o G1/11/4/1 Ph-6 Aya Nagar Delhi-110047, in my LIC Policy my name was written as Chandeshwar Pandit, whereas my correct name is Chander Shekhar Pandit.
1253409

### नाम परिवर्तन

**I, Suman, Suman** Lata, Suman Gupta W/o Pawan Kumar R/o 248, Second Floor, Tarun Enclave, Pitampura, Delhi - 110034 and Aadhaar Card Number - 73021383xxxx have Changed my name to Suman Bansal after Marriage for all future Purposes.
1253394

**I, Sonu S/o** Bhagwan Das R/o New F-227, Raghubir Nagar Tagore Garden New Delhi 110027 have changed my name to Sonu Singhal for all purpose.
1253402

**I, hitherto known** as Abhiveer Singh Sarila alias Siddharaja Singh Sarila S/o: Abhay Singh, R/o House No-7 A, Sujan Singh Park, Lodhi Road, Central Delhi, Delhi-110003 have changed my name and shall hereafter be known as Siddharaja Singh Sarila.
1253406

**I, Depender Singh** Kharbanda R/o K -64, Double Storey Partap Nagar, Delhi-07, have changed my minor daughter's name from Ishmeet Kharbanda to Ishmeet Kaur.
7000003

**I, Parmod Sharma** S/o Raj Kumar Sharma R/o WZ- 547 Naraina Village New Delhi-110028, have changed my name to Pramod Kumar Sharma for all future purposes.
7000005

**I, Beenu Kanojia** W/o Subhash R/o B-1781/12, Shastri Nagar, Delhi-110052, have changed my name to Veenu.
1253412

**I, Manjit Kaur W/o** Hardeep Singh R/o D-230, Tagore Garden Extn., Delhi-110027, have changed my name to Manjeet Kaur.
1253413

**I, Lal Babu S/o** Suleman Sardar R/ o F-58, Inder Enclave, Phase-2, Kirari Suleman Nagar, Delhi-110086, have changed name to Mohd. Masihul Islam S/o Md. Suleman.
1253414

**I, Bhupander** Kumar S/o Lal Chand Arora R/o G-406, Emaar Palm Drive, Sec-66, Ggn, HR-122018, have changed my name to Bhupander Kumar Arora.
7000004




**I, Sanjeev Kumar** S/o Purshtom Lal R/o F-3/60, Sector-15, Rohini, Delhi-110089, have changed my name to Sanjeev Bhatia for all purposes.
1253410

### सार्वजनिक सूचना

**PUBLIC NOTICE**
That my clients Mangi Lal S/o Lala Ji and his wife Champa Devi W/o Mangi Lal R/o T-419, Ground Floor Hill Marg Near Titu General Store Baljeet Nagar, Patel Nagar Delhi 110008 disowned his daughter GEETA D/o Sh. Mangi Lal from their all immovable and movable property and severed all relations and connections from his daughter Geeta due to their impolite and misbehave /misconduct, vagrantly and they will be not responsible for his any act. Any one dealing with him shall do so at his own risk and my clients shall not be held liable in any of their dealings with any third party in any transactions whatsoever and any other act.
Sd./- Adv. MAHIPAL SINGH, OFFICE: RZH-21/6, NIHAL VIHAR, NANGLOI DELHI-110041

**सार्वजनिक सूचना**
मेरे मुवक्किल **आनंद** और पत्नी **मोनिका** ने जो की निवासी, मकान संख्या 562 पीपी कॉलोनी गांव बापरोला नजफगढ़ दिल्ली-110043 के साथ अपने बेटे **अमित** और उसकी पत्नी **उर्वशी** के साथ सभी संबंध तोड़ लिए हैं और उनके अवज्ञाकारी स्वभाव के कारण उन्हें अपनी सभी चल और अचल संपत्तियों से अलग कर दिया है। मेरे मुवक्किल उपरोक्त के संबंध में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए उत्तरदायी नहीं होंगे। किसी भी नागरिक और आपराधिक गतिविधियों में उनके साथ व्यवहार करने वाले किसी भी व्यक्ति को अपनी लागत और जोखिम पर वहन करना होगा।

### सार्वजनिक सूचना

**सार्वजनिक सूचना**
मेरे मुवक्किल निर्मला देवी पत्नी श्याम सुन्दर निवासी मकान नम्बर 1350/24 फिरोज गांधी कालोनी नम्बर 1, गुड़गांव हरियाणा-122001 ने अपने पुत्र लक्की और उसकी पत्नी किरण से सभी संबंध समाप्त कर दिए हैं और उन्हें अपनी चल और अचल सम्पत्तियों से बेदखल/अस्वीकार कर दिया है, उनके दुर्व्यवहार, बुरी आदतों और क्रूरता के कारण। भविष्य में यदि कोई व्यक्ति उपरोक्त निष्कासित व्यक्ति से लेन-देन करता है, तो वह उसका अपना जोखिम और खर्च होगा और मेरे मुवक्किल किसी भी प्रकार से इसके लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
हस्ता./-उषा (अधिवक्ता)
पंजीकरण संख्या : D/14657/2023
पटियाला हाउस कोर्ट, दिल्ली-110001,
मोबाइल-9540359769

**PUBLIC NOTICE**
Notice is hereby given to the General Public on behalf of our client, that Mrs. Shanti Ramanathan, Mr. Karthik Krishnan & Mr. Sai Subramaniam are joint owners of Property Bearing No. A-62, (200 Sq. Yds.) Ashok Nagar, Ghaziabad, U.P "Said Property" by virtue of will dt. 09.06.1999, of late Mr. C. R. Krishnan & will dt. 24.05.2016 of late Mr. C. K. Ramanathan. All persons including other legal heirs if any are hereby informed that above mentioned owners are selling the said property to someone who is taking home loan from our client for purchase of the same, if anybody has any objection/s upon the said property its sale & mortgage, and any kind of litigation etc. & ownership of Mrs. Shanti Ramanathan, Mr. Karthik Krishnan & Mr. Sai Subramaniam, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 10 days of the present.
Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, 2nd Flr., 23 Shivaji Marg, Moti Nagar, N.Delhi-15
legal@knalegal.com Ph: 011-41112527-28

**PUBLIC NOTICE**
Notice is hereby given to the General Public on behalf of our client, Mrs. Bharti Rishi, Mr. Bharatender Datt, & Mr. Rajeev Dutta are surviving members of late Mr. Dharminder Dutta & late Mrs. Pushpa Devi & claiming owners of Residential Property Bearing No. C-226, Block C, Plot No. 226, area measuring 277.08 sq. yds. situated in the layout plan of Railway Board Employees CHBS Ltd., presently the residential colony known as Anand Vihar, Delhi-110092, hereinafter referred to as "the said property". As per surviving member Certificate, whereas late Mr. Dharmendra Dutta was owner of the said property by virtue of conveyance deed dt. 08.09.2000, Registration No.12881, in additional Book No.I, Volume No.346, on pages 166-167, registered on 08.09.2000, in Sub Registrar VII, Delhi, executed by the president of India through DDA. All persons including other legal heirs if any are hereby informed that above mentioned Claiming owners/surviving members i.e. Mrs. Bharti Rishi, Mr. Bharatender Datt & Mr. Rajeev Dutta want to sell the said property to our client Mr. Manish Ghai against consideration, if anybody has any objection/s upon the said property, its sale, mortgage, Lien, Charge, Litigation etc. & claiming ownership of Mrs. Bharti Rishi, Mr. Bharatender Datt & Mr. Rajeev Dutta & any kind of objections, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.
Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, 2nd Flr., 23 Shivaji Marg, Moti Nagar, N.Delhi-15
legal@knalegal.com Ph: 011-41112527-28

**PUBLIC NOTICE**
Public at large is informed that my client Mr. Puran Mal Sharma son of Mr. Bihari Lal Sharma resident of B-60, Maharani Enclave, Near Bebi Model School, Hastsal Village, Uttam Nagar, New Delhi-110059, has disowned his son namely Mr. Pramod Kumar from his all moveable and immoveable properties due to his disrespectful behavior, out of control and he has severed his relations with him for all Intents and purposes with Immediate effect. My client will not be liable for his acts, whatsoever done by him to anybody in future.
-Sd./-,Ashok Kumar Tyagi & Associates AdvocatesA-3, Main Najafgarh Road, Opp. Metro Pillar No.659, Uttam Nagar, New Delhi- 110059

**PUBLIC NOTICE**
"The public at large is hereby informed that my Client Sh. Lalan Thakur, S/o. Sh. Umanand Thakur and Smt. Anila Devi W/o. Sh. Lalan Thakur, both R/o. D-198/17. New Ashok Nagar, Vasundhra Enclave, New Delhi-110096, have disowned their son Mr. Praveen Kumar alongwith his wife Mrs. Sneha. My clients have severed all connections, relations and ties with their abovenamed son and daughter-in-law, and also disowned from all properties whether moveable or immovable and their son Mr. Praveen Kumar and daughter in law Mrs. Sneha shall have no right or claim in any of the properties in any manner whatsoever. Any person dealing with them shall be doing at their own risk and consequence and my clients shall not be responsible, in any manner whatsoever, for any act or deed committed by their son Mr. Praveen Kumar and daughter in law Mrs. Sneha." **INDER KUMAR) Advocate W-104, LGF, G.K.-1 New Delhi-110048**

**सार्वजनिक घोषणा**
मैं बाबू लाल अग्रवाल पुत्र स्व० श्री ग्यारसी लाल जी मोदी, आयु लगभग 74 वर्ष, जाति महाजन, निवासी–सी–3, अम्बाबाडी, जयपुर का रहने वाला हूं जो कि शपथ पूर्वक बयान करता हूं कि:
1. यह कि मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड, एवं बैंक खाते में मेरे पिता का नाम श्री ग्यारसी लाल जी मोदी दर्ज हैं जो कि पूर्णतया सही हैं।
2. यह कि एक अचल सम्पत्ति प्लॉट नम्बर WZ–96 (मकान नम्बर C–7), राजागार्डन, नई दिल्ली में स्थित है। जिसका इकरारनामा एवं मुख्यारनामा दिनांक 24.04.1987 को मेरे नाम से निष्पादित है जिसमे मेरा नाम बाबू लाल अग्रवाल पुत्र श्री ग्यारसी लाल जी अग्रवाल अंकित है।
3. यह कि उक्त सम्पत्ति प्लॉट नम्बर WZ–96 के दस्तावेजो मे मेरे पिता का दर्ज नाम श्री ग्यारसी लाल जी अग्रवाल एवं मेरे अन्य दस्तावेजो मे मेरे पिता का दर्ज नाम श्री ग्यारसी लाल जी मोदी एक ही व्यक्ति अर्थात् मेरे पिता के ही नाम है।
4. यह कि श्री ग्यारसी लाल जी अग्रवाल एवं श्री ग्यारसी लाल जी मोदी एक ही व्यक्ति के नाम है। जिसके बाबत् मेरे द्वारा यह शपथ पत्र SDM, Jaipur के सम्मुख 15.04.24 को निष्पादन किया गया है।

**सार्वजनिक सूचना**
[illegible]
हस्ता./-(रोहित गुप्ता) अधिवक्ता
सिविल कोर्ट कम्पाउण्ड, ऋषिकेश।

### सार्वजनिक सूचना

**PUBLIC NOTICE**
Public is general and all concerned are hereby informed by this notice that my client Mrs. Khurshid W/o Mr. Saleem R/o 667, Jheel Khuranja, Delhi- 110051 (alongwith her other family members) has debarred and disowned her son Mr. Aneem & his wife (daughter in law Mrs. Muskan ) from all her movable & immovable properties and have severed all relations with them because of their continuous misconduct, quarrelsome and cruelty conduct with my client and her other family members. The behaviors of the above persons are not well for a long period of time and the peaceful life of my client and her other family members is disturbed. My client and her other family members shall not be responsible for any of their acts against anyone and anyone dealing with them shall be doing so at their own risk.
Sd./-SHASHANK GUPTA(Advocate), Office :- 667, Jheel Khuranja, Delhi-110051

**PUBLIC NOTICE**
"My clients Balkar Singh S/o Shri Bakshi Singh and Smt. Suman Kaur W/o Shri Balkar Singh Both R/o D-99, Shiv Durga Vihar Lakkarpur Suraj Kund Faridabad Haryana-121009 hereby irrevocably, unconditionally, irreversibly declare and state that their relations with their son Harvinder Singh and his wife Harjeet Kaur W/o Harvinder Singh are not cordial / not good and my clients had disowned and disinherited them from all their movable and immovable properties and had no concern with them and Harjeet Kaur is presently residing at her parental house. My clients and their other family members shall not be responsible / liable for any acts done by Harvinder Singh and his wife Harjeet Kaur as Harvinder Singh and his wife Harjeet Kaur are not under control of my clients, they both disrespect my clients, any person dealing with them, shall be sole responsible".
-Sd./-Ritesh Oberoi (Advocate)
Delhi High Court & District Court Seat: Central Hall, Tis Hazari Court, Delhi.

**PUBLIC NOTICE**
The public at large is informed that, Late Sh Fauza Singh, was the sole owner of the property bearing no 2A/24, Ramesh Nagar, New Delhi, admeasuring 100 square yards. My client Ms. Gurmeet Kaur, W/o Sh. Rudra Prakash, is the co- sharer/co-owner in the first and second floor of the said property. The partition of first and second floor of the said property among legal heirs of Late Sh. Davinder Singh, S/o Late Fauza Singh has not taken place. As such anybody may not enter into sale transaction for the said property with any person claiming themselves as sole owner of the said property may do at their own risk and cost. Sd./- (AMIT KUMAR) ADVOCATE

**PUBLIC NOTICE**
That my client Jahur Din S/o Lt. Sh. Gafur Miya and his wife Abida W/o Jahur Din R/o RZF-25-A, Laxmi Park Nangloi Delhi-110041 disowned his son Faizu Din S/o Jahur Din and his wife Nazrin W/o Faizu Din from their all immovable and movable property and severed all relations and connections from his son Faizu Din and his wife Nazrin due to their impolite and misbehave/misconduct, vagrantly and they will be not responsible for his any act. Any one dealing with him shall do so at his own risk and my clients shall not be held liable in any of their dealings with any third party in any transactions whatsoever and any other act.
Sd./- MAHIPAL SINGH(Adv.)

**सार्वजनिक सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विजेन्द्र पाल शर्मा, देवेन्द्र शर्मा एवं सुदेश शर्मा पुत्रगण स्व. परमानंद शर्मा, संपत्ति खसरा नंबर 150 खाता नंबर 01433 (00660) क्षेत्रफल 2184 वर्ग गज, (कुल रकबा 2583-36 वर्ग गज), स्थित गांव मोरटा, जिला गाजियाबाद, उ0प्र0 के मालिक है। इस संपत्ति का विवाद माननीय न्यायालय गाजियाबाद में लंबित है जिसका केस है (OS) नम्बर 642/2024 है अगर कोई भी व्यक्ति उपरोक्त सपंत्ति की खरीद-फरोख्त और किसी भी प्रकार की कोई लेन-देन करता है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाएगी।
Pramod Kr. Tyagi
Advocate

**PUBLIC NOTICE**
That my clients Mangi Lal S/o Lala Ji and his wife Champa Devi W/o Mangi Lal R/o T-419, Ground Floor Hill Marg Near Titu General Store Baljeet Nagar, Patel Nagar Delhi 110008 disowned his Son Sohan Lal S/o Sh. Mangi Lal from their all immovable and movable property and severed all relations and connections from his Son Sohan Lal due to their impolite and misbehave/misconduct, vagrantly and they will be not responsible for his any act. Any one dealing with him shall do so at his own risk and my clients shall not be held liable in any of their dealings with any third party in any transactions whatsoever and any other act.
-Sd.-Adv. MAHIPAL SINGH
Office: RZH-21/6, Nihalvihar, Nangloi Delhi-110041

**सार्वजनिक सूचना**
[illegible]
आज्ञा से,
हस्ता./-डिप्टी रजिस्ट्रार, फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स, मेरठ मण्डल, मेरठ।

**PUBLIC NOTICE**
Be it known to all that we Anuj Kumar Garg & Tarun Garg both S/o Shri Prem Sagar Gupta is going to purchase built up portion/FLAT No.1 part of property No.B-44, Khasra No.[illegible], B-Block, Vishwakarma Colony, Pul Pehladpur, New Delhi-44 First Floor (with common roof rights), area measuring 45 Sq. Yds., consisting Two Bedrooms, One Drawing Room, One Kitchen, Two Bathroom, with CAR parking at GF in common parking area, common water motor installed at GF with common underground water tank, common passage, staircase from bottom to top, separate overhead water tank installed at top floor, right to install T.V antenna on the top floor, from Hema Srivastava Wd/O Lt. Ashish Srivastava, died on [illegible] intestate leaving behind her only left legal heir (no child) R/o same flat. If any person(s) have any claim/objection over above said property shall submit their claims on anujadvocate@gmail.com with complete copies of documents relied with in 15 days from the date of publication this notice, otherwise all be treated as no objections.
-Sd./-(Anuj Kumar Garg and Tarun Garg)




### कोर्ट नोटिस

**आम सूचना**
**ब अदालत ऐ० सी० प्रथम श्रेणी मातनहेल**
श्रीमती सुशीला देवी पत्नी संजय कुमार पुत्र गोपीचन्द निवासी गांव सुरहेती वा बिस्वेदार मौजा खोरडा तह० मातनहेल जिला झज्जर ........फरीक अव्वल
बनाम
1. भरपाई पुत्री रण सिंह पुत्र जुगलाल निवासी गांव अकहेडीमदनपुर तह० मातनहेल जिला बकाम झज्जर 2. भरत सिंह (मृतक) पुत्र सुरत सिंह पुत्र शादी बजरिये कानूनी वारसान 2क. जमुना देवी विधवा 2ख. अशोक कुमार पुत्र 2ग. कविता 2घ. सुमन 2ड. नीलम पुत्रीयान भरत सिंह पुत्र सुरत सिंह निवासीयान गांव खोरडा तह० मातनहेल जिला झज्जर 3. हुकम सिंह पुत्र चलती पुत्री रण सिंह 4. सोमबीर (मृतक) पुत्र चलती पुत्री रण सिंह बजरिये कानूनी वारसान 4क. रिक्की पुत्र सोमबीर पुत्र चलती 5. सरोज 6. मुन्नी पुत्रीयान चलती पुत्री रण सिंह 7. राजवन्ती विधवा 8. विक्की पुत्र 9. निक्की पुत्री सुनील पुत्र चलती निवासीयान गांव अकहेडीमदनपुर तह० मातनहेल जिला झज्जर 10. कमला पत्नी राजबीर पुत्र तेजराम 11. महाबीर 12. जय सिंह पुत्रान रामनारायण पुत्र सुरत सिंह 13. सतवन्ती पत्नी रामनिवास पुत्र रामनारायण 14. सुमित्रा पत्नी हवा सिंह पुत्र सतनारायण 15. कप्तान पुत्र सुबे सिंह पुत्र जुगलाल 16. अजीत पुत्र राजेराम पुत्र भोलाराम 17. जलेराम 18. रामनिवास 19. छाजुराम 20. औमप्रकाश 21. राजबीर पुत्रान 22. चांदकौर पुत्री सोहन पुत्र जुगलाल 23. आशीष पुत्र राजपाल पुत्र राबीर 24. संदीप पुत्र धमेन्द्र पुत्र धारे 25. सुखकौर विधवा सुबे सिंह पुत्र जुगलाल 26. कमला पत्नी औमप्रकाश पुत्र धारे 27. रामकौर पत्नी जगराम पुत्र चन्दगीराम 28. राजकुमार 29. राजबीर 30. सतीश पुत्रान तेजराम पुत्र केशोराम 31. सुमन पत्नी औमप्रकाश पुत्र मनभर 32. सुनीता पत्नी रामनिवास पुत्र मनभर सभी निवासीयान गांव खोरडा तह० मातनहेल जिला झज्जर 33. सोनिया पत्नी विजयपाल पुत्र रामकवार निवासी गांव सुरहेती तह० व जिला झज्जर 34. मुनेश कुमारी पत्नी आशीष कुमार पुत्र अमर सिंह 35. सुमन पत्नी राजेश पुत्र करतार सिंह 36. मीना पुत्री शेर सिंह पुत्र सोहन लाल 37. नरेन्द्र 38. धमेन्द्र पुत्रान छाजु पुत्र सोहन लाल 39. सुनील (मृतक) पुत्र औमप्रकाश पुत्र सोहन लाल बजरिये कानूनी वारसान 39क. श्रीमती मोनू विधवा 39ख. वन्शीका नाबालिग पुत्री 39ग. दक्ष नाबालिग पुत्र सुनील पुत्र औमप्रकाश नाबालिगान बजरिये माता खुद वली श्रीमती मोनू 40. सुशील (मृतक) पुत्र औमप्रकाश पुत्र सोहन लाल बजरिये कानूनी वारसान 40 क. श्रीमती मोनू विधवा सुशील पुत्र औमप्रकाश सभी निवासीयान गांव खोरडा तह० मातनहेल जिला झज्जर। ........फरीक दोयम
प्रार्थीगण / फरीक अव्वल ने उपरोक्त मुकदमा इस न्यायालय में तकसीम का दायर किया हुआ है। जिसमें अराजी जाई खेवट नं0 302/266 वाका मौजा रकबा गांव खोरडा तह० मातनहेल जिला झज्जर में स्थित है। जिसकी आगामी तारिख 14.06.2024 लगी हुई है। इसके सम्मन, रजिस्ट्ड ऐ० डी० व मुनादी कराने के बाद भी कुछ फरीक दोयम पेश नही हुए है। जिनको की बजरिये पब्लिकेशन के नोटिस के आदेश माननीय अदालत से हुए है। बजरिये पब्लिकेशन सूचित किया जाता है कि बकाया फरीक दोयम को तकसीम कराने में कोई एतराज है तो तारिख पेशी दिनांक 14.06.2024 को सुबह 10 बजे असना पक्ष प्रस्तुत करने के लिए असालतन व वकालतन इस न्यायालय में हाजिर होवे। हाजिर ना होने के सुरत में एक तरफा कार्यवाही अमल में लाकर केस का निर्णय कर दिया जावेगा।
स्थान: मातनहेल
दिनांक :
ऐ० सी० प्रथम श्रेणी मातनहेल

**IN THE COURT OF PUNJAB AND HARYANA AT CHANDIGARH**
**CWP No. 17178 of 2016**
Daulat Ram ......Petitioner(s)
Versus
Presiding Officer, Industrial Tribunal Cum Labour Court-I, Gurgaon Etc. .....Respondent(s)
**Notice to:-**
**3. M/s Veer Enterprises, F-343, lado sarai, New Delhi-30 through its Manager.**
Whereas it has been proved to the satisfaction of this Court that the above named respondent cannot be served under order 5 Rule 20 of CPC in an ordinary manner so notice is hereby issued against him/her to appear in this Court on 01.08.2024(Actual). personally or through some one authorised by law failling which it will be heard and decided in their absence.
Given under my hand and seal of this Court the 23 Day of April,2024
**BY ORDER OF THE HIGH COURT OF PUNJAB AND HARYANA AT CHANDIGARH**
**Sd/-SUPERINTENDENT (WRITS)**
SEAL For **ASSISTANT REGISTRAR (WRITS)**

### पाठकों को परामर्श

पाठकों को परामर्श दिया जाता है कि वे विज्ञापनों के सम्बन्ध में कोई कार्रवाई करने से पहले तथ्यों की समुचित जांच स्वयं ही अवश्य कर लें, क्योंकि 'पंजाब केसरी' विज्ञापनदाताओं द्वारा किए गए किसी भी दावे की सच्चाई का न तो कोई आश्वासन देता है और न ही समर्थन करता है। इसलिए पाठकों को स्वयं ही अपने आधार पर सभी तथ्यों की जांच करनी चाहिए। किसी भी प्रकार के लेन-देन के लिए यह समाचार पत्र उत्तरदायी नहीं होगा।

अपने विज्ञापन के लिए चुनिए सही शीर्षक
प्लेसमेंट/कंसलटेंट
सिक्युरिटी
अकाउन्ट्स
शैक्षणिक
मार्केटिंग
होटल एण्ड रैस्टोरैंट
ऑफिस स्टाफ
फील्ड स्टाफ
टैक्निकल स्टाफ
अन्य रिक्त स्थान

# राष्ट्रीय संग्रहालय और रेल म्यूजियम को बम से उड़ाने की मिली धमकी

## आधा दर्जन से अधिक संग्रहालयों और दिल्ली के दो बड़े मेंटल हॉस्पिटल को मिला मेल

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): राजधानी दिल्ली के स्कूल व अस्पताल के बाद अब दिल्ली के संग्रहालयों में 'ई-मेल बम' फटा है। शरारती तत्वों ने राष्ट्रीय संग्रहालय और रेल संग्रहालय सहित आधा दर्जन से अधिक संग्रहालयों तथा दो मानसिक स्वास्थ्य संस्थानों इहबास (मानव व्यवहार और संबद्ध विज्ञान संस्थान) और विमहांस (विद्यासागर मानसिक स्वास्थ्य, तंत्रिका और संबद्ध विज्ञान संस्थान) को बम की धमकी वाले ई-मेल भेज हैं। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने धमकी भरे ई-मेल की पुष्टि करते हुए बताया कि सभी जगह एसओपी को फॉलो करते हुए सघन जांच की गई। कहीं भी कुछ संदिग्ध नहीं मिला है। जिसके बाद इन कॉल को फर्जी घोषित कर दिया गया।




पुलिस के मुताबिक बम की धमकी भरे ई-मेल कर्तव्य पथ स्थित राष्ट्रीय संग्रहालय, चाणक्यपुरी स्थित रेल संग्रहालय, दरियागंज स्थित गांधी संग्रहालय और अन्य कई संग्रहालय को मिले थे। जिनमें कहा गया था कि उनके परिसर में बम रखा गया है। इसके अलावा शाहदरा स्थित इहबास और लाजपत नगर स्थित विमहांस अस्पताल में भी इसी तरह की धमकी वाले ई-मेल मिले हैं। एक अधिकारी ने कहा कि इन ई-मेल के बारे में कॉल और सूचना मिलने के बाद, बम का पता लगाने वाली टीम, बम निरोधक दस्ते, डॉग स्क्वायड टीम, अग्निशमन की टीम और स्थानीय पुलिस ने प्रतिष्ठानों की सघन जांच की। मगर किसी भी स्थान से कुछ भी संदिग्ध जीच नहीं मिली। जिसके बाद इसे फर्जी थ्रेड घोषित किया गया।

यहां बता दें कि पिछले एक महीने में राष्ट्रीय राजधानी में स्कूलों और अस्पतालों सहित कई प्रतिष्ठानों को बम की धमकी वाले ईमेल मिले हैं। दिल्ली के चाचा नेहरू अस्पताल को 30 अप्रैल को बम की धमकी मिली, जबकि 1 मई को 150 से अधिक स्कूलों को रूस स्थित मेलिंग सेवा कंपनी से धमकियां मिलीं। गत 12 मई को साइप्रस स्थित मेलिंग सेवा कंपनी से ईमेल के जरिए दिल्ली के 20 अस्पतालों, आईजीआई एयरपोर्ट और उत्तरी रेलवे के सीपीआरओ कार्यालय को बम की धमकी मिली। इसके बाद 14 मई को साइप्रस स्थित इसी मेलिंग सेवा कंपनी से दिल्ली के सात अस्पतालों और तिहाड़ जेल को भी बम की धमकी मिली। गत 22 मई को नॉर्थ ब्लॉक, जिसमें गृह मंत्रालय का कार्यालय है, को बम की धमकी वाला ईमेल मिला। गत 23 मई को दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित लेडी श्री राम कॉलेज, हंसराज कॉलेज और रामजस कॉलेज सहित एक दर्जन से अधिक कॉलेजों को बम की धमकी मिली। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ईमेल बम की धमकी की जांच कर रही है।

## रेस्टोरेंट में घुसकर गन प्वाइंट पर कैश व फोन लूटा

**पूर्वी दिल्ली,** (पंजाब केसरी): नॉर्थ-ईस्ट डिस्ट्रिक्ट के वेलकम इलाके में दो बदमाशों ने एक रेस्टोरेंट में घुसकर गन प्वाइंट पर 65 हजार रुपए और तीन मोबाइल लूट लिए। वारदात को अंजाम देकर आरोपी मौके से फरार हो गए। पूरी वारदात रेस्टोरेंट में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज की मदद से वारदात को अंजाम देने वाले दोनों बदमाशों की तलाश में जुटी है। पुलिस अधिकारी के मुताबिक पीड़ित कासिफ (25) ने बताया वह बाबर पुर इलाके में परिवार के साथ रहता है। वह नजीर रेस्टोरेंट में बतौर कैशियर कार्यरत है। मंगलवार रात करीब साढ़े ग्यारह बजे वह रेस्टोरेंट बंद करने की तैयारी कर रहा था। इसी बीच रेस्टोरेंट में दो युवक आए और वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। आरोपियों ने कासिफ और उसके सहयोगी विवेक को धक्का देते हुए काउंटर में रखा कैश निकाल लिया।

## लूट का विरोध करने पर की थी बुजुर्ग महिला की हत्या, गार्ड गिरफ्तार

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच ने जाफराबाद इलाके में एक बुजुर्ग महिला की हत्या से पर्दा उठाते हुए सिक्योरिटी गार्ड को गिरफ्तार किया है। पकड़े जाने के बाद आरोपी ने खुलासा किया है कि उसने लूट का विरोध करने पर महिला की हत्या की। पुलिस ने आरोपी की पहचान घोंडा निवासी राहुल शर्मा (24) के तौर पर की है। डीसीपी क्राइम ब्रांच अमित गोयल ने बताया कि गत 14 मई को जाफराबाद पुलिस को सूचना मिली थी कि एक महिला पर जानलेवा हमला किया गया है।

पीड़िता के बेटे ने उन्हें जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। इस बाबत हत्या और लूटपाट की धाराओं में के दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई। लोकल पुलिस के अलावा क्राइम ब्रांच एंटी रॉबरी स्नैचिंग सेल (एआरएससी) की टीम भी इस कसे पर काम कर रही थी। पुलिस ने लोकल



इंटेलिजेंस की मदद ली और सीसीटीवी फुटेज खंगाले। टीम को पुख्ता सूचना मिली कि आरोपी राहुल घोंडा, जाफराबाद या फिर मौजपुर में छिपा हो सकता है। आरोपी को पकड़ने के लिए तुरंत एसीपी अरविंद कुमार की देखरेख में इंस्पेक्टर केके शर्मा के नेतृत्व में एसआई मो. सलीम खान, राज कुमार, हेड कांस्टेबल सुनीत, दीपक ललित आदि की टीम गठित की गई। टीम ने आरोपी के ठिकानों पर छापामारी करते हुए उसे दबोच लिया। इसकी निशानदेही पर लूटे गए आभूषण, चोरी में इस्तेमाल औजार और एक बाइक बरामद की है। आरोपी राहुल पर पहले भी आपराधिक मामले दर्ज हैं। वह पेशे से सिक्योरिटी गार्ड है। आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह दरवाजे और ताले तोड़ने में इस्तेमाल औजार लेकर अकेले चोरी करता है। वारदात वाले दिन बुजुर्ग महिला के घर में घुसा था। महिला ने उसे देख लिया और विरोध किया। तभी उसने लोहे के सरिया से बुजुर्ग महिला के सिर पर दो बार जोर से वार किए। महिला के बेहोश हो जाने के घर में लूटपाट की और फरार हो गया था।

**एक ही रात में अलग-अलग टीमों की कार्रवाई, सात दोपहिया वाहन बरामद**

## शालीमार बाग में वारदात की फिराक में घूम रहे थे तीन ऑटो लिफ्टर, गिरफ्तार

**पश्चिमी दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : नॉर्थ-वेस्ट डिस्ट्रिक्ट के शालीमार बाग थाना पुलिस ने तीन ऑटो लिफ्टरों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान निकेश उर्फ निक्कू (24), विकास उर्फ भूपेश (20) और देव उर्फ देवा (19) के रूप में हुई है। डीसीपी जितेंद्र कुमार मीना ने बताया कि आरोपी निकेश उर्फ निक्कू पर पहले से स्नैचिंग, डकैती, आर्म्स एक्ट, चोरी समेत 13 मामले दर्ज हैं। पुलिस ने इनके पास से तीन बाइक और चार स्कूटी बरामद की है। इनकी गिरफ्तारी के बाद पुलिस सात मामले सुलझाने का दावा कर रही है। पुलिस पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही है।

जिले में स्ट्रीट क्राइम को कम करने के लिए सभी एसएचओ को पिकेट लगाने के अलावा पेट्रोलिंग करने के निर्देश दिए गए हैं। शनिवार को एसएचओ संजीव कुमार के नेतृत्व में सीटी विकास और सीटी अमरजीत इलाके में गश्त कर रहे थे। गश्त के दौरान उन्हें स्कूटी सवार एक संदिग्ध युवक दिखाई दिया। पुलिस को देखकर उसने यू-टर्न लिया और मौके से भागने लगा। पुलिस टीम ने तुरंत आरोपी को पीछा कर दबोच लिया। स्कूटी के बारे में पूछने पर वह संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। जांच करने पर पता चला कि स्कूटी शालीमार बाग से ही चोरी की गई है।

इसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान निकेश उर्फ निक्कू के रूप में हुई। बाद में पुलिस ने उसकी उसकी निशान देही पर दो स्कूटी और एक बाइक बरामद की। आगे की जांच में पुलिस को पता चला कि वह सक्रिय बदमाश है और उस पर कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। वहीं उसी रात दूसरी सीटी शमशेर और अमरजीत इलाके में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने लोगों को 'पकड़ो पकड़ो' चिल्लाते हुए देखा। वे तुरंत हरकत में आए और स्कूटी पर सवार



आरोपियों को पकड़ने के लिए जिले की टीमें लगातार गश्त व पिकेट लगाकर वाहनों की जांच कर रही हैं। पुलिस ने हाल ही में कई आरोपियों को पकड़ा है और कई मामले सुलझाए हैं।
— जितेंद्र कुमार मीना, नॉर्थ-वेस्ट, डीसीपी

02 संदिग्ध व्यक्तियों का पीछा कर उन्हें दबोच लिया। पुलिस को मौके पर शिकायतकर्ता भी मिला। उसने पुलिस को बताया कि दोनों आरोपी उसकी स्कूटी चोरी करने की कोशिश कर रहे थे। इसके बाद पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की पहचान विकास और देव के रूप में हुई। पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि उन्होंने आसानी से पैसा कमाने के लिए अपराध करना शुरू कर दिया।

## खिलौना पिस्टल खरीद कंपनी के लूटे सात लाख, चार गिरफ्तार

**दक्षिणी दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : द्वारका डिस्ट्रिक्ट के बिंदापुर थाना पुलिस ने उत्तम नगर इलाके में कूरियर कंपनी में लूटपाट की गुत्थी को सुलझा लिया है। पुलिस ने कंपनी के कैशियर, दो डिलीवरी ब्वॉय और मैनेजर को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान सचिन कुमार (44), सचिन (22), कौशल कुमार (29) और दुर्गेश (27) के रूप में हुई है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि दोनों सचिन डिलीवरी ब्वॉय हैं, कौशल कुमार मैनेजर व दुर्गेश कैशियर है। दरअसल कंपनी के कुल कैश से दो लाख रुपये घट रहे थे। इसके चलते उसने कैश पूरा करने के लिए अन्य कर्मचारियों के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने इनके पास से लूट की रकम से 4.93 लाख रुपये बरामद की हैं। पुलिस ने इनके पास से खिलौना पिस्टल, बाइक व अन्य सामान बरामद किया है। डीसीपी अंकित सिंह ने बताया कि गत नौ जून की आधी रात को नकाबपोश और हेलमेट लगाए बदमाशों ने पिस्टल के बल पर सात लाख रुपये लूट की।

## बेगमपुर पुलिस ने सीसीटीवी की मदद से आरोपी को पकड़ा

**पश्चिमी दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : रोहिणी डिस्ट्रिक्ट के बेगमपुर थाना पुलिस ने एक चोर को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान शेखर (26) के रूप में हुई है। पुलिस ने इसके पास से एक कार बरामद की है। पुलिस पकड़े गए आरोपी से पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही है। डीसीपी जीएस सिद्धू ने बताया कि गत सात जून को शिकायतकर्ता ने अपनी मारुति सुजुकी अर्टिगा की चोरी के संबंध में पीसीआर कॉल की। इसके बाद उन्होंने ई-एफआईआर दर्ज कराई। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुट गई। आरोपियों को पकड़ने के लिए इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार के नेतृत्व में एचसी सुमित, एचसी योगेंद्र, एचसी बलराज, एचसी दिनेश और एचसी सुनील की टीम बनाई गई। टीम ने आरोपियों को पकड़ने के लिए कई सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। पुलिस ने फुटेज की मदद से आरोपी की पहचान की और उसे गुप्त सूचना के बाद गिरफ्तार कर लिया।

## मॉडल टाउन थाना पुलिस ने नाबालिग समेत चार आरोपियों को किया गिरफ्तार

**पश्चिमी दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : नॉर्थ-वेस्ट डिस्ट्रिक्ट के मॉडल टाउन थाना पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में एक नाबालिग समेत चार बदमाशों को पकड़ा है। पुलिस ने नाबालिग और राहुल दुबे (22) को तीन मोबाइल और चाकू के साथ पकड़ा है। वहीं साहिल (22) और मुस्तफा अंसारी (25) को मोबाइल और स्कूटी के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी साहिल घोषित बदमाश है और उस पर 23 मामले दर्ज हैं। राहुल पर पांच मामले दर्ज हैं। पुलिस पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही है।

डीसीपी जितेंद्र कुमार मीना ने बताया कि चारों ही आरोपियों को एसएचओ ललित कुमार की टीम ने पकड़ा है। मीना ने आगे बताया कि गत नौ जून को दोपहर करीब दो बजे शिकायतकर्ता आशिमा सिक्का पीसीआर कॉल की। उन्होंने पुलिस को बताया कि वह अपनी सहेली के घर जा रही थी। इसी दौरान स्कूटी



सवार दो लड़कों ने उनका फोन झपट लिया। वह उनके पिछले शोर मचाते हुए भाग रही थी। इसी दौरान बदमाशों की स्कूटी एक स्कॉर्पियो कार से टकरा गई और दोनों सड़क पर गिर गए। इसके बाद वह वहां से भागने लगे। इसी बीच गश्त कर रहे एचसी रोशन वहां पहुंच गए और उन्होंने आरोपी को दबोच लिया। आरोपी की पहचान साहिल के रूप में हुई। पुलिस ने इसके पास से चोरी का फोन बरामद कर लिया। आरोपियों की पहचान साहिल और मुस्तफा अंसारी के रूप में हुई।

डीसीपी ने बताया कि गत पांच जून को मॉडल टाउन थाना पुलिस को शाम करीब 5:48 बजे चाकू की नोक पर लूटपाट की सूचना मिली। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। मौके पर पहुंची पुलिस टीम को दो लड़कों को लोगों ने पकड़ा हुआ था। पूछताछ करने पर पता चला कि दोनों लड़कों ने चाकू की नोक पर पीड़ित रवि प्रकाश के साथ लूटपाट की थी। पीड़ित के शोर मचाने पर आसपास के लोगों ने उन्हें मौके पर ही दबोच लिया। बाद में बालिक की पहचान राहुल दुबे के रूप में हुई। पुलिस ने इनके पास से तीन मोबाइल और चाकू बरामद किया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि वे नशे की लत पूरी करने के लिए वारदात को अंजाम देते थे।

आचार संहिता से पहले ही ग्रामीण विकास बोर्ड ने 1387 प्रस्ताव कर दिए थे पास

# केजरीवाल सरकार 900 करोड़ से करेगी गांवों का कायाकल्प



**अब कार्यकारी एजेंसियों को 15 जून तक तैयार करना होगा एक्शन प्लानः गोपाल राय**

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): केजरीवाल सरकार दिल्ली के सभी गांवों का कायाकल्प करने पर 900 करोड़ रुपए खर्च करेगी। बुधवार को विकास मंत्री गोपाल राय ने गांवों में विकास कार्य को युद्ध स्तर पर पूरा करने के लिए ग्रामीण विकास बोर्ड और उसकी कार्यकारी एजेंसी एमसीडी और सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण विभाग के अफसरों के साथ बैठक की। उन्होंने बताया कि केजरीवाल सरकार ने गांवों के विकास के लिए 900 करोड़ रुपए आवंटित किये हैं। गांवों में विभिन्न विकास कार्य के लिए चुनाव आचार संहिता लागू होने से पहले ग्रामीण विकास बोर्ड ने 1387 प्रस्ताव पास किए थे। गोपाल राय ने कहा कि सभी एजेंसियां 15 जून तक अपना एक्शन प्लान तैयार कर लें और 19 जून को सभी विधायकों के साथ बैठक कर विकास कार्यों में आ रही समस्याओं और उसके समाधान पर चर्चा की जाएगी। 27-28 जून को कागजी काम निपटाने और विकास कार्य में तेजी लाने के लिए सभी विभाग सचिवालय में कैंप लगाएंगे। गोपाल राय ने कहा कि ग्रामीण विकास बोर्ड के तहत दो कार्यकारी एजेंसी एमसीडी और सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग विकास का काम करते हैं। इस साल दिल्ली के गांवों की सभी सड़कों के विकास को प्राथमिकता दी जा रही है। चुनाव आचार संहिता लगने से पहले हमने ग्रामीण विकास बोर्ड की बैठक की थी। उस बैठक में कई विधायकों ने अपनी-अपनी विधानसभाओं से संबंधित 1,387 प्रस्ताव बोर्ड के सामने रखे थे और बोर्ड ने सभी 1,387 प्रस्तावों को पास कर दिया था। इन कार्यों को पूरा करने के लिए तीन स्तर की प्रक्रिया होती है। पहले बोर्ड इसको स्वीकृति देता है। इसके बाद बोर्ड की कार्यकारी एजेंसियां एमसीडी और सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग इन कार्यों का टेंडर करते हैं और इसे जमीनी स्तर पर लागू करवाते हैं।

गोपाल राय ने बताया कि आज हमने बैठक करके ग्रामीण विकास बोर्ड और इससे जुड़ी सभी एजेंसियों को निर्देश दिया है कि वो 15 जून तक अपना टाइम लाइन तय करें। इन कार्यों को पूरा करने के लिए हमारे पास अक्टूबर तक का ही समय है। क्योंकि नवंबर में दिल्ली में ग्रैप लागू होता है, जो दिसंबर तक लागू रहता है। इसके बाद जनवरी में विधानसभा चुनाव की आचार संहिता लागू हो जाएगी। गोपाल राय ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि जून के महीने में सभी आधिकारिक फाइल वर्क को पूरा कर लिया जाए। जुलाई में इन कामों की टेंडर प्रक्रिया शुरु हो जाएगी और अगस्त तक इनका वर्क ऑर्डर हो जाएगा। इसके बाद सितंबर-अक्टूबर में इन कामों को पूरा कर लिया जाएगा।

## गोपाल राय की 900 करोड़ की योजना छलावाः सचदेवा



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि दिल्ली की सरकार एक छलावा सरकार है, जो पूरी दिल्ली की तरह दिल्ली देहात की जनता का भी विश्वास खो चुकी है और अब जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि अपने लगभग 10 वर्ष के शासन में आप सरकार ने दिल्ली देहात के विकास की पूरी तरह उपेक्षा की है।

दिल्ली देहात की जनता की मांग पर दिल्ली भाजपा ने और 360 गांव की पंचायत ने लम्बा संघर्ष किया और अंततः गत वर्ष प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ग्रामोदय योजना के अंतर्गत उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने डीडीए के माध्यम से दिल्ली देहात के लिए 962 करोड़ रुपए की विकास योजना स्वीकृत करवाई। केन्द्र सरकार द्वारा स्वीकृत राशि के अंतर्गत अनेक विकास परियोजनाओं की कागजी प्रशासनिक स्वीकृति कार्य भी लोकसभा चुनाव पूर्व पूर्ण हो गया था और अब आगामी एक माह में लगभग सभी परियोजनाएं न सिर्फ स्वीकृत हो जाएंगी, बल्कि अधिकांश पर कार्य भी जुलाई तक शुरू हो जाएगा। केन्द्र सरकार द्वारा दिल्ली देहात के विकास की चिंता का परिणाम है कि 2022 के नगर निगम चुनाव में दिल्ली देहात के अधिकांश निगम वार्डों में और 2024 के लोकसभा चुनाव में अधिकांश विधानसभा क्षेत्रों जनता ने भाजपा को जिताया। सचदेवा ने कहा है कि दिल्ली देहात में 962 करोड़ रुपए की केन्द्रीय विकास योजनाओं के शीघ्र प्रारम्भ होने की जानकारी पाते ही बौखलाई आप सरकार ने उसे अपनी योजना बता कर झूठा श्रेय लेने का छलावा किया है। उन्होंने कहा कि मंत्री गोपाल राय भलीभांति जानते हैं कि स्वंय एलजी ग्रामीणों से विकास परियोजनाओं पर चर्चा कर चुके हैं और दिल्ली के निवर्तमान सांसद जिलाधिकारियों के साथ एक-एक दिन का ग्रामीण प्रवास कर परियोजनाएं बना चुके हैं और जिन 1387 प्रस्तावों का जिक्र गोपाल राय ने किया है, वह सांसद एवं जिलाधिकारी ग्रामीण प्रवास में एकत्र हुए थे। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा है कि दिल्ली सरकार अब दिल्ली की जनता को और नहीं छल पाएगी।

### संक्षिप्त समाचार...

## 'बात बस्तर की' का हुआ लोकार्पण



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : डॉ. अंजली की किताब "बात बस्तर की' का आज लोकार्पण किया गया। यश पब्लिकेशन द्वारा प्रकाशित यह किताब बक्सर के आदिवासियों के जीवन पर आधारित है, जिसमें उनके जीवन की चुनौतियों, धार्मिक रूढ़ियों, परंपराओं तथा सामाजिक मान्यताओं का विश्लेषण किया गया है। इस पुस्तक का विमोचन मंडी हाउस स्थित साहित्य अकादमी सभागार में किया गया। इस अवसर पर बतौर विशिष्ट अतिथि इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कलाकेंद्र के सदस्य सचिव डॉ. सच्चिदानंद जोशी, पूर्व दिल्ली भाजपा अध्यक्ष सतीश उपाध्याय, तथा बस्तर विषय विशेषज्ञ राजीव रंजन प्रसाद उपस्थित थे। इस किताब की लेखिका डॉ. अंजली कुमारी बहुत सी राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय पत्र-पत्रिकाओं में लिखने के साथ-साथ साहित्यकारों के साथ साक्षात्कार एवं चर्चाएं करती रहती हैं। वर्तमान में डॉ. अंजली दिल्ली विश्वविद्यालय में बतौर असिस्टेंट प्रोफेसर कार्यरत हैं। पुस्तक लोकार्पण के इस कार्यक्रम की अध्यक्षता इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कलाकेंद्र के सदस्य डॉ. सच्चिदानंद जोशी द्वारा की गई। इस अवसर पर तमाम गणमान्य अतिथियों सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग भी मौजूद थे।

## बाल श्रम निषेध दिवस पर रेस्क्यू कराए बाल श्रमिक



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : बाल श्रम निषेध दिवस पर सहयोग केयर फॉर यू ने दिल्ली के सराय रोहिल्ला पुलिस स्टेशन के एरिया में आज कोतवाली एसडीएम आलोक कुमार, लेबर डिपार्टमेंट, डीसीपीओ और दिल्ली पुलिस के साथ मिलकर 19 बच्चों को बाल श्रम से मुक्त कराया, जिनमें से 9 बच्चों को पुवर्वास और शिक्षा के लिए बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया गया और 10 बच्चों को उनके मालिकों को चेतावनी देकर घर भेज दिया गया। अलग-अलग राज्यों से दिल्ली लाए गए ये सभी बच्चे 7 से 16 साल के नाबालिग हैं, जिन्हे गत्ता निर्माण, खिलौना फैक्ट्री, आयरन वर्क जैसी जगहों से छुड़ाया गया। सहयोग केयर के डायरेक्टर शेखर महाजन ने बताया की इन बच्चों से 8-12 घंटों तक काम करवाया जाता था और बदले में महज 100 रुपये से 150 रुपये दिहाड़ी के तौर पर दी जाती थी।

## दो भाइयों की रेलवे में नौकरी के नाम पर ठगे साढ़े 15 लाख

**पूर्वी दिल्ली,** (पंजाब केसरी): उत्तर-पूर्वी दिल्ली के करावल नगर इलाके में रेलवे में नौकरी के नाम पर दो भाइयों से करीब साढ़े 15 लाख रुपये की ठगी और रुपए वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने पीड़ित बंधुओं को रेलवे में नौकरी का नियुक्ति पत्र, आईकार्ड व अन्य सामान भी दिया था। मगर जब पता चला कि सब कुछ फर्जी है तो पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने इस बाबत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक पीड़ित दीपक भाटी (32) अपने परिवार के साथ दिल्ली के खजूरी खास इलाके में रहता है। इसके परिवार में पिता राजपाल भाटी भाई हितेंद्र भाटी व अन्य सदस्य हैं। दीपक और हितेंद्र बेरोजगार थे। आरोप है कि मई 2022 में दीपक की मुलाकात तन्मय मिश्रा नामक व्यक्ति से हुई। उसने खुद को करियर कंसलटेंट और जॉब प्रोवाइडर बताया था। आरोपी ने पीड़ित को झांसा देते हुए बताया कि वह स्थाई, अस्थायी और संविदा पर नौकरी लगवाता है। दीपक ने अपनी और भाई हितेंद्र की रेलवे में नौकरी की बात की। आरोपी ने आश्वासन दिया कि वह 60 हजार रुपये महीना की नौकरी लगवा देगा। बदले में उसे एक साल का वेतन और कुछ और रुपयों की जरूरत होगी। दीपक और उसका परिवार इसके लिए तैयार हो गया। धीरे-धीरे आरोपी ने पीड़ित परिवार से रुपये ऐंठना शुरू कर दिए। पहले दोनों से फॉर्म भरवाए। इसके बाद उनके पास रेलवे से फर्जी कॉल करवाई गई। बाद में इनका संजय गांधी अस्पताल में मेडिकल करवाकर दोनों को व्हाट्सएप पर नियुक्ति पत्र भेज दिए। आरोपी ने पीड़ित भाइयों से करीब साढ़े 15 लाख रुपए वसूल लिए।

## भगवंत मान ने तिहाड़ जेल में की अरविंद केजरीवाल से मुलाकात

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने बुधवार को तिहाड़ जेल में आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मुलाकात की। इस दौरान केजरीवाल की पत्नी सुनीता भी मौजूद रहीं। मुलाकात जेल के नियमों के अनुसार कराई गई। इस दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए। सीएम केजरीवाल से मुलाकात के दौरान पंजाब के सीएम ने हाल में संपन्न लोकसभा चुनावों में पार्टी के प्रदर्शन पर चर्चा की। चारी जून को आए लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद भगवंत मान और केजरीवाल के बीच यह पहली मुलाकात थी। भगवंत माने कहा कि शीशा गंदा होने के कारण केजरीवाल का चेहरा साफ दिखाई नहीं दे रहा था। दिल्ली की जनता को लेकर सीएम केजरीवाल चिंतित रहते हैं। दिल्ली के विकास के विषय में सोचते रहते हैं।

## प्रांतीय शिविर में 125 वीरांगनाओं ने लिया प्रशिक्षण




**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): रोहिणी स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर-7 में आर्य वीरांगना दल दिल्ली प्रदेश की ओर से आर्य नेता सुरेंद्र आर्य की अध्यक्षता में निर्माण एवं आत्मरक्षण शिविर का आयोन हुआ। जिसमें दिल्ली की विभिन्न बस्तियों की 125 वीरांगनाओं ने योगासन, लाठी, तलवार, स्तूप, भाला व वैदिक यज्ञ, भक्ति संगीत का प्रशिक्षण लिया। डीएवी प्रबंध कर्ती सभा के सचिव एसके शर्मा ने आर्य वीरांगनाओं को देश, धर्म, समाज व आत्म रक्षा करने की प्रतिज्ञाएं दिलाई। प्रांतीय मंत्री विभा आर्या ने शिविर में नवयुवतियों को वीरांगना बनने के लिए प्रेरित किया। दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा के महामंत्री विनय आर्य ने कहा कि महर्षि दयानंद की 200वीं जन्म जयंती अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मनाई जाएगी। केंद्रीय सभा के प्रधान सुरेंद्र रैली, प्राचार्या राजबीर कौर, वीना आर्या बृहस्पति आर्य, किरण चड्ढा, डॉक्टर रचना चावला ने भी प्रेरक विचार रखें।

## थप्पड़ मारने पर चाकू से गोदकर की हत्या तीन आरोपी गिरफ्तार

**पश्चिमी दिल्ली,** (पंजाब केसरी): नॉर्थ-वेस्ट डिस्ट्रिक्ट पुलिस ने जहांगीर पुरी स्थित पार्क में एक छात्र की चाकू गोदकर हत्या की गुत्थी 24 घंटे के भीतर सुलझाते हुए तीन आरोपियों को पकड़ लिया है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों की पहचान अभिषेक (20) नाथू (19) और देव (18) के रूप में की है। आरोपियों ने पुलिस के सामने खुलासा किया है कि उन्होंने महज थप्पड़ मारने का बदला लेने के लिए छात्र मनीष की हत्या की थी। पुलिस ने आरोपियों के पास से खून से सने कपड़े और वारदात में इस्तेमाल चाकू बरामद कर लिया है। डीसीपी नॉर्थ-वेस्ट डिस्ट्रिक्ट जितेंद्र कुमार मीना ने बताया कि मंगलवार शाम जहांगीर पुरी एच-3 ब्लॉक में नाबालिग किशोर की चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। मनीष अपने परिवार के साथ जहांगीर पुरी में रहता था। पुलिस ने आरोपियों को भलस्वा के पास से गिरफ्तार कर लिया।

## झांसा देकर बदले थे लाखों के हीरे, तीन अरेस्ट

**दक्षिणी दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : साउथ डिस्ट्रिक्ट के साकेत स्थित एमजीएफ मॉल में मौजूद हीरा शोरूम में हीरे ठगने की गुत्थी को साकेत पुलिस ने सुलझा लिया है। पुलिस ने एक रिसीवर समेत तीन आरोपियों को पकड़ा है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान सागर गुप्ता (37). चंद्रशेखर (44) और मधुसूदन अग्रवाल (54) के रूप में हुई है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपियों हीरे खरीदने से पूर्व करोल बाग में उनकी जांच करने के लिए कहा था। इसके बाद असली हीरे को नकली हीरों से बदल दिया। इसके बाद शोरूम के कर्मचारी के साथ गाली-गलौज कर फरार हो गए थे। पुलिस ने इनके पास से हीरे बरामद किए है। पुलिस पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही है।

डीसीपी अंकित चौहान ने बताया कि गत छह जून को शाम करीब 6.15 बजे एक पीसीआर कॉल मिली। जिसके बाद टीम ने कार्रवाई की।

## दिल्ली में हीट वेव का अलर्ट, बारिश के लिए करना होगा इंतजार



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली-एनसीआर में आसमान से सूरज आग बरस रहा है। चिलचिलाती गर्मी व लू के थपेड़ों ने हाल बेहाल किया हुआ है। बुधवार को भी चुभती गर्मी और लू ने जीना मुश्किल किया। गर्मी और लू का ऐसा असर रहा कि राजधानी के अधिकतर इलाकों में तापमान 44 डिग्री के पार ही दर्ज हुआ। जबकि नजफगढ़ व नरेला जैसे इलाकों में तापमान 47 डिग्री से अधिक दर्ज हुआ। गर्मी के इस सितम से अभी राहत के संकेत नहीं है। अभी 18 जून तक भीषण गर्मी ऐसे ही पसीने छुड़ाएगी और लू परेशान करेगी। महीने के अंत तक ही दिल्ली में मानसून दस्तक दे सकता है। दूसरी तरफ दिल्ली का नजफगढ़ इलाका सबसे गर्म रहा, यहां तापमान47.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। नरेला में तापमान 47.5 डिग्री सेल्सियस रहा। पीतम पुरा, पूसा, जाफरपुर, रिज जैसे इलाकों में तापमान 46 डिग्री के पार रहा।

तापमान की मार के साथ-साथ लाखों लोगों को पानी के लिए भी 'तरसना' पड़ रहा है। ऐसे में दिल्लीवाले बेसब्री से बारिश का इंतजार कर रहे हैं। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) की वैज्ञानिक सोमा सेन ने बताया कि एक पश्चिमी विक्षोभ गुजर चुका है। इसके बाद आसमान साफ हो गया है। पश्चिमी विक्षोभ से आसमान में बादल छा जाते हैं जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की जाती है। ऐसे में इसके गुजरने के बाद अभी भारत के उत्तरी बेल्ट में हीटवेव का दौर जारी रहेगा।

**गुमशुदा/अपहृत की तलाश**



आरती कनौजिया

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की जिसका नाम **आरती कनौजिया D/o दया राम, R/o** 1758, गली नं. 10, राजगढ़ कलोनी, कृष्णा नगर, दिल्ली जो दिनांक 09.06.2024 को अपने छोटे भाई गणेश के घर म.न. 4241, गली नं. 10, अजीत नगर, थाना क्षेत्र, गांधी नगर, दिल्ली से लापता है। इस संदर्भ में एक डीडी सं. 44ए दिनांक 09.06.2024 पुलिस थाना गांधी नगर, दिल्ली में दर्ज हैं।

गुमशुदा लड़की का ब्यौरा इस प्रकार है :

**नाम** : आरती कनौजिया **पिता का नाम** : दया राम, **उम्र** : 20 साल, **कद** : 5 फुट 1 इंच, **रंग** : साफ, **चहेरा** : लम्बा, **शरीरः** पतला, **पहनावा** : फिरोजी रंग की सूट–सलवार पहन रखी है और हाथ में लाल रंग का थैला है।

अगर किसी व्यक्ति को इस बारे में कोई जानकारी/सूचना मिले तो कृपया निम्नलिखित फोन नम्बरों पर सूचित करें।

वेबसाइट : http://cbi.nic.in
ई–मेल : cic@cbi.gov.in
फैक्स : 011-24368639
फोन : 011-24368638, 24368641

थानाध्यक्ष
थाना : गांधी नगर, दिल्ली
फोनः 011-22072761, 7065036024

DP/7237/SHD/2024

## अतिक्रमण के खिलाफ जामिया नगर में चला निगम का बुलडोजर

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के जामिया नगर में अवैध निर्माणों को ध्वस्त करने के लिए बुलडोजर के साथ अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया गया। इस दौरान पर्याप्त मात्रा पुलिस बल सहित अन्य सुरक्षाकर्मी मौजूद रहे। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर डीडीए व एमसीडी द्वारा की गई कार्रवाई में मुरादी रोड, बाटला हाउस, ओखला में संपत्ति संख्या ई4, ई5, ई7 और आई101 पर संयुक्त रूप से ध्वस्तीकरण अभियान चलाया गया। इस कार्रवाई का उद्देश्य प्रस्तावित सड़क-चौड़ीकरण परियोजना के लिए रास्ता साफ करना था।

## जमानत के लिए बिभव ने किया हाईकोर्ट का रुख



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल के साथ मारपीट के आरोपी सीएम अरविंद केजरीवाल के पीए बिभव कुमार ने जमानत के लिए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। बुधवार को दिल्ली हाईकोर्ट में दाखिल अपनी याचिका में बिभव कुमार ने मालीवाल के आरोपों को मनगढ़ंत बताते हुए जमानत देने की मांग की है। बिभव कुमार की याचिका पर कोर्ट शुक्रवार को सुनवाई कर सकती है। बता दें कि इससे पहले दिल्ली की तीस हजारी कोर्ट दो बार बिभव कुमार की जमानत अर्जी को खारिज कर चुकी है। गौरतलब है कि राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने आरोप लगाया था कि 13 मई को जब वो सीएम अरविंद केजरीवाल के आवास पर गई थी तब उनके साथ बिभव कुमार ने मारपीट की थी। 17 मई को स्वाति मालीवाल ने इस मामले में दिल्ली पुलिस में केस दर्ज कराया था।

## 100 दिनों की कार्ययोजना पर शिवराज सिंह चौहान की बैठक



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प अनुसार, 100 दिनों की कृषि कार्ययोजना के संबंध में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से विस्तार से चर्चा की। इस दौरान श्री चौहान ने अधिकारियों से कहा कि वे अपना पूरा फोकस किसानोन्मुखी कार्यों पर करें ताकि देश के किसानों और कृषि क्षेत्र के निरंतर विकास के लिए प्रधानमंत्री मोदी की संकल्पना के मुताबिक तेजी से काम किया जा सकें। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में, पहले 100 दिनों की विभागीय कार्ययोजना के सभी पहलुओं को समझने के साथ ही देश के कृषि क्षेत्र की मजबूती तथा किसानों के दुःख-दर्द को कम करने के लिए सशक्तता के साथ कदम उठाने के लिए दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसान भाइयों-बहनों को गुणवत्तापूर्ण खाद-बीज आदि आदानों की उपलब्धता प्राथमिकता से सुनिश्चित की जानी चाहिए, इस संबंध में उन्हें कहीं-कोई परेशानी नहीं आनी चाहिए, इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए। बैठक में, वरिष्ठ अधिकारियों ने विभागवार योजनाओं की प्रस्तुतियां दी। बैठक में कैबिनेट मंत्री चौहान के साथ केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर तथा भागीरथ चौधरी और कृषि सचिव मनोज अहूजा व कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग (डेयर) के सचिव एवं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के महानिदेशक डा. हिमांशु पाठक भी उपस्थित थे।

**नौएडा** | **नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
मुख्य प्रशासनिक भवन, सैक्टर–6, नौएडा–201301, उ0प्र0
वेबसाइट : www.noidaauthorityonline.in

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

UPLC लखनऊ में पंजीकृत फर्मो/ठेकेदारों से निम्न जॉब संख्याओं हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है, जिन्हे निम्नानुसार तिथियों तक अपलोड किया जा सकता है एवं प्राप्त ई–निविदाओं को उनके सम्मुख दर्शायी गई तिथियों पर खोला जायेगा। निविदा सम्बन्धी समस्त विवरण व शर्तें नौएडा प्राधिकरण की वेबसाईट **www.noidaauthoritvonline.in** एवं UPLC की वेबसाईट **http://etender.up.nic.in.** पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिये उक्त वेबसाईट देखते रहें।

(क)
1. **51/व0प्र0(जल)–I/ई0टी0/2023–24,** उपकरण एवं मशीनरी (जल खण्ड–प्रथम के अन्तर्गत सीवर क्लीनिंग मशीनों की द्विवार्षिक आधार पर मरम्मत/अनुरक्षण का कार्य) नौएडा। **लागत ₹ 38.48 लाख**

**जिन्हे दिनांकः– 26.06.2024 को सांय 5.00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई–निविदाओं की प्री–क्वालिफिकेशन दिनांक–27.06.2024 को प्रातः 11.00 बजे खोली जायेगी।**

(ख)
1. **23/व0प्र0(जल)–II/ई0टी0/2023–24,** सैक्टर–164, नौएडा में आन्तरिक/बाह्य जलापूर्ति (यू0जी0आर0) कम्पाउण्ड का विकास कार्य और वाटर वर्कस कम्पाउण्ड के लिए चारदीवारी का निर्माण कार्य और पम्प हाउस का निर्माण कार्य, नौएडा। **लागत ₹ 75.94 लाख**
2. **28/व0प्र0 (जल)–II/ई0टी0/2023–24,** सीवर अनुरक्षण (सैक्टर–22, 23, 24 में मैनहोल कवर फ्रेम लगाने, सफाई, एम0एस0 जाल एवं सीवर लाईन सम्बन्धित कार्य) (दो वर्ष के लिए), नौएडा। **लागत ₹ 64.77 लाख**
3. **07/व0प्र0 (जल)–III/ई0टी0/2023–24,** जलापूर्ति अनुरक्षण के अन्तर्गत सैक्टर–82, 92, 93, 93बी एवं ग्राम गेझा में द्विवार्षिक आधार पर जलाशय की सफाई एवं पी–ग्रेविल की आपूर्ति का कार्य। **लागत ₹ 56.30 लाख**
4. **13/व0प्र0 (जल)–III/ई0टी0/2023–24,** जलापूर्ति अनुरक्षण के अन्तर्गत सैक्टर–96 जलकल परिसर रेनीवैल सं0–5, 126 (124 व 125), 127, (126, 127), 43, 44 एवं 45 के अपर जलाशय/बूस्टर की सफाई का कार्य एवं सैक्टर–42, 43, 44, 45 एवं सदरपुर के नेटवर्क में नलकूपों के रि–डवलपमेंट व पी–ग्रेविल का कार्य, (दो वर्ष के अनुरक्षण हेतु)। **लागत ₹ 77.93 लाख**
5. **24/व0प्र0 (जल)–III/ई0टी0/2023–24,** जलापूर्ति अनुरक्षण के अन्तर्गत द्वि–वार्षिक सैक्टर–126, 125, 127 के नेटवर्क में वी.टी. मोटर के मरम्मत एवं मिश्रित विद्युत कार्य। **लागत ₹ 39.53 लाख**
6. **27/व0प्र0 (जल)–III/ई0टी0/2023–24,** सैक्टर–42 में आवंटित पाँच प्रतिशत आबादी 51 में आवंटित पाँच प्रतिशत आबादी एवं बरौला में आवंटित पाँच प्रतिशत आबादी में (शेष कार्य) जलापूर्ति एवं सीवर लाईन बिछाने का कार्य, नौएडा। **लागत ₹ 43.27 लाख**
7. **14/एस0एम0 (जल–बा0सं0) /2023–24,** जल मल शोधन संयत्र का अनुरक्षण एवं संचालन (सैक्टर–50 स्थित जल मल संयत्र परिसर में कवर्ड भूमिगत जलाशय की वार्षिक सफाई एवं तल में जमी हुई सेडीमेन्ट/सिल्ट को सुपर सकर मशीन से सफाई का कार्य) सैक्टर–50 एस0टी0पी0, नौएडा। **लागत ₹ 31.00 लाख**

**जिन्हे दिनांकः– 19.06.2024 को सांय 5.00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई–निविदाओं की प्री–क्वालिफिकेशन दिनांकः– 20.06.2024 को प्रातः 11.00 बजे खोली जायेगी।**

कार्यालयः सैक्टर–05
महाप्रबन्धक (जल) नौएडा

स्वच्छ, हरित, सकुशल, सुरक्षित नौएडा

**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, एन0आर0ई0पी0, लातेहार**

**ई– निविदा आमंत्रण सूचना**

अति अल्पकालीन ई–पुनर्निविदा संख्या :– 01/2024-25/EE/NREP/LATEHAR

दिनांक : 12.06.2024

| क्र0 | आईडेंटी फिकेशन सं0/पैकेज सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की तिथि | टेन्डर कॉल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | NREP/LATEHAR/1/2024-25 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखंड– लातेहार के पंचायत–परसही में उ0म0 विद्यालय से कृषि फार्म जगु भुईया के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण | 99,77,468.00 | निन्यानबे लाख सतहतर हजार चार सौ अडसठ रु0 मात्र | 06 माह | द्वितीय |
| 2 | NREP/LATEHAR/2/2024-25 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखंड– बरवाडीह के पंचायत–छेंचा में RCD पथ क्लब के पास से पठानटोला होते हुए होरी–लौंग पथ तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण | 36,70,700.00 | छत्तीस लाख सत्तर हजार सात सौ | 03 माह | द्वितीय |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 21.06.2024
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 01.07.2024 अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 03.07.2024 अपराह्न 03:30 बजे।
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता, कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0, लातेहार पिन – 829206।
5. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 – 6205174469

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता
एन0आर0ई0पी0, लातेहार

PR.NO.326083 Rural Development(24-25):D

**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
YEIDA FUTURE IS HERE
प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स, ओमेगा–1, (पी–2), ग्रेटर नौएडा,
Toll Free No. 18001808296 वेबसाइटः www.yamunaexpresswayauthority.com

पत्रांकः वाई0ई0ए0/GM(P)/2024/908 | दिनांकः 11.06.2024

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्र सरकार/राज्य सरकार/केन्द्र शासित/अर्द्धशासिक/सार्वजनिक उपक्रमों के कार्यो का कम से कम चार वर्ष का अनुभव रखने वाले ठेकेदारों/फर्मो से ई–निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं। ई–प्रीक्योरमेंट सोल्यूशन द्वारा निविदायें द्विस्तरीय पद्धति से खोली जायेंगी।

कार्यालय आदेश संख्याः वाई.ई.ए./GM(P)/2024/907 दिनांक 11.06.2024 के अनुपालन में यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण की कार्यों में संविदाकार द्वारा बिल ऑफ क्वान्टिटी (बी.ओ.क्यू.) पर डाले गये 10 प्रतिशत कम दरों तक 0.5 प्रतिशत प्रति एक प्रतिशत कम दर पर तथा उसके पश्चात् 10 प्रतिशत से अधिक कम दरों पर 1.00 प्रतिशत प्रति एक प्रतिशत कम दर पर सिक्योरिटी/परफॉर्मेन्स गारन्टी प्राप्त की जायेगी तथा परफॉर्मेन्स गारन्टी एफ.डी.आर./सी.डी.आर./बैंक गारन्टी/एन.एस.सी. के रूप में न्यूनतम संविदाकार द्वारा अनुबन्ध गठन से पूर्व देनी होगी, जो कार्य के अन्तिम बीजक होने के बाद वापिस होगी।

| क्रम सं. | कार्य का नाम/वर्क सर्किल | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 1 | Construction of Temporary Approach road/Diversion road for P.W.D. road to Sector road in Sector-33 yeida WC-03 | रु. 04.26 लाख |
| | जिन्हें दिनांक **14.06.2024** से **20.06.2024** को **5:00 बजे** तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई–निविदाओं की प्री–क्वालीफिकेशन दिनांक **21.06.2024** को प्रातः **11:00 बजे** खोली जायेगी। | |
| 2 | Providing and fixing dry Brick (Kharanja) from Primary School to 120.00 Mtr. road and interlocking tiles in Village – Dhanori Khurd YEA WC–06 | रु. 12.47 लाख |
| 3 | D/o park pocket 2B & 2C Sector-18 with two year maintenance yea WC - Horti | रु. 37.37 लाख |
| 4 | M/o yeida Nursery & Supply of Labour & Material in yeida nursery for two year yeida WC-Horti | रु. 72.03 लाख |
| 5 | Providing and Erecting a W-beam crash barrier at ch. 24.40 for ramp – A & C on Yamuna Expressway YEA WC–01 | रु. 77.20 लाख |
| 6 | Renovation of External and Internal Work in YEIDA office Building WC-Asset | रु. 86.24 लाख |
| 7 | Modification and Maintenance Under Operation Kayakalp for J.H.S. and P.S. School in (Zone-02) group B yeida WC–06 | रु. 89.35 लाख |

जिन्हें दिनांक **14.06.2024** से **24.06.2024** को **5:00 बजे तक** अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई–निविदाओं की प्री–क्वालीफिकेशन दिनांक **25.06.2024** को प्रातः **11:00 बजे** खोली जायेंगी।

**महाप्रबन्धक (परियोजना)**

# 'गैर हिंदुओं' को नहीं बेचें संपत्ति, जयपुर के एक इलाके में घरों पर लगे पोस्टर

**जयपुर,** (पंजाब केसरी): जयपुर के भट्टा बस्ती थाना क्षेत्र के शिवाजी नगर के कुछ घरों पर बुधवार को पोस्टर लगे दिखाई दिये, जिसमें कहा गया है कि 'गैर-हिंदुओं' को घर नहीं बेचे जाने चाहिए। इन पोस्टरों में हिंदू समुदाय के लोगों से पलायन रोकने की भी अपील की गई है। कुछ स्थानीय लोगों ने एक टीवी चैनल को बताया कि उन्होंने अपनी मर्जी से अपने घरों पर पोस्टर चिपकाए हैं ताकि अपने इलाके के लोगों से गैर-हिंदू लोगों को अपना घर न बेचने की अपील की जा सके। संपर्क करने पर, भट्टा बस्ती थानाधिकारी कैलाश ने पोस्टर लगाये जाने की पुष्टि की और कहा कि लोगों ने अपने घरों पर पोस्टर चिपकाये हैं और इस बारे में अब तक कोई शिकायत नहीं मिली है। सर्व हिंदू समाज के नाम से लगाये गये सभी पोस्टर में हिंदी में लिखा है कि सनातनियों से अपील, पलायन को रोकें। सभी सनातन भाइयों बहनों से निवेदन है कि अपना मकान गैर-हिंदुओं को ना बेचें। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि इलाके का माहौल उनके लिए प्रतिकूल होता जा रहा है क्योंकि जो लोग आकर मकान खरीद कर उनमें रहने लगे हैं, उनमें से कई लोग उपद्रव मचा रहे हैं, जिससे महिलाओं और लड़कियों को परेशानी हो रही है। उन्होंने बताया कि उनकी गलियों में बदमाश घूमते रहते हैं और युवकों की टोली जमा हो जाती है और जब स्थानीय लोग विरोध करते हैं तो वे झगड़ा करने लगते हैं। एक स्थानीय व्यक्ति ने बताया कि इस स्थिति के कारण, हमने अपने घरों के बाहर पोस्टर चिपकाने का फैसला किया, जिसमें लोगों से अपील की गई कि वे अपने घर गैर-हिंदू को न बेचें।


## उत्तर पश्चिम रेलवे

**ई–निविदा सूचना**

भारत संघ के राष्ट्रपति एवं उनकी ओर से उप. मुख्य बिजली इन्जीनियर (निर्माण) उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर के अधीन निम्नलिखित कार्यों के लिये दी गई तिथि को 15.00 बजे तक ई– निविदा आमंत्रित की जाती है: **1. कार्य का नाम:** Tender No- EL/C/JP/NMH-BI/T05-R/2023-24 नई लाइन कार्य के संबंध में नीमच–बड़ी सादड़ी खंड में 2x25 केवी ओएचई प्रणाली के रेलवे विधुतीकरण कार्य का डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग; **2. कार्य की अनुमानित लागत:** रू. 216182644.00; **3. बयाना राशि जो जमा करनी है:** रू. 1230900.00; **4. कार्य पूर्ण होने की तिथि:** 18 Months; **5. निविदा प्रपत्र जमा कराने व खुलने की तारीख व समय:** 05.07.2024 Upto15:00 Hrs. 05.07.2024 at 15:30 Hrs. **6. उपरोक्त ई निविदा की विस्तृत जानकारी के लिये वैबसाइट का पता:** www.ireps.gov.in

682-AD/24

हमें /NWRailways पर फॉलो करें



## उत्तर मध्य रेलवे

**शुद्धि पत्र**

**शुद्धि पत्र : निविदा संख्या 2024-मई-05-04**

अपरिहार्य कारणों से निविदा संख्या 2024-मई- 05-04 निरस्त की जाती है।

941/24 (AN)

www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR


# जम्मू कश्मीर में आतंकवाद खत्म करने का एकमात्र तरीका पाकिस्तान से बातचीत : फारूक

**श्रीनगर,** (पंजाब केसरी) : नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने बुधवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद उस समय तक खत्म नहीं होगा, जब तक पाकिस्तान से बातचीत नहीं की जाती। अब्दुल्ला की यह टिप्पणी जम्मू में पिछले तीन दिन में हुए तीन आतंकवादी हमलों के बाद आई है। फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि मैंने हमेशा कहा है कि जब तक दोनों देशों (भारत एवं पाकिस्तान) के बीच समझ नहीं बनती, आतंकवाद खत्म नहीं होगा। आतंकवाद जारी रहेगा और हमें इसका सामना करना होगा। दुखद बात यह है कि निर्दोष लोग मारे जा रहे हैं... और यह दुर्भाग्यपूर्ण है।

जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि जब तक हम नहीं जगेंगे।

# खालिस्तानी बताकर सिख युवक पर जानलेवा हमले में एक्शन



**कैथल,** (पंजाब केसरी) : सोमवार की रात एक सिख युवक सुखविंदर सिंह को खालिस्तानी कहकर उस पर जानलेवा हमला करने के मामले में पुलिस ने दो हमलावरों पर 10 हजार रुपये का इनाम रखा है। मामले की संजीदगी को देखते हुए एसपी उपासना ने डीएसपी गुरविंदर सिंह के नेतृत्व में एक पांच सदस्यीय एसआईटी गठित की है। सीआइए-वन और टू की टीमें अलग से आरोपितों की धरपकड़ के लिए जुटी है बुधवार को हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के अध्यक्ष भूपिंद्र सिंह असंध और पूर्व अध्यक्ष धर्म प्रचारक जत्थेदार बलजीत सिंह दादूवाल अस्पताल पहुंचे। उन्होंने घायल सुखविंदर का हालचाल जाना और घटना की पूरी कहानी उसी की जुबानी सुनी। साथ ही उसके इलाज व केस पैरवी का पूरा खर्च उठाने की घोषणा की। वकील कमेटी की ओर से खड़ा किया जाएगा। दूसरी तरफ, घटना के समय मौके पर पहुंच कर सुखविंदर की जान बचाने वाले राजू दुल पाई को गुरुद्वारा मंजी साहिब में कमेटी के अध्यक्ष और पूर्व अध्यक्ष ने सिरोपा भेंट कर सम्मानित भी किया। भूपिंद्र सिंह असंध ने पुलिस से मांग की कि हमलावर युवकों पर धारा 307 के तहत केस दर्ज करके कार्रवाई की जाए। जब तक वह जेल नहीं जाएंगे तब तक सिख शांति से नहीं बैठेंगे।

# रेणुकास्वामी को दर्शन ने बेल्ट से पीटा था

**बेंगलुरु,** (पंजाब केसरी) : कर्नाटक में अभिनेता दर्शन थूगुदीप से जुड़े रेणुकास्वामी हत्याकांड की जांच के दौरान पुलिस को चौंकाने वाली जानकारी मिली है। पुलिस को पता चला है कि रेणुकास्वामी की कथित तौर पर बेल्ट से पिटाई की गई और फिर एक दीवार पर दे मारा गया, जिससे उसकी मौत हो गई। हत्या के सिलसिले में मंगलवार को प्रमुख कन्नड़ अभिनेता थूगुदीप, उनकी करीबी मित्र पवित्रा गौड़ा और 11 सहयोगियों को गिरफ्तार किया गया था। दर्शन (47) के प्रशंसक चित्रदुर्ग के जिला मुख्यालय शहर के निवासी रेणुकास्वामी ने कथित तौर पर अभिनेत्री गौड़ा के सोशल मीडिया अकाउंट पर टिप्पणी कर उनपर अभिनेता व उनकी पत्नी के बीच दरार पैदा करने का आरोप लगाया था। पुलिस सूत्रों के अनुसार, रेणुकास्वामी ने कथित तौर पर अभद्र भाषा का भी इस्तेमाल किया था और आपत्तिजनक संदेश पोस्ट किए थे। दर्शन, मुख्य आरोपी गौड़ा और अन्य आरोपियों को बुधवार को घटनास्थल का निरीक्षण करने के लिए पटनागेरे ले जाया गया, जहां अपराध हुआ था। दर्शन गौड़ा की सोशल मीडिया पोस्ट पर रेणुकास्वामी (33) के टिप्पणी करने से क्रोधित हो गए थे। सूत्रों ने दावा किया कि पवित्रा ने ही दर्शन को रेणुकास्वामी को दंडित करने के लिए उकसाया था।

# जद(यू)-टीडीपी सांसदों की खरीद-फरोख्त होगी: गहलोत

**जयपुर,** (पंजाब केसरी) : राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बुधवार को आरोप लगाया कि अगर भाजपा लोकसभा अध्यक्ष का पद अपने पास रखती है तो तेलुगु देशम पार्टी और जदयू को अपने सांसदों की खरीद-फरोख्त देखने के लिए तैयार रहना चाहिए। गहलोत ने कहा कि यदि भाजपा के मन में आगे जाकर कोई भी अलोकतांत्रिक कृत्य करने का इरादा नहीं है तो लोकसभा अध्यक्ष का पद किसी सहयोगी दल को ही देना चाहिए। उन्होंने कहा कि गठबंधन धर्म को निभाते हुए 1998 से 2004 तक अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में तेदेपा एवं शिवसेना के तथा संप्रग सरकार में 2004 से 2009 तक माकपा के लोकसभा अध्यक्ष रहे और सदन का बेहतर संचालन हुआ। कांग्रेस नेता ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''लोकसभा अध्यक्ष पद के चुनाव की ओर केवल तेदेपा एवं जद(यू) ही नहीं बल्कि पूरे देश की जनता उत्सुकता से देख रही है। यदि भाजपा के मन में आगे जाकर कोई भी अलोकतांत्रिक कृत्य करने का इरादा नहीं है तो उन्हें लोकसभा अध्यक्ष का पद किसी सहयोगी दल को ही देना चाहिए।'' उन्होंने आगे कहा कि ''तेदेपा और जद(यू) को महाराष्ट्र, कर्नाटक, मध्यप्रदेश, गोवा, मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश एवं राजस्थान में भाजपा द्वारा किए गए सरकार गिराने के षड्यंत्रों को नहीं भूलना चाहिए। इनमें से कई राज्यों में तो अध्यक्ष की भूमिका के कारण ही सरकार गिरी और पार्टियां टूटीं।

# पुणे कार दुर्घटना मामला: किशोर की हिरासत 25 तक बढ़ी

**पुणे,** (पंजाब केसरी) : किशोर न्याय बोर्ड (जेजेबी) ने पिछले महीने पुणे में कार दुर्घटना में दो आईटी इंजीनियरों की मौत से संबंधित मामले में कथित तौर पर शामिल 17 वर्षीय किशोर की निगरानी गृह हिरासत बुधवार को 25 जून तक के लिए बढ़ा दी। पुणे पुलिस ने अभियोजकों के माध्यम से किशोर की सुरक्षा का हवाला देते हुए उसे 14 दिन के लिए निगरानी गृह में रखने का अनुरोध किया। वह 12 जून तक निगरानी गृह में था। उन्होंने बोर्ड को यह भी बताया कि फिलहाल किशोर की रिहाई से मामले की जांच तथा अन्य संबंधित मामलों में बाधा उत्पन्न हो सकती है।

# मंत्रियों के कामकाज की समीक्षा करेंगे सीएम विष्णु देव

- 13 जून से विभागवार करेंगे चर्चा, परफार्मेंस पर भी रहेगी नजर

**रायपुर,** (आशीष शर्मा/पंजाब केसरी): मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 13 जून से विभागों की समीक्षा शुरू कर रहे हैं। इस दौरान बीते 6 माह में मंत्रियों के कामकाज का आकलन होगा। वही परफॉर्मेंस के आधार पर रिपोर्ट कार्ड भी तैयार की जाएगी। इतना ही नहीं बल्कि संकल्प पत्र के वादों के साथ मोदी के गारंटी को पूरा करने पर भी जोर होगा। मंत्रालय से लेकर मैदानी विभागों तक योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर भी जोर दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री एक-एक मंत्रियों के साथ उनके विभागों के कामकाज पर चर्चा करेंगे। वहीं पूरी रिपोर्ट के आधार पर अब तक के हुए कामकाज पर पूरा ब्यौरा भी लेंगे। मुख्यमंत्री की समीक्षा से पहले प्रशासनिक स्तर पर तैयारी लगभग पूरी हो गई है। मुख्य सचिव ने सभी विभागों के सचिवों से इस संबंध में पूरी रिपोर्ट मंगा ली है। यह भी देखा जाएगा कि मैदानी स्तर पर क्रियान्वयन में कहां कमी हो रही है, वहीं कहां खामियां हैं, जिसे दूर कर लिया जाए। दूसरी तरफ इस वर्ष के अंत में छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय के चुनाव होने हैं। नगरीय निकाय चुनाव से पहले भाजपा कामकाज में कसावट लाने पर जोर दे रही है। विशेष तौर पर नगरीय प्रशासन विभाग के कामकाज और शहरी क्षेत्र के लोगों की सुविधाओं को बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। इस मामले में समीक्षा के बाद विभाग से संबंधित कई बड़े फैसले भी लिए जाएंगे। मूलभूत सुविधाओं के साथ शहरी स्तर पर सुविधाओं में भी इजाफा होगा।


## उत्तर मध्य रेलवे

निविदा सूचना सं.: 3520242025 Dated 08/06/2024

**ई-निविदा सूचना**

मण्डल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित निर्धारित कार्य के लिये ई-निविदाएं प्रपत्र पर दिनांक 03.07.2024 को 13:30 बजे तक आमंत्रित की जाती है। कार्यों का विवरण निम्न प्रकार है :-

**निविदा नं. : 85 | अनुमानित मूल्य (रू.) : 2,33,94,946.83 | बयाने की रकम (रू.) : 2,67,000.00**

**कार्यों का विवरण : कानपुर-सेन्ट्रल :-** सहायक मण्डल अभियन्ता/मुख्यालय/द्वितीय/ कानपुर के अन्तर्गत अतिक्रमण/अतिक्रमण को रोकने के लिए आर.सी.सी. चारदीवारी के निर्माण का कार्य।

**निविदा नं. : 86 | अनुमानित मूल्य (रू.) : 2,33,94,946.83 | बयाने की रकम (रू.) : 2,67,000.00**

**कार्यों का विवरण : कानपुर-सेन्ट्रल :-** सहायक मण्डल अभियन्ता/ मुख्यालय/प्रथम/कानपुर के अन्तर्गत संवेदनशील स्थानों पर अतिक्रमण/अतिक्रमण को रोकने के लिए आर.सी.सी. चारदीवारी के निर्माण का कार्य।

**कार्य समापन की अवधि :** 06 माह, **निविदा खुलने की तिथि : 03.07.2024, इलिजिबिलिटी क्राइटएरिया के अन्तर्गत सिमिलर कार्य :** कोई सिविल इंजीनियरिंग कार्य, जिसमे अन्य कार्यों के बीच आर.सी.सी. कार्य शामिल हो, **नोट :** 1. आन लाइन निविदा निविदा दिनांक **03.07.2024** को 13:30 बजे तक प्रस्तुत की जा सकती है। 2. उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण (निविदा प्रपत्र सहित) वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर समय 13:30 बजे टेण्डर खुलने की तिथि **03.07.2024** तक उपलब्ध है।

1005/24 (AN)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @northcentralrailway @CPRONCR



## राज्य बाल संरक्षण समिति, छत्तीसगढ़
## संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग छत्तीसगढ़

इन्द्रावती भवन, ब्लॉक 01, तृतीय तल, अटल नगर, रायपुर (छ.ग.)

दूरभाष क्रमांक 0771-2234192, 2234188 (Fax) email: dirwed@nic.in

किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 यथा संशोधित 2021 तथा किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) आदर्श नियम 2016 यथा संशोधित 2022 के प्रावधानों के अनुसार किशोर न्याय बोर्ड में सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा बालक कल्याण समितियों में रिक्तियों की पूर्ति हेतु अध्यक्ष एवं सदस्यों का चयन कर समिति का गठन/पुनर्गठन किया जाना है। इस हेतु निर्धारित अर्हताओं/अनर्हताओं के प्रकाश में पात्र आवेदकों से दिनांक 15.07.2024 तक आवेदन आमंत्रित हैं।

**1. बालक कल्याण समिति के अध्यक्ष तथा सदस्य की रिक्तियों का विवरण-**

| क्र. | जिले का नाम | रिक्त संख्या: अध्यक्ष | रिक्त संख्या: सदस्य | मानदेय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | गौरेला-पेंड्रा-मारवाही | रिक्त-01 | रिक्त-04 (01 महिला) | 2000/-प्रति बैठक/शासन द्वारा निर्धारित मानदेय |
| 2 | सारंगढ़-बिलाईगढ़ | रिक्त-01 | रिक्त-04 (01 महिला) | |
| 3 | सक्ति | रिक्त-01 | रिक्त-04 (01 महिला) | |
| 4 | खैरागढ़-छुईखदान-गंडई | रिक्त-01 | रिक्त-04 (01 महिला) | |
| 5 | मोहला-मानपुर-अं.चौकी | रिक्त-01 | रिक्त-04 (01 महिला) | |
| 6 | भरतपुर मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी | रिक्त-01 | रिक्त-04 (01 महिला) | |
| 7 | सुकमा | रिक्त-01 | - | |
| 8 | दंतेवाड़ा | - | रिक्त-1 | |
| 9 | कोण्डागांव | - | रिक्त-2 | |
| 10 | महासमुंद | - | रिक्त-1 | |
| | कुल योग :- | 07 | 28 | |

**2. किशोर न्याय बोर्ड के लिए सामाजिक कार्यकर्ता की रिक्तियों का विवरण-**

| क्र. | जिले का नाम | रिक्त संख्या: सामाजिक कार्यकर्ता | मानदेय |
|---|---|---|---|
| 1 | गौरेला-पेण्ड्रा-मारवाही | रिक्त-2 (01 महिला) | 2000/-प्रति बैठक/शासन द्वारा निर्धारित मानदेय |
| 2 | सारंगढ़-बिलाईगढ़ | रिक्त-2 (01 महिला) | |
| 3 | सक्ति | रिक्त-2 (01 महिला) | |
| 4 | खैरागढ़-छुईखदान-गंडई | रिक्त-2 (01 महिला) | |
| 5 | मोहला-मानपुर-अं.चौकी | रिक्त-2 (01 महिला) | |
| 6 | भरतपुर मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी | रिक्त-2 (01 महिला) | |
| 7 | रायपुर | रिक्त-1 | |
| 8 | सुकमा | रिक्त-1 | |
| | कुल योग :- | 14 | |

1. विज्ञापन की विस्तृत जानकारी महिला एवं बाल विकास विभाग के सूचना पटल पर एवं वेबसाइट www.cgstate.gov.in एवं www.cgwed.gov.in पर देखी जा सकती है।
2. प्रत्येक पद के लिए पृथक-पृथक आवेदन प्रस्तुत करना होगा।
3. आवेदन प्रेषित करने का पता संचालनालय, महिला एवं बाल विकास विभाग, ब्लॉक 01. द्वितीय तल, इन्द्रावती भवन, अटल नगर, नवा रायपुर (छ.ग.) 492002
4. आवेदन पत्र कार्यालय में सीधे स्वीकार नहीं किये जाएंगे। आवेदन पत्र पंजीकृत डाक/स्पीडपोस्ट/कोरियर के माध्यम से ही स्वीकार होंगे।
5. आवेदक का आवेदन दिनांक 15.07.2024 को सायं 5:30 बजे तक अनिवार्य रूप से प्राप्त हो जाना चाहिए। इसके पश्चात प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे। वांछित योग्यता ना रखने वाले उम्मीदवार कृपया आवेदन ना करें।

हस्ता./-(तुलिका प्रजापति) संचालक
महिला एवं बाल विकास विभाग एवं सचिव राज्य बाल संरक्षण समिति
नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)

G-242500240/5



## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
## पूर्वी गंगा नहर निर्माण खण्ड-2, हरिद्वार

**ई-प्रोक्योरमेन्ट अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या 01/E.E./2024-25**

महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्य / कार्यों हेतु ऑनलाईन प्री-क्वालिफिकेशन/ टेक्निकल एवं फाइनेन्शियल बिड / निविदाएं (http://etender.up.nic.in) के माध्यम से सिंचाई विभाग में सिविल कार्यों हेतु वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक: 21.06.2024 की पूर्वाह्न 10.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। बिड/निविदायें दिनांक: 15.06.2024 पूर्वाह्न 10.00 बजे से दिनांक: 21.06.2024 की पूर्वाह्न 10.00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड की जा सकती हैं। प्री-क्वालिफिकेशन / टेक्निकल बिड दिनांक 21.06.2024 को पूर्वान्ह 11.00 बजे अधीक्षण अभियन्ता पूर्वी गंगा नहर निर्माण मण्डल, सिंचाई विभाग, उत्तर प्रदेश, हरिद्वार द्वारा गठित समिति द्वारा अधिशासी अभियन्ता, पूर्वी गंगा नहर निर्माण खण्ड-2, सिंचाई विभाग, उत्तर प्रदेश, हरिद्वार के कार्यालय में खोली जायेगी। प्री-क्वालिफिकेशन/ टेक्निकल बिड में क्वालिफाई घोषित ठेकेदारों की फाइनेन्शियल बिड सम्बन्धी सूचना वेबसाइट पर ऑनलाइन प्रदर्शित कर दी जायेगी। कार्यालय बंद होने अथवा अवकाश होने की दशा में निविदा/निविदायें अगले कार्यदिवस में उसी समय खोली जायेंगी।

**निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी का होगा।**

| लॉट सं. | कार्य विवरण | कार्य की अनुमानित लागत (लाख रु.) | धरोहर राशि (लाख रु.) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.) | जीएसटी का मूल्य (18%) (रु.) | स्टेशनरी चार्जेज (रु.) | निविदा प्रपत्र का कुल मूल्य (रु.) | पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | Internal Clearance of Mandawar Dy.from km. 0.000 to 17.395 for kharif 1432 Fasli (Year 2024-25) | 06.35 | 0.64 | 15 दिवस | रु. 225.00 | रु. 42.00 | रु. 500.00 | रु. 767.00 | 'सी' या ऊपर |
| 2 | Internal Clearance of Maheshwari Minor from km. 0.000 to 8.200 for kharif 1432 Fasli (Year 2024-25) | 02.15 | 0.22 | 10 दिवस | रु. 150.00 | रु. 28.00 | रु. 500.00 | रु. 678.00 | 'सी' या ऊपर |
| 3 | Internal Clearance of Raipur Dy.from km. 0.000 to 13.950 for kharif 1432 Fasli (Year 2024-25) | 08.43 | 0.85 | 10 दिवस | रु. 225.00 | रु. 42.00 | रु. 500.00 | रु. 767.00 | 'सी' या ऊपर |
| 4 | Internal Clearance of Budgra Dy.from km. 0.000 to 6.660 for kharif 1432 Fasli (Year 2024-25) | 02.76 | 0.28 | 10 दिवस | रु. 150.00 | रु. 28.00 | रु. 500.00 | रु. 678.00 | 'सी' या ऊपर |
| 5 | Internal Clearance of Nangal Dy.between km. 0.000 to km. 10.200 for kharif 1432 Fasli (Year 2024-25) | 07.88 | 0.79 | 10 दिवस | रु. 225.00 | रु. 42.00 | रु. 500.00 | रु. 767.00 | 'सी' या ऊपर |
| 6 | Internal Clearance of Kamrajpur minor between km.0.000 to km. 6.100 for kharif 1432 Fasli (Year 2024-25) | 2.45 | 0.25 | 10 दिवस | रु. 150.00 | रु. 28.00 | रु. 500.00 | रु. 678.00 | 'सी' या ऊपर |
| 7 | Internal Clearance of Raipur khas Dy.between km.0.000 to km.11.670 in 1432 kharif Fasli (Year 2024-25) | 06.74 | 0.68 | 10 दिवस | रु. 225.00 | रु. 42.00 | रु. 500.00 | रु. 767.00 | 'सी' या ऊपर |
| 8 | Internal Clearance of Sabalgarh Dy. between km.0.000 to km.5.600 in 1432 kharif Fasli (Year 2024-25) | 03.73 | 0.38 | 10 दिवस | रु. 150.00 | रु. 28.00 | रु. 500.00 | रु. 678.00 | 'सी' या ऊपर |
| 9 | Internal Clearance of Dahirpur Minor between km.0.000 to km. 5.900 in 1432 kharif Fasli (Year 2024-25) | 02.31 | 0.24 | 10 दिवस | रु. 150.00 | रु. 28.00 | रु. 500.00 | रु. 678.00 | 'सी' या ऊपर |
| 10 | Internal Clearance of Gulalwali Dy. between km.0.000 to km. 6.625 in 1432 kharif Fasli (Year 2024-25) | 04.53 | 0.46 | 10 दिवस | रु. 150.00 | रु. 28.00 | रु. 500.00 | रु. 678.00 | 'सी' या ऊपर |
| 11 | Internal Clearance of Mandawali Dy.between km.0.000 to Km.17.300 in 1432 kharif Fasli (Year 2024-25) | 13.25 | 1.33 | 15 दिवस | रु. 225.00 | रु. 42.00 | रु. 500.00 | रु. 767.00 | 'सी' या ऊपर |

**नोट :** उक्त निविदा धनावंटन की प्रत्याशा में आमंत्रित की जा रही है।

यह निविदा /बिड http://etender.up.nic.in एवं उ.प्र. सरकार की वेबसाइट http://upgov.up.nic.in तथा सिंचाई विभाग की वेबसाइट http://www.idup.upgov.in पर उपलब्ध है। नियम एवं शर्तें सिंचाई विभाग एवं ई-टेंडरिंग की वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

हस्ता./- अधिशासी अभियंता
पूर्वी गंगा नहर निर्माण खंड-2, हरिद्वार

आर.ओ.संख्या-205865 दिनांक- 11.06.2024



## पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि.

विद्युत वितरण खण्ड-प्रथम, अमरोहा में बिजनेस प्लान 2024-25 के अन्तर्गत 33 केवी लाईनों के सुदृढ़ीकरण एवं पृथक्कीकरण सम्बन्धी कार्यों हेतु अल्पकालीन ई-निविदा सं. 02/2024-25, विद्युत वितरण खण्ड-द्वितीय, अमरोहा में बिजनेस प्लान 2024-25 के अन्तर्गत 33 केवी लाईनों के सुदृढ़ीकरण सम्बन्धी कार्यों हेतु अल्पकालीन ई-निविदा सं. 03/2024-25, विद्युत वितरण खण्ड-प्रथम, गजरौला में बिजनेस प्लान 2024-25 के अन्तर्गत 33 केवी लाईनों के सुदृढ़ीकरण सम्बन्धी कार्यों हेतु अल्पकालीन ई-निविदा सं. 04/2024-25, विद्युत वितरण खण्ड-द्वितीय, गजरौला में बिजनेस प्लान 2024-25 के अन्तर्गत 33 केवी लाईनों के सुदृढ़ीकरण सम्बन्धी कार्यों हेतु अल्पकालीन ई-निविदा सं. 05/2024-25 आमंत्रित है। इन सभी निविदाओं को ऑन लाईन भरने की अंतिम दिनांक 25.06.2024 (13.00 बजे तक) है जोकि उसी दिन खोली जायेगी। उक्त प्रत्येक निविदाओं की धरोहर राशि, निविदा शुल्क एवं निविदा विशिष्टिकरण व अन्य नियम, शर्तें तथा निर्धारित तिथि के विस्तार तथा शुद्धि पत्र से संबंधित सूचना केवल www. etender. up.nic.in/ www. pvvnl.org पर उपलब्ध होगी। हस्ता./- अधीक्षण अभियन्ता, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि., ''राष्ट्रहित में बिजली बचाएं।'', पत्रांक :-2011, दिनांक :-10/06/2024



## मध्य रेल

**ई-प्रोक्योरमेंट सूचना**

**ए.टी.नोटिस सं. इ- 05/2024, दि. 10.06.2024.** उप मुख्य सामग्री प्रबंधक (निर्माण), मुंबई छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस द्वारा आमंत्रित ई-निविदा विवरण निम्नानुसार हैं :- **निविदा क्र.:** 03245082. **विवरण:** कॉपर जम्पर वायर. **मात्रा:** 4000 किग्रा. **निविदा खुलने की तिथि :** 01.07.2024. विस्तृत जानकारी के लिए कृपया **www.ireps.gov.in** वेबसाइट देखें। DE-173

अनाधिकृत रूप से रेल लाइन को पार करना दंडनीय अपराध है



## पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि.

विद्युत वितरण खण्ड-प्रथम, गजरौला एवं अधीनस्थ उपखण्डों के प्रयोगार्थ हेतु कुल 04 नं. डीजल चालित वाहन मय चालक के किराये पर रखने हेतु अल्पकालीन ई निविदा विशिष्टीकरण संख्या 06/2024-25 के अंतर्गत ई टेण्डरिंग के माध्यम से आमंत्रित है। कार्य की धरोहर राशि रू. 7500.00 तथा निविदा शुल्क 1180.00 निविदा को पोर्टल पर अपलोड करने की अंतिम तिथि 28.06.2024 को 14.00 बजे तक है । इस निविदा का प्रथम भाग दिनांक 29.06.2024 को 16.00 बजे खोला जायेगा। निविदा विशिष्टिकरण व अन्य नियम, शर्तें तथा निर्धारित तिथि के विस्तार तथा शुद्धि पत्र से संबंधित सूचना केवल www. etender. up.nic.in/www. pvvnl.org पर उपलब्ध होंगी। हस्ता./- अधीक्षण अभियन्ता, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि., ''राष्ट्रहित में बिजली बचाएं।'', पत्रांक : -2039, दिनांक : -12/06/2024



## Government of Chhattisgarh, Water Resources Department Office of the Chief Engineer Mahanadi Godavari Basin Raipur (C.G.)

e-Procurement Tender Notice

eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

**CORRIGENDUM No. 01**

Following Amendment is made in System Tender No. : 153876/NIT No. : 58/SAC/2023-24, Durg, Dated 12.03.2024

| Amendment |
|---|
| 1. Bid Start Date and time: 18.06.2024, 17:31 Hours |
| 2. Bid Due Date and time: 02.07.2024, 17:30 Hours |
| 3. Bid Open Start Date and time: 03.07.2024, 11:30 Hours |

All other terms and condition will be unchanged.

G.No. 08494

Sd./- Executive Engineer
Tandula Water Resources Division, Durg (C.G.)
for, Chief Engineer, Mahanadi
Godavari Basin Raipur (C.G.)

G-242500262/7



## कार्यालय कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, मरवाही
## मु. पेण्ड्रारोड, जिला-गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.)

Phone No:- 07751-220817 E-Mail: wrdnmarwahi@gmail.com

**-: निविदा निरस्तीकरण आदेश:-**

आदेश क्र. 1380/व.ले.लि./2024-25 मरवाही, मु. पेण्ड्रारोड दिनांक- 11.6.2024

निविदा सूचना क्रमांक: 05/व.ले.लि./2023-24, दिनांक 22.02.2024 लोवरसोन व्यपवर्तन योजना के सी.सी. लाईनिंग का निर्माण कार्य (द्वितीय आमंत्रण) निविदा सिस्टम क्रमांक 153190 को योग्य निविदाकार की संख्या निरंक होने के कारण निरस्त किया जाता है।

विज्ञापन क्र. जी-08017, दिनांक 24.02.2024

हस्ता./-
कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, मरवाही
जिला-गौरेला पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.)

G-242500259/5



## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा यू/एस 82 (2) CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राजू यादव उर्फ रितु भारती पुत्र आलोक यादव निवासी मकान नं. 180, चौधरन मंदिर के सामने बैंक वाली गली, रिठाला, रोहिणी, नई दिल्ली** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **FIR No: 10460/19 U/s 379/411/34 IPC** के तहत एक मामला **थाना दक्षिण रोहिणी, दिल्ली** में दर्ज किया गया और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया कि उक्त **राजू यादव उर्फ रितु भारती** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि आरोपी **राजू यादव उर्फ रितु भारती** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है), इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि अभियुक्त **राजू यादव उर्फ रितु भारती** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **15.07.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
रितिका कंसल
एमएम 07, दूसरी मंज़िल, कमरा नं. 208
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/7293/RD/2024



थाना DLF फेस III जिला गुरुग्राम

DD No.-23 Date-24.05.2024 U/S 174 CRPC PS DLF फेस III GGM

## ईश्तहारे शोरे गोगा



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति नाम सुभाष पिता का नाम नामालूम पता नामालूम गांव नाथूपुर उम्र 70 वर्ष पिछले करीब 30-35 वर्षों से गांव नाथूपुर गुरुग्राम में रहकर शिव मंदिर की देखभाल करता था जो सुभाष पंडित ने दिनांक 24.05.2024 को अपने कमरे में फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। सुभाष पंडित के पते के बारे व परिजनों के बारे में कोई सूचना मिले तो थाना DLF फेस III गुरुग्राम व पुलिस चौकी नाथूपुर में सूचित करें।

मृतक सुभाष पंडित का हुलिया इस प्रकार है- रंग-गेहुंआ, लम्बूतरा चेहरा, सिर के बाल उड़े हुए हैं।

Rajat ASI
PS DLF phese-III
Date-24.5.2024
SHO DLF phese-III
Mo. 9205892152
PP Nathupur
Mo. 9205736400
I.O. Rajat ASI-Mo. 9468132100

**PRDH R.O. No.1084/11/2419/2025/26683/142/7 Dt. 12.06.2024**



## गो.ब. पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय

पंतनगर-263145, जिला-ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

**ई–निविदा सूचना**

विश्वविद्यालय हेतु एक 7 Seater Multi Utility Vehicle (MUV) की आपूर्ति हेतु एकल चरण निविदा प्रणाली के अन्तर्गत ई–निविदाऐं (TenderID No.- 2024_GBPUA_72180_1) आमंत्रित की जाती हैं।

निविदा प्रपत्र एवं निविदा सम्बन्धित अन्य विस्तृत जानकारी एन.आई.सी.,उत्तराखण्ड की वेबसाइट www.uktenders.gov.in पर देखी एवं डाउनलोड की जा सकती है। ऑनलाइन निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि 27.06.2024 सायं 5:00 बजे तक है।

प्रभारी अधिकारी, भण्डार क्रय



## गो.ब. पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय

पंतनगर-263145, जिला-ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

**निविदा सूचना**

विश्वविद्यालय केन्द्रीय भण्डार एवं विश्वविद्यालय के अन्य विभागों के भण्डार में भण्डारित स्कैप की बिक्री 'माल जैसा है जहाँ है के आधार पर' किये जाने हेतु बन्द लिफाफे में निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। विस्तृत विवरण विश्वविद्यालय की बेबसाइट www.gbpuat.ac.in पर देखा व डाउन लोड किया जा सकता है। पंजीकृत डाक से भेजने अथवा निविदा पेटी में निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि दिनांक 06.07.2024 अपरान्ह 1:00 बजे तक है। निर्धारित अवधि में प्राप्त निविदाएं दिनांक 06.07.2024 को सांय 3:00 बजे अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में खोली जायेंगी। निविदादाता चाहें तो उक्त समय व तिथि पर उपस्थित रह सकते है। निविदा प्रपत्र शुल्कः रू. 2,000.00+18 प्रतिशत वस्तु एवं सेवाकर =रू. 2,360.00 प्रति निविदा।

मोबाइल नं.7500241530 ई.मेल spo.gbpuat@gmail.com

प्रभारी अधिकारी, भण्डार क्रय



## उत्तर मध्य रेलवे

**ई-निविदा सूचना सं:** 2024-जून-02 **दिनांक:** 07.06.2024

**ई-निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/उत्तर मध्य रेल आगरा द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिये "खुली निविदा" ई-टेण्डरिंग केवल ऑनलाइन के माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

**क्र.सं.: 1 | निविदा सं.: 2024-जून-02-01 | अनुमानित लागत (रू.): ₹ 9904876.35**

**कार्य का विवरण :** सहायक मंडल इंजीनियर (मुख्यालय) / आगरा के अधीन एस.एस.ई. (कार्य) / ईदगाह एवं एस.एस.ई. (कार्य) / आगरा कैंट के अधिकार क्षेत्र में दो वर्ष के लिए सीवर लाइन तथा मैनहोल आदि की सफाई का कार्य।

**क्र.सं.: 2 | निविदा सं.: 2024-जून-02-02 | अनुमानित लागत (रू.): ₹ 5896040.35**

**कार्य का विवरण :** सी.एंड डब्ल्यू. डिपो / आगरा कैंट में द्वितीय पिट लाइन की लंबाई के साथ सीमा दीवार का प्रावधान।

**क्र.सं.: 3 | निविदा सं.: 2024-जून-02-03 | अनुमानित लागत (रू.): ₹ 6436939.20**

**कार्य का विवरण :** धौलपुर (पी), मं.रे.प्र. कार्यालय, आगरा कैंट (पी), आगरा कैंट (टीएल / एसी), ईदगाह (पी), आगरा फोर्ट (पी), कोसी कलाँ (पी) और बाद (पी) डिपो में महिला शौचालय और चेंजिंग रूम का प्रावधान।

निविदा को प्रस्तुत करने एवं निविदा के बारे में पूरी जानकारी के लिए भारतीय रेल की बेवसाइट www.ireps.gov.in पर देखें। निविदायें केवल बेव पोर्टल www.ireps.gov.in के माध्यम से दिनांक 01.07.2024 को 15:00 बजे तक प्रस्तुत की जा सकती है।

1007/24 (A)

North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @northcentralrailway | @CPRONCR



## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिन परिवारों की वार्षिक आय दो लाख रूपए से कम है, उन्हें हरियाणा सरकार द्वारा गरीब परिवारों की सहायता करने व उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अन्तर्गत स्वयं रोजगार योजना के तहत बैंकों के माध्यम से दो लाख रूपए का लोन दिलाया जा रहा है। इसके अतिरिक्त PM SVANIDHI & PM VISHWAKRAMA योजना के तहत भी विभिन्न बैंकों के माध्यम से लोन दिलाया जा रहा है। इन स्कीमों का लाभ देने हेतु नगर निगम गुरूग्राम द्वारा 10 जून 2024 से 26 जून 2024 तक लोन कैंप नगर निगम गुरूग्राम नजदीक सदर बजार में आयोजित किया जा रहा है। इन स्कीमों के तहत लाभ लेने हेतु दो दस्तावेज-आधार कार्ड, बैंक खाते की कॉपी लेकर आएं। अत: इच्छुक व पात्र व्यक्ति अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर विभिन्न स्कीमों का लाभ प्राप्त करें। अधिक जानकारी के लिए नगर निगम गुरूग्राम नजदीक सदर बाजार के कमरा नं. 9 में आकर संपर्क कीजिए।

नगर परियोजना अधिकारी
नगर निगम गुरूग्राम

SAMVAD R.O. NO. 1078/11/474/2025/26649/C/142/7 Dt. 12/06/2024



थाना सेक्टर-40 जिला गुरुग्राम

DDNO-51-DATE-12-06-2022-U/S 174 CRPC PS SECTOR 40 GURUGRAM.

## इश्तहार सोरे गोगा मृतक नाम पता ना मालूम व्यक्ति की पहचान कराने बारे



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की दिनांक 12-06-2022 को थाना पर सूचना प्राप्त हुई की एक नाम पता ना मालूम व्यक्ति बेहोसी की हालत में गांव कन्ही सेक्टर 45 गुरुग्राम में पड़ा हुआ है। जिसको GH सैक्टर 10 GGM में दाखिल कराने पर मौत की सूचना प्राप्त होने पर पोस्ट MORTM ASI हवा सिंह द्वारा GH गुरुग्राम से कराकर नगर निगम के हवाले किया गया था। जिसकी पहचान नहीं हो पाई है। जिसकी पहचान इस प्रकार से है रंग गोरा, हृष्ट-पुष्ट शरीर, कद 5 फुट 6 इंच, उम्र करीब 48 साल, जिसने नीली काली टीशर्ट और काली पजामी पहने है। पता चलने पर थाना प्रबंधक सैक्टर 40 गुरुग्राम को सूचित करें।

संपर्क -0122-2381567 हस्ता./-
प्रबंधक थाना- 9999981824 थाना सैक्टर 40, गुरुग्राम

PRDH R.O. No. 1084/11/2417/2025/26655/142/7 Dt. 12/06/2024




थाना शहर जिला गुरुग्राम

शिकायतकर्ता:- नदीम पुत्र आबिद अली R/o गांव गेरी विजय नगर गली नं. 2 गाजियाबाद (UP) हाल कबाड़ी की दुकान सुभाष नगर गुरुग्राम

DD NO 32 DT 17.05.2024 धारा 174 CrPC थाना शहर गुरुग्राम

## पोस्टर नाम पता नामालूम नाश



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की उपरोक्त फोटो में दिखाई देने वाला दुबला पतला नाम पता ना मालूम व्यक्ति अज्ञात बीमारी के कारण मृत्यु हो गई है। जिसकी उम्र लगभग 45 साल जिसकी नाश दिनांक 17.05.2024 को लावारिस हालत में मिली अगर किसी को इस मृतक व्यक्ति नाम पता ना मालूम के बारे में जानकारी मिले या जानकारी है तो कृपया नीचे दिये गए नंबरों पर सूचित करें ।

शिकायतकर्ता हरपाल 9555767584

PS CITY GURUGRAM MOB NO 0124-2321496
SHO CITY GGM MOB NO 9999981833
SI BAHIRAM PS CITY GGM MOB 8368381770

हस्ता./-थाना शहर गुरुग्राम

PRDH R.O. No. 1084/11/2418/2025/26659/142/7 Dt. 12/06/2024

ईशावास्यमिदं सर्वं यत्किञ्च जगत्यां जगत्
भगवान इस जग के कण-कण में विद्यमान हैं।




# पीओके : सच का आइना

**आप** सबने भारत तेरे टुकड़े होंगे हजार, नारे की गूंज तो सुनी ही होगी लेकिन भारत का लोकतंत्र इतना मजबूत है कि वह पहले से कहीं अधिक सशक्त हो चुका है। मैं यह कह रहा हूं कि भारत 75 वर्षों से कहां से कहां पहुंच गया और पाकिस्तान आज कहां पर है। पाकिस्तान के जो हालात हैं वह यह सोचने पर मजबूर करते हैं कि क्या भविष्य में पाकिस्तान सचमुच विश्व के नक्शे पर बच पाएगा? चुनावों में आप सभी ने पीओके यानि पाक अधिकृत कश्मीर का शोर तो सुना होगा। कश्मीर से कन्याकुमारी तक समूचे भारत में करोड़ों लोग ऐसे हैं जिन्हें इस देश से बेपनाह मोहब्बत है। उन्हें इस बात की पीड़ा है कि हम पीओके को आज तक पाकिस्तान से वापिस नहीं ले सके। चुनाव प्रचार के दौरान गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, विदेश मंत्री एस. जयशंकर और अन्य कई नेताओं ने पीओके को भारत का अभिन्न अंग बताते हुए स्पष्ट कहा कि हम उसे लेकर रहेंगे। पीओके का आवाम बार-बार सड़कों पर आता है और अपने अधिकारों की बात करता है। पीओके का आवाम आजाद होकर भारत के साथ मिलने की इच्छा रखता है।

सोशल मीडिया के तौर में पीओके की जनता भारत के कश्मीर का विकास देख रही है। लोकसभा चुनावों के दौरान जम्मू-कश्मीर के लोगों ने जिस उत्साह के साथ रिकॉर्ड मतदान किया है, उससे स्पष्ट है कि जम्मू-कश्मीर के लोगों की आस्था भारत के संविधान में है। पाकिस्तान के सियासतदान हर मंच पर भारत के जम्मू-कश्मीर पर अपना दावा जताते हैं पर दुनिया देख रही है कि उसके कब्जे वाला कश्मीर जल रहा है। पीओके में पिछले महीने आया उबाल बिजली के भारी-भरकम बिलों और आटे के आसमान छूते दामों के कारण आया था। तब पाकिस्तान की सरकार ने पोओके के लोगों को बड़ी मुश्किल से शांत किया था। पीओके के लोग पाकिस्तान से आजादी चाहते हैं। आवाम में लगातार आक्रोश फैल रहा है। उसके पीछे पाकिस्तान के हुक्मरानों द्वारा पीओके की जनता पर अत्याचारों और संसाधनों की लूट का लम्बा इतिहास है। मैं यह लेखमाला आज के किशोरों और युवा पीढ़ी को पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर की सच्चाई से अवगत कराने के लिए ही लिख रहा हूं। मेरी इच्छा रहती है कि राष्ट्र के लोग तथ्यों को जानें, क्योंकि युवा शक्ति से हमारी बड़ी अपेक्षाएं हैं। मेरे पास पूजनीय दादा रमेश चन्द्र जी और पिता श्री अश्विनी कुमार द्वारा लिखे गए लेखों का विस्तृत संग्रह है। उनका अध्ययन करने के बाद मैं आप को प्रमाणित तथ्यों से अवगत कराना चाहता हूं।

**चुनाव प्रचार के दौरान गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, विदेश मंत्री एस. जयशंकर और अन्य कई नेताओं ने पीओके को भारत का अभिन्न अंग बताते हुए स्पष्ट कहा कि हम उसे लेकर रहेंगे। पीओके का आवाम बार-बार सड़कों पर आता है और अपने अधिकारों की बात करता है। पीओके का आवाम आजाद होकर भारत के साथ मिलने की इच्छा रखता है। सोशल मीडिया के तौर में पीओके की जनता भारत के कश्मीर का विकास देख रही है। लोकसभा चुनावों के दौरान जम्मू-कश्मीर के लोगों ने जिस उत्साह के साथ रिकॉर्ड मतदान किया है, उससे स्पष्ट है कि जम्मू-कश्मीर के लोगों की आस्था भारत के संविधान में है।**

बात 15 अगस्त, 1947 से ही प्रारम्भ करें। अहिंसा औंधे मुंह जा गिरी। भारत दो टुकड़े हो गया। भारत का बुढ़ापा जीत गया और भारत की जवानी समय से एक दिन पूर्व ही तख्ते पर झूल गई। अंग्रेज गए और भारत को दोफाड़ कर गए। उधर लियाकत अली जिन्ना नए मुल्क का सृजन दिवस 14 अगस्त को मना रहे थे। इधर 14 अगस्त की आधी रात को इसे 'ट्रीस्ट विद डैस्टिनी' कहकर नेहरू भारत देश की जनता से प्रधानमंत्रित्व की बधाइयां ले रहे थे।

पर एक मंजर ऐसा भी था, जिसे केवल सच की कलम से ही बयान किया। लाखों लोग पाकिस्तान से उजड़ कर आ गए। दस लाख से ज्यादा हिन्दू, मुस्लिम और सिख मार दिए गए। एक सर्वेक्षण के अनुसार 2 लाख से अधिक बच्चे नृशंसता का शिकार हो गए। मानवता कालकवलित हो गई। चिनाव लहूलुहान हो गई। लेकिन इस मुल्क के नेताओं ने सतियों के शवों से भरे हुए वे कुएं नहीं देखे जो हिन्दू और सिख नारियों द्वारा सतीत्व बचाने के लिए भर दिए गए थे।

आज के दिन किसी को यह आज्ञा नहीं थी कि वह उस साबरमती के संत को अमृता द्वारा रचित इन पंक्तियों को सुना दें :-

**''इक रोई सी धी पंजाब दी,**
**तूं लिख-लिख मारे वैंण**
**अज्ज लखां धीयां रोंदीयां,**
**तैनूं वारिस शाह नूं कैण।**
**उठ दरदमंदा दया दरदीया,**
**चल तक आपणा पंजाब,**
**अज्ज वेड़े लाशां विछियां,**
**ते लहू नाल भरी चनाब।''**

अगर बापू ने उपरोक्त दृश्य देख लिए होते, तो इतनी सच्चाई उनमें अवश्य थी कि वे 'अहिंसा और कायरता' को फिर से परिभाषित करने को विवश हो जाते। बस यहीं से शुरू होती है वह दर्दनाक कहानी जो आज मैं सुनाना चाह रहा हूं।

उधर पाकिस्तान बना, हरा झंडा लहराया और वहां के नेताओं के हौंसले बुलंद हो गए। जिसे देखो वही स्वयं को तीसमारखां समझने लगा। 'ये आजादी हमने अपनी कुव्वते बाजू से हासिल की है' जिन्ना ने ऐलान कर दिया। नारा-ए-तकबीर-अल्ला हो अकबर। के नारों से पाकिस्तान गूंज उठा। (क्रमश:)

**आदित्य नारायण चोपड़ा**
Adityachopra@punjabkesari.com

## कितने घरों के दीपक बुझाए



"जो निहत्थे श्रद्धालुओं पर गोलियां बरसाएं,
और ईद के पाक महीने में मासूमों का खून बहाएं,,
वो सच्चे मुसलमान तो क्या, इंसान भी नहीं बन पाए,
और अपनी नापाक हरकतों से न जाने कितने घरों के दीपक बुझाएं...।"

**गीता पाढा**

## पांज हजार कश्मीरी पंडित खीरभवानी मेले के लिए रवाना

नगरोटा (जम्मू),(पंजाब केसरी) कश्मीर में वार्षिक खीर भवानी मेले के लिए 5,000 से अधिक लोग कड़ी सुरक्षा के बीच बुधवार को यहां से रवाना हुए। इन तीर्थयात्रियों में अधिकतर कश्मीरी पंडित समुदाय के लोग हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी देते हुए बताया कि यह यात्रा चार दिन तक चलेगी। संभागीय आयुक्त (जम्मू) रमेश कुमार, राहत आयुक्त डॉ. अरविंद करवानी और प्रमुख कश्मीरी पंडित नेताओं ने नगरोटा क्षेत्र से तीर्थयात्रा को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। भजन गाते और मंत्रोच्चार करते हुए श्रद्धालु 176 बसों में सवार होकर कश्मीर घाटी में पांच धार्मिक स्थलों के लिए रवाना हुए। राहत आयुक्त डॉ. अरविंद करवानी ने यहां बताया, 'खीरभवानी मेले में भाग लेने के लिए 5,000 से अधिक कश्मीरी पंडित कश्मीर के लिए रवाना हुए हैं।

# पंजाब से चिन्ताजनक परिणाम



मर्यादाएं
चन्द्रमोहन
संपादक : वीर प्रताप
chander_m@ hotmail.com
BLOG: chandermohan.net

**पंजाब** का लोकसभा परिणाम देश और प्रदेश दोनों को चिन्ताजनक छोड़ गया है। जहां यह संतोष की बात है पटियाला से डा. धर्मवीर गांधी और होशियारपुर से डा. राजकुमार छब्बवाल को छोड़ कर जनता ने किसी भी 'फसली बटेर' को दाना नहीं डाला,पर दो चुनाव क्षेत्रों का परिणाम जहां लोगों ने अच्छे बहुमत से रेडिकल पृष्ठभूमि के दो आज़ाद उम्मीदवारों को विजयी बना दिया, से एक वर्ग की दिशा को लेकर चिन्ता पैदा हो रही है। अमृतपाल सिंह जो राष्ट्रीय सुरक्षा क़ानून के तहत डिब्रूगढ़ जेल में बंद है खडूर साहिब से लगभग दो लाख वोट से विजयी हुआ है। दूसरा कट्टरपंथी उम्मीदवार जो विजयी हुआ है वह इंदिरा गांधी के हत्यारे बेअंत सिंह का पुत्र सरबजीत सिंह खालसा है जो फरीदकोट से 70 हज़ार वोट से जीता है। अमृतपाल सिंह को भारी 4 लाख वोट मिले और सरबजीत सिंह को 3 लाख। इन दोनों को मिले भारी समर्थन से यह चर्चा शुरू हो गई है कि क्या पंजाब दोबारा उग्रवाद की तरफ़ बढ़ रहा है?

सरबजीत सिंह पहले भी तीन बार चुनाव लड़ चुका है पर असफल रहा था। अब समर्थन क्यों मिला है? माहौल क्यों बदला है? इसी के साथ अगर यह देखा जाए कि अकाली दल का लगातार पतन जारी है और वह मुश्किल से बठिंडा की सीट जीत सके हैं, तो लगता है कि एक उग्र पंथक लहर का यहां फिर आग़ाज़ हो रहा है। क्या इसका कारण है कि अकाली दल के पतन से सिख राजनीति में जो शून्य पैदा हुआ है उसे उग्रवादी भर रहे हैं? पर यह बात भी आंशिक तौर पर सही लगती है क्योंकि यहां राजनीतिक शून्य नहीं है जो विधानसभा चुनाव में आप की जीत और लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को मिले भारी समर्थन से पता चलता है। यह भी दिलचस्प है कि जिस कांग्रेस को ब्लू स्टार के लिए ज़िम्मेवार ठहराया गया उसी को पंजाब की जनता ने सबसे अधिक, सात सीटें, देकर समर्थन दिया है। कांग्रेस को मिले समर्थन से तो प्रतीत होता है कि पंजाब के लोग उस त्रासदी से उभर चुके हैं पर अमृतपाल और सरबजीत को मिला समर्थन तो विपरीत दिशा बताता है। पंजाब दो विपरीत दिशाओं में क्यों चल रहा है?

पहली बात तो यह है कि यहां खालिस्तान का समर्थन नहीं है। यह लहर विदेशी एजेंसियां क़ायम रखे हुए हैं। न ही यहां आतकंवाद ही है जैसे नई सांसद कंगना रनोत ने आरोप लगाया है। उनके साथ चंडीगढ़ एयरपोर्ट में जो हुआ वह अत्यंत निन्दनीय है। उत्तेजना कुछ भी हो सुरक्षा कर्मी का काम सुरक्षा देना है हमला करना नहीं पर कंगना का यह कहना कि "पंजाब में आतंकवाद और हिंसा बहुत बढ़ रहें हैं", भी अनुचित है। एक सांसद को ज़िम्मेवारी दिखानी चाहिए और संवेदनशील मामलों पर लापरवाह बयान नहीं देने चाहिए। पंजाब में न हिंसा बढ़ी है और न ही आतंकवाद का मसला है। पर हां,यहां उग्रवाद रहता है। सिख उग्रवाद यहां बार-बार उभरता है और बार बार ठंडा पड़ जाता है। सरदार प्रकाश सिंह बादल को बहुत श्रेय जाता है कि उन्होंने पंजाब को सही रास्ते पर रखा था। अगर वह परिवारवाद को इतना बढ़ावा न देते और भ्रष्टाचार के इतने आरोप न लगते तो अकाली दल अभी भी महत्वपूर्ण खिलाड़ी होता। इस बार अकाली दल के 10 उम्मीदवार अपनी ज़मानत नहीं बचा सके। लम्बे चले किसान आन्दोलन जिस दौरान 700 के क़रीब किसान मारे गए, ने भी उग्रवाद के लिए उपजाऊ मैदान तैयार कर दिया है। पंजाब और पंजाबियों से निपटने के लिए जो संवेदनशीलता चाहिए वह नज़र नहीं आ रही।

पंजाब का संकट बहुआयामी है। कृषि के संकट का कोई समाधान नज़र नहीं आता। केन्द्र सरकार और किसान संगठनों के बीच संवाद बिल्कुल टूट चुका है। दोनों तरफ़ ज़िद्द है। इस गतिरोध को ख़त्म करने कि लिए नए मंत्री शिवराज सिंह चौहान को पहल करनी चाहिए और किसान संगठनों को भी समझना चाहिए कि केन्द्र सरकार की भी मजबूरियां हैं। बार बार धरने लगा कर और यातायात रोक कर वह पंजाब का अहित कर रहे हैं। उद्योग के लिए उपयुक्त वातावरण नहीं रहा जिस कारण बेरोज़गारी बढ़ रही है और पंजाबी युवक बाहर भाग रहें हैं। पर्यावरण बिगड़ रहा है और पानी का स्तर भयावह तरीक़े से नीचे गिर रहा है। 2015 में हुई बरगाड़ी बेअदबी और बहिबल कलां गोली कांड के मामले अभी तक लोगों को उत्तेजित कर रहे हैं। बंदी सिखों की रिहाई भी बड़ा मसला बन चुका है जिससे उग्रवादी तत्वों को कहने का मौक़ा मिल जाता है कि पंजाब और विशेष तौर पर सिखों से 'धक्का' हो रहा है। यह भावना अमृतपाल सिंह और सरबजीत सिंह जैसे नेता पैदा करती है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सिख समुदाय को साथ जोड़ने का बहुत प्रयास किया है पर सफलता नहीं मिली। एक कारण है कि जिन नेताओं को कांग्रेस और दूसरी पार्टियों से इम्पोर्ट किया गया वह सब चले हुए कारतूस निकले। किसान आन्दोलन के कारण भाजपा के उम्मीदवारों को गांवों में घुसने नहीं दिया गया। लेकिन असली कारण है कि माईनारिटी अर्थात अल्पसंख्यक भाजपा की नीतियों से घबराते हैं क्योंकि समझा जाता है कि वह बहुसंख्यक शासन क़ायम करना चाहते हैं। यहां भाजपा का वोट विधानसभा चुनाव के 6 प्रतिशत बढ़ कर 18 प्रतिशत हो गया है पर ग्रामीण क्षेत्रों में वॉशआउट ने काम तमाम कर दिया। भाजपा को 23 विधानसभा क्षेत्रों में 8 बढ़त मिली है जबकि कांग्रेस को 37 और आप को 33 पर। अकाली दल को दयनीय 9 पर। अकाली दल अब अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहा है। वह भाजपा से भी नीचे आ गए हैं।

आप सरकार ने निराश किया और इस परिणाम को वेक अप कॉल ही समझना चाहिए। लोग ज़मीन पर जो बदलाव चाहते थे वह उन्हें नहीं मिल रहा। जिसे गवर्नन्स अर्थात् शासन कहा जाता है, में कोई परिवर्तन नहीं आया। सरकार ने 300 यूनिट बिजली मुफ्त कर दी, मुफ्त आम आदमी मुहल्ला क्लीनिक शुरू कर दिए, 43000 सरकारी नौकरियां देने का दावा किया है पर लोग संतुष्ट नहीं। लम्बे किसान आन्दोलन का भी कुछ असर पड़ा है।

महिलाओं को 1000 रुपए महीना देने का वायदा भी पूरा नहीं हुआ। न ही ड्रग्स के मामले में कुछ ठोस ही किया गया। आप के पंजाब यूनिट का यह दुर्भाग्य है कि उन्हें अब दिल्ली का बोझ भी उठाना पड़ रहा है। पार्टी से भ्रष्टाचार विरोधी मुद्दा छिन गया है। आप के प्रति लोगों के असंतोष का कांग्रेस फ़ायदा उठा गई है। कांग्रेस का प्रदर्शन उस वक्त अच्छा रहा जब कई बड़े नेता दलबदल कर गए हैं। परनीत कौर को पटियाला में तीसरे नम्बर पर रख कर लोगों ने बता दिया कि दलबदलुओं की कैसी इज्जत है। कांग्रेस के प्रादेशिक नेताओं ने आप से दूरी बनाकर खुद को शासन विरोधी भावना से बचा लिया। अकाली दल के पतन के बाद कांग्रेस प्रमुख विपक्षी पार्टी बन गई है। इसका फ़ायदा होगा।

अकाली दल की दुर्गत का नुक़सान हो रहा है क्योंकि उनकी जगह जिन्हें गर्म ख्याली कहा जाता है, ले रहे हैं। खडूर साहिब और फ़रीदकोट दोनों अकाली गढ़ रहे हैं। इससे क्या नतीजा निकाला जाए? कई लोग हैं जो कह रहे हैं कि इसे ख़तरे की घंटी नहीं समझना चाहिए। प्रमुख अर्थशास्त्री डा. लखविनदर सिंह का कहना है कि अमृतपाल और सरबजीत सिंह की जीत को "विकास से सम्बन्धित मसला समझना चाहिए न कि अलगाववादी समस्या"। उनका कहना है कि पंजाब में अर्थिक संकट है। तीन दशक पहले हरित क्रान्ति का प्रभाव ख़त्म हो गया था और तब से पंजाब का लगातार पतन हो रहा है। उनका कहना है कि "लोग बदलाव के लिए बेताब हैं। इसलिए उन्होंने नए परीक्षण के लिए वोट दिया है"। यह भी कहा जा रहा है कि पंजाबी भावना में बह जाते हैं इसलिए इसे किसी विचारधारा की जीत नहीं समझना चाहिए। 1989 के लोकसभा चुनाव में भी नौ कट्टरपंथी चुनाव जीते थे जिनमें सरबजीत सिंह की माता बिमल कौर भी शामिल थी, फिर सब कुछ सामान्य हो गया था। इसलिए कहा जा रहा है कि इन दोनों की जीत से उत्तेजित होने की ज़रूरत नहीं। इन दोनों ने बैलेट बाक्स का सहारा लिया है और सदस्य बनते वक्त संविधान की शपथ लेंगे। और इस बार सिमरनजीत सिंह मान हार गए हैं। इसलिए कहा जा रहा है कि इन दो की जीत और कुछ नहीं पंजाब की हालत के प्रति असंतोष की अभिव्यक्ति है।

मैं इतना आशावान नहीं हूं। पंजाब में हालात बहुत जल्द उल्टा करवट ले लेते हैं। यह दोनों नए सांसद समय-समय पर खालिस्तान का समर्थन करते रहे हैं। आर्थिक परेशानी, बेरोज़गारी, खेती का संकट कहां नहीं है? बिहार, उड़ीसा, यूपी, मध्यप्रदेश जैसे प्रदेश जो पंजाब से बहुत पिछड़े हैं वहां विरोध की ऐसी उग्रवादी आवाज़ें क्यों नहीं उठती? इन दोनों की जीत से पंजाब से बाहर बहुत ग़लत संदेश गया है। निवेश पर प्रभाव पड़ेगा।

इस बहाव को रोकने के लिए प्रदेश सरकार और केन्द्र सरकार दोनों को मिल कर कदम उठाने चाहिए। प्रदेश सरकार को अपना शासन सही करना चाहिए। ड्रग्स के मामले पर और सख्त कदम उठाने चाहिए। युवाओं में जो बेचैनी और असंतोष है उसको कम करने की बहुत ज़रूरत है। और, जैसे मैं दो सप्ताह पहले लिख कर हटा हूं, केन्द्र सरकार को पंजाब की सुध लेनी चाहिए। केन्द्र सरकार मस्त नहीं बैठ सकती।

पंजाब के प्रति बेरुख़ी की नीति त्यागनी होगी नहीं तो आगे चल कर बहुत बड़ी क़ीमत चुकानी पड़ सकती है। दो उग्रवादियों, जो खालिस्तान का समर्थन कर चुके हैं, को विजयी बना कर चेतावनी भेज दी गई है। पंजाब से बात करने का समय अब है।

**" अमृतपाल सिंह जो राष्ट्रीय सुरक्षा क़ानून के तहत डिब्रूगढ़ जेल में बंद है खडूर साहिब से लगभग दो लाख वोट से विजयी हुआ है। दूसरा कट्टरपंथी उम्मीदवार जो विजयी हुआ है वह इंदिरा गांधी के हत्यारे बेअंत सिंह का पुत्र सरबजीत सिंह खालसा है जो फरीदकोट से 70 हज़ार वोट से जीता है। अमृतपाल सिंह को भारी 4 लाख वोट मिले और सरबजीत सिंह को 3 लाख। इन दोनों को मिले भारी समर्थन से यह चर्चा शुरू हो गई है कि क्या पंजाब दोबारा उग्रवाद की तरफ़ बढ़ रहा है?**

# शहीदी पर्व पर छबील का क्या है इतिहास



सिख सियासत
सुदीप सिंह
newsreporter.2008@gmail.com

**सिख** पंथ में शहादतों का दौर पांचवें गुरु अर्जुन देव जी से शुरू होता है जिन्हें समय के मुगल बादशाह जहांगीर के कहने पर अनेक तरह के कष्ट दिए गए। उबलते हुए गर्म पानी में उन्हें बिठाया गया, वहां से निकालकर गर्म तवे पर बिठाकर ऊपर से गर्म रेत गुरु जी के सिर पर डाली गई पर गुरु जी के मुख पर कोई शिकन नहीं आई बल्कि उन्होंने चुपचाप सारी यातनाओं को अकाल पुरख का हुकम समझकर माना। गुरु जी ने उस समय कहा था ''तेरा कीया मीठा लागै,



हर नाम पदार्थ नानक मांगे''। इतिहास बतलाता है बादशाह अकबर की मृत्यु के पश्चात उसका पुत्र जहांगीर बादशाह बना तो उसने केवल इस्लाम की ही बात की। वह कट्टरपंथ में अधिक विश्वास रखता था।

जहांगीर का पुत्र अमीर खुसरो अपने पिता के विचारों से सहमत नहीं था और बागी होकर घर छोड़ने के पश्चात जब गुरु दरबार में पहुंचा तो गुरु जी ने उसे शरण दी। यह गुरु घर की परंपरा है कि जो भी गुरुघर आये उसे पनाह अवश्य दी जाती है पर यह बात जहांगीर को रास नहीं आई और उसने गुरु अर्जुन देव जी को बुलाकर उन्हें सख्त से सख्त सज़ा देने का आदेश जारी कर स्वयं कश्मीर रवाना हो गया। जहांगीर के आदेश पर उसके सेनापति चंदू ने गुरु जी को अपनी हवेली पर कैद करके उन्हें यातनाएं देनी आरंभ कर दीं। दूसरी ओर चंदू की पत्नी, उसकी पुत्रवधू और साईं मियांमीर फकीर गुरु जी को यातनाएं देने के पक्ष में नहीं थे उन्होंने इसका पुरज़ोर विरोध भी किया पर चंदू ने किसी की एक ना सुनी। चंदू की पत्नी और पुत्रवधू गुरु जी से मिलने जेल में पहुंची और ठण्डे मीठे जल का गिलास गुरु जी को दिया तो गुरु जी ने चंदू के घर का पानी भी पीने से मना कर दिया पर एक वरदान उसे दिया कि समय आने पर संगत मीठा जल पिया करेगी। गुरु जी ने स्वंय इससे पहले प्लेग फैलने पर ठंडे मीठे जल की छबीलें संगत के लिए लगा दी थीं इसलिए हर वर्ष जब भी गुरु जी का शहीदी पर्व आता है तो संगतों द्वारा खासकर स्त्री सतसंग जत्थों के द्वारा 2 माह पूर्व से ही सुखमनी साहिब की बाणी के पाठ की लड़ी चलाई जाती है और शहीदी दिवस पर ठण्डे मीठे जल की छबील लगाई जाती है। गर्मी के मौसम में छबील लगाकर मानवता को ठण्डा जल पिलाना पुण्य का कार्य है मगर सभी लोग एक ही दिन छबील लगाने के बजाए अगर गर्मी के पूरे मौसम में अलग-अलग दिन छबील लगाएं तो बेहतर होगा। अब तो शहीदी पर्व पर छबील के साथ तरह-तरह के पकवानों के लंगर भी लगाने लगे हैं। एक एक ऐरिया में अनेकों स्थानों पर लंगर व छबील लगाई जाती है जो कि पूरी तरह से सिख परम्परा के विपरीत जाकर पैसे की बर्बादी है इससे सिख समाज को बचना चाहिए।

**ऑपरेशन ब्लू स्टार देश के इतिहास पर काला धब्बा**

सिख इतिहास का वह काला अध्याय जिसे आपरेशन ब्लू स्टार के नाम से जाना जाता है। भारतीय फौज ने दरबार साहिब पर टैंकों तोपों से हमला कर गुरु ग्रंथ साहिब के पावन स्वरूप को भी गोलियों से छलनी किया। पवित्र सरोवर बेगुनाहों के खून से भर गया। सूत्र इस बात की गवाही भरते हैं कि दरबार साहिब पर हमला उस समय की प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की सोची समझी साजिश थी। इस आपरेशन को अंजाम देने के लिए इन्दिरा गांधी ने उस ब्रिटिश हकूमत की मदद ली जिसने सालों भारत को अपना गुलाम बनाकर रखा। आपरेशन से कुछ दिन पूर्व ब्रिटिश अधिकारी दरबार साहिब परिसर में रेकी करते भी पाए गये थे। अगर सरकार की मंशा केवल जरनैल सिंह भिंडरावाले और उसके साथियों को पकड़ने तक सीमित होती तो वह सरकार के लिए कोई मुश्किल काम नहीं था। उन्हें फौज की एक-दो टुकड़ियों की मदद से ही बाहर निकाला जा सकता था उसके लिए सैंकड़ों बेकसूर सिखों और भारतीय फौज के जाबांज़ सिपाहियों का खून बहाने की कोई आवश्यकता नहीं थी। एजेंसियों के द्वारा सिखों को बदनाम करने हेतु तरह-तरह के हथकंडे अपनाये जा रहे थे। सरकार की नियत अगर सही होती तो आम संगत को पहले ही दरबार साहिब जाने से रोका जा सकता था पर इसके विपरीत प्रशासन ने कर्फ्यू में कुछ समय की राहत देकर श्रद्धालुओं को पहले अंदर जाने दिया और उसके बाद घेराबंदी कर गोलीबारी शुरु कर दी। उस समय सोशल मीडिया भी नहीं था अगर वह भी होता तो शायद इसे रोकने में मदद मिल जाती। मगर अब कांग्रेस के बड़े नेता समझने लगे हैं और अपनी भूल का पछतावा करने ही बीते दिनों राहुल गांधी स्वयं श्री दरबार साहिब नतमस्तक होकर आए हैं।

**रवनीत बिट्टू हार कर भी जीत गए**

पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह के पौत्र रवनीत सिंह बिट्टू जो कि लम्बे समय तक कांग्रेस के सांसद रहे और इस बार चुनाव से पहले उन्होंने पार्टी छोड़ भाजपा का दामन थाम लिया। भाजपा ने भी उन पर दाव खेलते हुए लुधियाना से टिकट दे दिया। जनता ने भले उन्हें जीत ना दी हो पर भाजपा ने पंजाब में 2027 के चुनावों को ध्यान में रखते हुए रवनीत सिंह बिट्टू को केन्द्रीय मंत्रिमण्डल में शामिल कर उन्हें फूड प्रोसैसिंग मंत्रालय का कार्यभार सौंपा जो कभी हरसिमरत कौर बादल संभाला करती थी। हालांकि कयास लगाए जा रहे थे कि इस बार भाजपा की सरकार बनने पर अमृतसर से भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़े तरनजीत सिंह सन्धु जो कि तेजा सिंह समुन्द्री के परिवार से सम्बन्ध रखते हैं उन्हें मंत्रिमण्डल में स्थान दिया जायेगा क्योंकि पिछली बार भी अमृतसर से चुनाव हारने के बावजूद हरदीप सिंह पुरी को मंत्री बनाया गया था। मगर ऐसा नहीं हुआ क्योंकि गृहमंत्री अमितशाह लुधियाना की जनता से वायदा करके आए थे कि आप रवनीत सिंह बिट्टू को जितवाकर भेजिए उसे बड़ा आदमी हम बनाएंगे। दूसरा शायद इसलिए भी भाजपा ने ऐसा दाव खेला है क्योंकि रवनीत बिट्टू की किसानों में भी अच्छी पकड़ है। वह किसानों के संघर्ष में निरन्तर उनके साथ धरनों पर बैठते रहे हैं।



इसलिए उम्मीद की जा रही है कि आने वाले दिनों में वह सरकार और किसानों के बीच की कड़ी बनकर किसानी समस्याओं का हल करवाने में अहम रोल अदा करेंगे। वहीं जिस प्रकार अकाली दल से अलग होकर भाजपा ने अच्छी पकड़ पंजाब में बनाई है बिट्टू के सहारे 2027 विधान सभा चुनावों से पहले इसे और मजबूत किया जा सकता है।

**सिख सुरक्षाकर्मियों को संयम रखने की आवश्यकता**

देश की आजादी से लेकर आज तक सिख फौजी देश की रक्षा करते आए हैं और करते रहेंगे मगर उन्हें अपनी ड्यूटी के समय संयम बरतने की आवश्यकता है। बीते दिनों चण्डीगढ़ के मौहाली हवाई अड्डे पर जिस तरह से सुरक्षा अधिकारी के द्वारा एक सांसद को थप्पड़ मारने की घटना सामने आई उसके बाद से देश भर से अलग-अलग प्रतिक्रियाएं देखने को मिली जिसमें ज्यादातर लोगों के द्वारा सांसद कंगना रनौत को ही दोषी माना जा रहा है। इस घटना के बाद कंगना ने अपनी टिप्पणी में समूचे पंजाब में उग्रवाद के बढ़ने की बात कही क्योंकि थप्पड़ मारने वाली सुरक्षा अधिकारी किसानी परिवार से सम्बन्धित थी और दूसरा सिख थी। ऐसा शायद पहली बार नहीं हुआ है इससे पहले भी कंगना रनौत के द्वारा कई तरह की अभद्र टिप्पणियां पंजाब के किसानों के खिलाफ की जा चुकी हैं। यहां गलती सुरक्षा अधिकारी कुलविन्दर कौर की भी है, माना जा सकता है कि उसके मन में कंगना रनौत की अभद्र टिप्पणियों के चलते उसके प्रति गुस्सा था मगर ड्यूटी करते समय उसका फर्ज बनता था कि बिना किसी भेदभाव के सभी नागरिकों की हिफाजत करे पर उसने तो इसके विपरीत जाकर स्वयं ही हिंसा का रुख अख्तियार कर लिया। ऐसा करके उसके मन को भले ही शान्ति मिल गई हो मगर जहां एक ओर उसे अपनी नौकरी से हाथ धोना पड़ गया वहीं सुरक्षा एजेन्सियां भी अब सिख और किसान परिवारों से सम्बिन्धित व्यक्तियों को कहीं ना कहीं नागरिकों यां फिर विशिष्ट लोगों की सुरक्षा की जिम्मेवारी देने में संकोच कर सकती हैं। हालांकि कुलविन्दर कौर का पिछला रिकार्ड बताता है कि वह पूरी जिम्मेवारी के साथ अपनी ड्यूटी निभा रही थी। और ऐसा नहीं है कि कंगना इससे पहले कभी मोहाली हवाई अड्डे पर ना आई हो, अगर उसने जानबूझ कर कंगना से अपनी माताओं पर की गई टिप्पणी का बदला लेना होता तो वह पहले भी ले सकती थी फिर एकाएक ऐसा क्या हुआ होगा उस समय जब उसने एक दम से थप्पड़ की घटना को अन्जाम दिया। इसकी गहन जांच की आवश्यकता है, उसके बाद ही स्थिति साफ हो पाएगी।



# गैंगस्टर पुजारी ने अदालत परिसर में पाक समर्थित नारे लगाए, हुई मारपीट

**बेलगावी**, (पंजाब केसरी): जेल में बंद गैंगस्टर जयेश पुजारी ने अदालत परिसर में कथित तौर पर पाकिस्तान के समर्थन में नारे लगाए। यह घटना तब हुई जब गैंगस्टर को उसके खिलाफ लंबित एक मामले की सुनवाई के सिलसिले में अदालत में पेश होने के लिए लाया गया था। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी।पुलिस ने बताया कि नारे लगाने के बाद वहां एकत्र हुए लोगों और वकीलों ने कथित तौर पर उसके साथ धक्का मुक्की की। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, हमारे पास अभी इस बात का कोई निर्णायक जवाब नहीं है कि उसने यह नारे क्यों लगाए। हम इस मामले की जांच कर रहे हैं। पुलिस ने बताया कि गैंगस्टर जयेश पुजारी के खिलाफ 2018 में दर्ज एक मामले के संबंध में बुधवार को उसकी सुनवाई होनी थी और इसलिए उसे हिंडालगा स्थित केंद्रीय कारागार से अदालत लाया गया, जहां वह बंद है। पुलिस अधिकारी ने पीटीआई-भाषा को बताया कि तत्कालीन एडीजीपी आलोक कुमार को कथित तौर पर धमकी देने के बाद यह मामला दर्ज किया गया था। उन्होंने बताया कि गैंगस्टर पुजारी दोहरे हत्याकांड में भी दोषी है। उन्होंने कहा कि बुधवार को जब उसे पेशी के लिए अदालत में ले जाया जा रहा था, तभी उसने परिसर के अंदर 'पाकिस्तान जिंदाबाद' के नारे लगाए। वहां मौजूद पुलिस अधिकारियों ने उसे दबोचा और थाने ले आए। यह पूछे जाने पर कि क्या पाकिस्तान समर्थक नारे लगाने पर उस पर हमला किया गया, अधिकारी ने कहा, हम जांच कर रहे हैं, हमें अभी पता लगाना है कि क्या हुआ था। फुटेज में दिखाया गया है कि उस पर कथित रूप से हमला किया गया था, लेकिन क्या वास्तव में उस पर हमला किया गया था या नहीं, इसकी हम अभी जांच कर रहे हैं। चोट का कोई निशान साफ साफ नहीं दिख रहा है। आज की घटना के संबंध में गैंगस्टर पुजारी के खिलाफ बेलगावी शहर के बाजार पुलिस थाने में भारतीय दंड संहिता की धारा 295 ए (जानबूझकर और दुर्भावनापूर्ण कृत्य, किसी भी वर्ग के धर्म या धार्मिक विश्वास का अपमान करके उसकी धार्मिक भावनाओं को आहत करने का इरादा) और धारा 505 (2) (वर्गों के बीच दुश्मनी, घृणा या दुर्भावना पैदा करने या बढ़ावा देने वाले बयान) के तहत मामला दर्ज किया जा रहा है और बाद में उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया जाएगा।

दिल्ली आर.एन.आई. नं. 40474/83
पंजाब केसरी
दिल्ली कार्यालय :
फोन आफिस: 011-30712200, 45212200,
प्रसार विभाग: 011-30712224
विज्ञापन विभाग: 011-30712229
सम्पादकीय विभाग: 011-30712292-93
मैगजीन विभाग: 011-30712330
फैक्स : 91-11-30712290, 30712384, 011-45212383, 84
Email: Editorial@punjabkesari.com

स्वत्वाधिकारी दैनिक समाचार लिमिटेड, 2-प्रिंटिंग प्रैस कॉम्पलैक्स, नजदीक वजीरपुर डीटीसी डिपो, दिल्ली-110035 के लिए मुद्रक, प्रकाशक तथा सम्पादक अनिल शारदा द्वारा पंजाब केसरी प्रिंटिंग प्रैस, 2-प्रिंटिंग प्रैस कॉम्पलैक्स, वजीरपुर, दिल्ली से मुद्रित तथा 2, प्रिंटिंग प्रैस कॉम्पलैक्स, वजीरपुर, दिल्ली से प्रकाशित।

## प्रतियोगिता रिश्तों की

1. मां-बेटा, बेटी का रिश्ता।
2. पिता-बेटा, बेटी का रिश्ता।
3. माता-पिता का रिश्ता।
4. पति-पत्नी का रिश्ता।
5. सास-बहू, दमाद का रिश्ता।
6. ससुर-बहू, दमाद का रिश्ता।
7. दोस्तों का रिश्ता।
8. दादा-पोते, पोतियों का रिश्ता।
9. नाना-नानी का नातिनों से रिश्ता।
10. पड़ोसियों का रिश्ता।
11. भाभी-देवर का रिश्ता।
12. जीजा-साली का रिश्ता।
13. गुरु-शिष्य का रिश्ता।
14. अपने पालतू प्राणी के साथ रिश्ता (कुत्ता, बिल्ली, तोता) कोई भी।
15. प्रभु से रिश्ता या ऐसा कोई जिसका आपकी जिंदगी में महत्व है या जिसने आपकी जिंदगी बदल दी।
16. भाई-भाई का रिश्ता।
17. भाई-बहन का रिश्ता।
18. बहनों को रिश्ता।

नाम ....................

पता ......................

फोन नम्बर ............

20 पंक्तियां ...........

.........................................

फोटो

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :
9871598497, 9811030309
deskfeature@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।
हमारी वैबसाइट एवं लिंक
https://vnkc.org/
https://m.facebook.com/vnkclub

## अर्थजगत

# दालों, चीनी में मंदी, गेहूं में सुधार, मसूर भी नरम

**नई दिल्ली,** (एनएनएस): स्टॉकिस्टों की लिवाली कमजोर पडऩे से चना खड़ी मोटर राजस्थान, एमपी, चना दाल लोकल तथा बढिय़ा में 40-100 रुपए प्रति क्विंटल मंदी आई। मसूर में भी 35-50 रुपए प्रति क्विंटल की मंदी दर्ज की गई। दूसरी ओर, हल्की-फुल्की लिवाली से गेहूं दड़ा मिल पहुंच तथा चक्की पहुंच में 2-5 रुपए प्रति क्विंटल का सुधार हुआ तिलहन बाजार में, स्टॉकिस्टों की लिवाली बढऩे सरसों एक्सपैलर में 100 रुपए तथा चावल तेल पंजाब में 50 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी आई जबकि तिल तेल 200 रुपए प्रति क्विंटल मंदा हुआ। चीनी बाजार में, लिवाली कमजोर ही बनी होने से विभिन्न मिलों की चीनी में 5-30 रुपए प्रति क्विंटल की मंदी आई।

**अनाज-दाल :** गेहूं एमपी देशी 3650/3850, दड़ा (मिल पहुंच) 2630/2632, चक्की (पहुंच) 2635/2640, आटा चक्की (10 किलो)(जीएसटी सहित) 295/300, रोलर फ्लोर मिल आटा (50 किलो) 1420/1430, मैदा (50 किलो) 1450/1470, सूजी (50 किलो) 1460/1480, चोकर (48 किलो)1170/1180, चावल: बासमती लालकिला 14400, स्वाद 10400, शरबती सेला 4900/5000, स्टीम 5300/5600, (1121 नं.) चावल सेला 7800/8000, स्टीम 8900/9000, सोर्टेक्स 9100/9200, (1509 नं.) चावल सेला 6700/6800, स्टीम 7800/8000, बासमती (1718) सेला 7700/7800, ताज 5100/5200, परमल कच्चा 3600/3700, मक्की: यूपी 2225/2230, बिहार 2300/2350, जौ : 2175/2200, दाल उड़द: छिलका (लोकल) 11000/11500, बढिय़ा 11800/12400, दाल मूंग: छिलका 9500/9800, बढिय़ा 10300/11600, दाल मसूर: लोकल 8100/8200, बढिय़ा 8300/8500, मलका: लोकल 7700/7900, बढिय़ा 8000/8200, दाल अरहर: दड़ा 15500/16000, पटका 16300/16800, चना (खड़ी मोटर) राजस्थान 7140/7150, एमपी 7100/7125, चनादाल: लोकल 8100/8200.

**चीनी मिल डिलीवरी :** अफजलगढ़ 3850, सिंभावली 3900, शामली 3850, मोदी 3840, देवबंद 3900, किनौनी 3900, बुढ़ाना 3830, खतौली &, मवाना 3830

**लोहा व इस्पात :** सरिया: कामधेनु: (8 एमएम) 70400, (10 एमएम) 69300, (12 एमएम) 66900, (16-25 एमएम) 68100, कामधेनु पीएएस-10000 (पीस): (8 एमएम) 386, (10) 592, (12) 836, (16) 1488, ( 20 एमएम) 2327, (25 एमएम ) 3632, अम्बा शक्ति -500 एसडी: (8 एमएम) 70200, (10 एमएम)68500, (12 एमएम) 67600, (16-25 एमएम) 67300, (32 एमएम) 66700, अम्बा शक्ति-ट्राईकोर (8 एमएम) 70000, (10) 68000, (12) 67500, (16-25) 67500, (32) 67500, केवीएस टीएमटी बार (8 एमएम) 70300, (10) 68600, (12) 67600, (16-25) 66700, (28-32) 66800, बिरला (8 एमएम) 69800, (10 एमएम) 66800, (12 एमएम) 67200, (16-25 एमएम) 66800, टीएमटी: जयभारत: (8 एमएम) 69800, (10 एमएम) 68700, (12 एमएम) 67300, (16-25 एमएम) 67000, अनमोल-500 एसडी: (8 एमएम) 69200, (10 एमएम) 68700, (12 एमएम) 67400, (16-25 एमएम)67500, चैनल: राना (जीएसटीअतिरिक्त) 56000, एमएस (केवीएस) (75&40) (100&50) 58200, जयभारत 55000, अनमोल 55000, बिरला 57300, गार्डर (ज्वाइस्ट): जयभारत 56000, अनमोल 56000, टी-आयरन: राना 56000, (बिलट): (ढाई से तीन इंच) 46400, (साढ़े तीन इंच) 47400, (चार इंच) 47800, (पांच इंच) 47700, (छ: इंच) 47700, स्क्रैप: पुरानी 40500, मैल्टिंग स्क्रैप 42500, इंगट 47000, राउंड 52500

**अलौह धातु :** एंटीमनी: चीन &, कैडमियम: रॉड &, मैक्सिको &, प्लेट &, लैड (सीसा): बैट्री सफेद &, बैट्री काला 102, देशी मुलायम 189/207, देशी सख्त (एक-डेढ़ प्रतिशत) 189/207, चार प्रतिशत 194/211, पी.पी.&, गन मैटल स्क्रैप: लोकल &, मिक्स &, जालंधर &, स्टील बर्तन &, ब्रास (पीतल): हनी 570, रेडिएटर देशी 389, रेडिएटर विदेशी 389, चादरी देशी 542, पुर्जे स्क्रैप 528, टिन (रांग): इंगट मलेशिया &, इंडोनेशिया 2800, जिंक (जस्ता): इंगट (पटरा) एचजेडएल 264, एजेड 268, आईजेड 261, आईजे 263,पीएमआई 231, ड्रास (ढीमा) 210, निकिल कैथोड: रसियन- (4&4) 1520, (8&8) 1525, (4&24) 1530, नार्वे (4&4) 1540, (4&24) 1545, कॉपर (तांबा): आरमेचर प्लांट 792, भट्ठी 794, सीसी 870, एल्यूमीनियम: सीजी इंगट 238, शीट कटिंग 218, वायर स्क्रैप 222, बर्तनफूट 186, पुर्जाफूट 184, रॉड: लोकल 242, कम्पनी 258

### कल क्या होगा?




नई दिल्ली, (एनएनएस) शुक्रवार ज्येष्ठ सुदी अष्टमी को मक्की, बाजरा, मोठ, उड़द, तुवर बिनौला तेल, लोबिया, देशी चना, राजमा चित्रा, सरसों, सोयाबीन, ग्वार व ग्वारगम, कालीमिर्च, धनिया, अजवायन, आबजोश, आंवला, पिस्ता, मेथी, हींग, सौफ, सोना, चांदी में लाभ एवं गेहूं, बारीक चावल, काबुली चना, मूंग, चावल तेल एवं इनकी डीओसी, पोस्तदाना, लौंग, जीरा, साबुदाना, पिस्ता बादाम, असगंध, छुआरा, बेलगिरी, सितावर, लोहा-इस्पात में हानि की संभावना है। भाग्यांक 2-5-7-9 है। यात्रा विचार- पूरब दिशा की ओर 7.36 बजे प्रात: से पहले यात्रा करना लाभप्रद होगा।

## जोशीमठ का नया नाम ज्योतिर्मठ, कोश्याकुटोली बनी श्री कैंचीधाम तहसील

**देहरादून,** (पंजाब केसरी) : उत्तराखंड के चमोली जिले की जोशीमठ तहसील को अब उसके प्राचीन नाम ज्योतिर्मठ के रूप में जाना जाएगा जबकि नैनीताल जिले की कोश्याकुटोली तहसील का नया नाम अब श्री कैंचीधाम हो गया है । अधिकारियों ने बुधवार को यहां बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा की गयी घोषणाओं के अनुरूप इस संबंध में प्रस्ताव बनाकर केंद्र सरकार को भेजे गए थे, जिन्हें अब उसकी मंजूरी मिल गयी है। जोशीमठ की स्थानीय जनता लंबे समय से जोशीमठ को ज्योतिर्मठ नाम दिए जाने की मांग कर रही थी और मुख्यमंत्री के सामने भी यह मांग प्रमुखता से उठाई गई थी जिसके मद्देनजर पिछले साल उन्होंने चमोली जिले में एक कार्यक्रम के दौरान नाम परिवर्तन की घोषणा की थी। मान्यता है कि आठवीं सदी में आदि गुरु शंकराचार्य इस क्षेत्र में आए थे और कल्पवृक्ष के नीचे तपस्या की थी जिससे उन्हें दिव्य ज्ञान की ज्योति की प्राप्ति हुई थी । दिव्य ज्ञान ज्योति और ज्योतेश्वर महादेव की वजह से इस स्थान को ज्योतिर्मठ कहा गया लेकिन बाद में यह जोशीमठ के नाम से प्रचलित हो गया। जोशीमठ को बदरीनाथ धाम का प्रवेशद्वार माना जाता है। नैनीताल जिले की कोश्याकुटोली तहसील को बाबा नीब करौरी महाराज के आश्रम श्री कैंची धाम का नया नाम देने के प्रस्ताव को भी केंद्र से मंजूरी मिल गयी है।

## चुनिंदा शेयरों में खरीदारी से निफ्टी नए उच्चस्तर पर, सेंसेक्स 150 अंक चढ़ा



**मुंबई,** (पंजाब केसरी): वैश्विक स्तर पर मजबूती के संकेतों के बीच घरेलू बाजार में बिजली, पूंजीगत उत्पाद और औद्योगिक शेयरों में खरीदारी आने से बुधवार को निफ्टी ने अपना उच्चतम स्तर छुआ जबकि सेंसेक्स अपने रिकॉर्ड स्तर से थोड़ा ही दूर रहा। कारोबारियों ने कहा कि एचडीएफसी बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसी चुनिंदा कंपनियों के शेयरों को लेकर लिवाली का रुझान होने से भी निवेशकों की धारणा को बल मिला और दोनों सूचकांक हल्की बढ़त के साथ बंद हुए। बेहद अस्थिर कारोबार में बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 149.98 अंक यानी 0.20 प्रतिशत चढ़कर 76,606.57 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 593.94 अंक यानी 0.77 प्रतिशत बढ़कर 77,050.53 अंक पर पहुंच गया था, जो इसके सर्वकालिक उच्चस्तर 77,079.04 से केवल 28.51 अंक दूर है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 177.1 अंक यानी 0.76 प्रतिशत बढ़कर दिन में कारोबार के दौरान 23,441.95 के अपने नए उच्चस्तर पर पहुंच गया। कारोबार के अंत में यह 58.10 अंक यानी 0.25 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,322.95 के नए उच्चस्तर पर बंद हुआ। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ तकनीकी शोध विश्लेषक नागराज शेट्टी ने कहा, ''सकारात्मक स्तर पर बाजार खुलने के बाद सत्र के बड़े हिस्से में बढ़त रही। हालांकि, कारोबारी सत्र के दौरान गिरावट आने को लिवाली के अवसर के रूप में इस्तेमाल किया गया।''

## एमएसएमई के वहनीय विकास के लिए क्रेडिट से परे जाने की जरूरत

**मुंबई,** (पंजाब केसरी): हाल के दिनों में, अपनी राख से उभरते हुए फीनिक्स की तरह, एमएसएमई उपक्रम हमारी आर्थिक गाथा के गुमनाम नायकों के रूप में उभरे हैं। मनीष शाह ( प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी, गोदरेज कैपिटल) कहते हैं कि उन्होंने महामारी के झटके, क्रेडिट-संबंधी और अन्यथा, उल्लेखनीय दृढ़ता के साथ झेले हैं। आंकड़े, इस दृढ़ता का प्रमाण हैं और इसकी सम्मोहक कहानी बताते हैं। 63 मिलियन एमएसएमई देश की जीडीपी में लगभग एक तिहाई का योगदान करते हैं, निर्यात में 50% का उल्लेखनीय योगदान देते हैं, और ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों में समान उपस्थिति बनाए रखते हैं और इस तरह वे भारत के आर्थिक परिदृश्य की धड़कन हैं।एमएसएमई की चुनौतियों से निपटने के लिए, हमें पारंपरिक ऋण प्रक्रिया से हटना होगा।

## डी डेवलपमेंट इंजीनियर्स लिमिटेड का निर्गम 19 को

**मुंबई,** (पंजाब केसरी): डी डेवलपमेंट इंजीनियर्स लिमिटेड ("डी इकविटी शेयरों के अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के सम्बन्ध में बुधवार, 19 जून 2024 को अपनी बोली/प्रस्ताव खोलेगी। इकिवटी शेयरों (अंकित मूल्य रु. 10 प्रत्येक) के कुल ऑफर में रु. 3,250 मिलियन निर्गम तक के ("ताजा निर्गम ") और 45,82,000 इकविटी शेयरों की बिक्री के लिए प्रस्ताव शामिल हैं। इस ऑफर में पात्र कर्मचारियों द्वारा द्वारा सदस्यता के लिए कुल मिलाकर रु. 10.00 मिलियन (रु. 1 करोड़) तक का आरक्षण शामिल है।

## राइफल की बट से किसान नेता का सिर फोड़ा, प्राधिकरण टीम पर हुई पत्थरबाजी

**ग्रेटर नोएडा,** (पंजाब केसरी): ग्रेटर नोएडा वेस्ट के इटेड़ा गांव में बुधवार सुबह ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की टीम पुलिस बल के साथ पहुंची। टीम पुरानी आबादी पर बनी कुछ दुकानों को तोड़ने की कार्रवाई कर रही थी। बताया जा रहा है कि इनके साथ कुछ निजी बाउंसर भी थे। जब गांव के किसान नेता ने इसका विरोध किया तो रायफल की बट मारकर उनका सिर फोड़ दिया गया। इससे पहले प्राधिकरण टीम पर पत्थरबाजी भी की गई थी। इटेड़ा गांव निवासी मेनपाल यादव भारतीय किसान यूनियन क्रांति के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं।

उनकी पुरानी आबादी में जमीन है। जिस पर कुछ दुकानें बनाई हुई हैं। बुधवार सुबह ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की टीम भारी पुलिस बल और कुछ निजी बाउंसरों के साथ मौके पर पहुंची और दुकानों को तोड़ने लगी। इसका मेनपाल और परिवार ने विरोध किया।

## ग्रेटर नोएडा में हनी ट्रैप गैंग का पर्दाफाश, 2 हसीना समेत 6 गिरफ्तार

**नोएडा**(पंजाब केसरी):थाना बीटा 2 पुलिस ने एक हनी ट्रैप गैंग का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने दो महिलाओं समेत 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस का दावा है कि पकड़ी गई महिलाएं फोन के माध्यम से लोगों को मीठी बातों और हुस्न दिखाकर अपनी ओर आकर्षित करती थी। जब वह उनसे मिलने पहुंचते तो रेप के केस में फंसाने की धमकी देकर उनसे पैसा वसूलती थी। पुलिस ने गैंग के सरगना समेत सभी आरोपी को गिरफ्तार किया है। ग्रेटर नोएडा एडीसीपी अशोक कुमार ने बताया कि थाना बीटा 2 पुलिस ने हनी ट्रैप गैंग का पर्दाफाश किया है। परीचौक गोल चक्कर के पास 2 महिलाओं समेत 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान राज चौधरी उर्फ हसीन मौहम्मद निवासी अम्रपाली लेजर पार्क थाना बिसरख, भुपेन्द्र सिंह निवासी ग्राम बहरौली अहीर थाना मलपुरा जिला आगरा, फैजान अहमद निवासी मौहल्ला मनिहारान थाना कारल जिला मैनपुरी, राहुल कुमार निवासी कबीरगंज थाना कोतवाली शहर जिला इटावा, संजना यादव पीजी, सेक्टर-62 नोएडा, रिफा उर्फ रूस्तम पुत्री राजूहसन ग्राम भिन्डोरा थाना बिसातगंज जिला बरेली के रूप में हुई है। राज ही अपनी महिला मित्र के जरिए हनी ट्रैप का गैंग चला रहा था। इनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त स्कार्पियों, 05 आधार कार्ड अलग-अलग नाम पतों के, 04 एटीएम कार्ड, इनकम टैक्स कार्ड, आरसी कार्ड बरामद हुए हैं।

## उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री द्वारा रीको की समीक्षा



**जयपुर,** (बनवारी): उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री, राजस्थान सरकार कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने बुधवार को रीको के वरिष्ठ अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। इस बैठक में प्रमुख शासन सचिव उद्योग एवं वाणिज्य एवं रीको अध्यक्ष अजिताभ शर्मा, प्रबंध निदेशक शिवप्रसाद नकाते एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। बैठक में मंत्री महोदय ने रीको की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। इस अवसर पर उद्योग मंत्री ने विभिन्न परियोजनाओं में गति लाने के दिशानिर्देश दिए। राठौड़ ने स्पष्ट किया कि हमारा उद्देश्य एवं मकसद राज्य में निवेश आकर्षित करना है और इसके लिए नियमों का सरलीकरण किया जाए जिससे उद्यमियों को उद्योग लगाने में सहुलियत हो।

## रेल निकुंज, जयपुर में नवीनीकृत स्वास्थ्य यूनिट का उद्घाटन



**जयपुर,** (बनवारी): जगतपुरा, जयपुर स्थित ऑफिसर कॉलोनी (रेल निकुंज) में नवीनीकृत स्वास्थ्य यूनिट का उद्घाटन महाप्रबंधक, उत्तर पश्चिम रेलवे, श्री अमिताभ एवं उत्तर पश्चिम रेलवे महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा डॉ. अंजू द्वारा किया गया। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार जगतपुरा स्थित स्टाफ कॉलोनी, रेलवे ऑफिसर कॉलोनी एवं आसपास निवास करने वाले सैंकड़ों रेल कर्मियों एवं उनके परिवार के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए नवीनीकृत स्वास्थ्य यूनिट का शुभारम्भ किया गया है। इस हैल्थ यूनिट में लाभार्थियों को बहिरंग विभाग में विशेषज्ञ चिकित्सकों जैसे - फिजिशियन, चर्म रोग, स्त्री रोग, शिशु रोग सहित फिजियोथरेपि विभाग तथा दंत विभाग एवं खून जांच की सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी।

**अब दानियों के अनुरोध पर 'एक मिशन एक सेवा' का प्रकाशन प्रतिदिन किया जा रहा है ताकि दानदाता अपने प्रियजनों के जन्मदिन, पुण्यतिथि, वैवाहिक वर्षगांठ या किसी खास मौके की तिथि विशेष पर अपनी इच्छानुसार दान राशि प्रकाशित करा सकें।**

# एक मिशन एक सेवा

बुढ़ापा जीवन का अटल सत्य है। गरीबी, बीमारियां, तथा अपनों का मुंह फेर लेना, इसे अभिशाप बना देते हैं। आईये! ऐसे बुजुर्गों का सहारा बनें। सुखी-सम्पन्न लोगों के सहयोग से इनका अकेलापन, दु:ख दूर किये जा सकते हैं। ताकि भावी पीढ़ी इनसे प्रेरणा ले सकें।



**पंजाब केसरी दैनिक समाचार पत्र समूह- 2000रु.**

### दानियों के लिए विशेष सूचना

वरिष्ठ नागरिक केसरी क्लब के लिए दान देने वाले सज्जन अब देशभर में **पंजाब नैशनल बैंक** की किसी भी शाखा में जाकर सहायता राशि जमा करवा सकते हैं, इसके लिए ध्यान रखें कि उक्त राशि **वृद्ध केसरी, रोमेश चंद्र ट्रस्ट के अकाऊंट नंबर** 3075002102006705 में देय होनी चाहिए। हमारा अनुरोध है कि सहायता राशि जमा करवाने के बाद हमें सूचित जरूर करें, ताकि रसीद भेजी जा सके। यह राशि आयकर छूट प्राप्त है। **जो सज्जन पंजाब नैशनल बैंक की किसी शाखा में नकद राशि जमा कराएं, वे बैंक की रसीद हमें कोरियर करा दें, ताकि आपको हम रसीद भेज सकें। सभी दानकर्ताओं से अनुरोध है कि दान भेजते समय पूरा पता, टेलीफोन नंबर और पैन कार्ड नंबर भी साथ में लिखें।**

दिल्ली के बाहर के दानकर्ता 500/- रुपए से कम की दानराशि कृपया ड्राफ्ट या मनीआर्डर से ही भेजें

कृपया अपना ड्राफ्ट या चैक **वृद्ध केसरी रोमेश चंद्र ट्रस्ट**, के नाम बना कर हमें भेजें। सभी दानी सज्जनों के नाम प्रति दिन प्रकाशित किए जाएंगे। लेकिन फोटो 5100/- या इससे अधिक की दान राशि देने वाले सज्जनों के प्रकाशित किए जाएंगे। दान के लिए पंजाब केसरी कार्यालय में प्रात: 10 से 5.30 बजे तक सम्पर्क करें।

*** यह राशि आयकर कानून की धारा 80-जी के अन्तर्गत करमुक्त है!**

**पता :- वरिष्ठ नागरिक केसरी क्लब**
2, प्रिंटिंग प्रेस काम्प्लेक्स, नियर वजीरपुर डिपो, दिल्ली-35

**दान के लिए कृपया 01130712376, 09871598497, 9810107375 पर संपर्क करें। यदि कोई सज्जन या संस्था हमारे नाम से पैसा इकट्ठा करे तो इसका जिम्मेदार वरिष्ठ नागरिक केसरी क्लब नहीं होगा।**

## केसरी सूडोकू- 2911

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | | | 7 | | | 4 | 6 |
| | | 6 | 9 | | 2 | 8 | | |
| | | | | 6 | | | | |
| 7 | 1 | | | | | | 2 | 5 |
| | | | 3 | | 5 | | | |
| 6 | 8 | | | | | | 1 | 3 |
| | | | | 2 | | | | |
| | | 7 | 5 | | 4 | 1 | | |
| 5 | 2 | | | 3 | | | 6 | 9 |

### हल करने का तरीका

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।
- आड़ी व खड़ी पंक्ति में और 3x3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सूडोकू 2910 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 8 | 9 | 7 | 3 | 5 | 6 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 7 | 1 | 6 | 8 | 9 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 9 | 4 | 2 | 1 | 8 | 7 |
| 9 | 7 | 4 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 | 8 |
| 8 | 5 | 6 | 2 | 7 | 4 | 3 | 9 | 1 |
| 2 | 3 | 1 | 5 | 8 | 9 | 7 | 6 | 4 |
| 6 | 4 | 2 | 8 | 9 | 1 | 5 | 7 | 3 |
| 7 | 1 | 8 | 6 | 5 | 3 | 4 | 2 | 9 |
| 3 | 9 | 5 | 4 | 2 | 7 | 8 | 1 | 6 |





पंजाब केसरी दिल्ली की डायरेक्टर एवं वरिष्ठ नागरिक केसरी क्लब की चेयरपर्सन श्रीमती किरण चोपड़ा एवं उनकी पुत्रवधू श्रीमती राधिका चोपड़ा बॉलीवुड अभिनेत्री रवीना टंडन के निवास पर सप्रेम भेंट करते हुए।

# बेहद खास तरीके से आमिर खान मनाएंगे मां का 90वां जन्मदिन



आमिर खान बॉलीवुड के सुपरस्टार होने के साथ-साथ सुपर फैमिली मैन भी है। वह अपने परिवार वालों के लिए अपने काम से समय निकालकर वक्त गुजारते हैं। इस बार बार भी कुछ ऐसा ही होने जा रहा है। हर साल अभिनेता अपनी मां जीनत हुसैन का जन्मदिन सेलिब्रेट करते हैं। इतना ही नहीं इस खास मौके पर मिस्टर परफेक्शनिस्ट उन्हें खास तोहफे भी देते आए हैं। ऐसे में इस बार जीनत हुसैन का जन्मदिन बेहद खास है। वह पूरे 90 साल की होने जा रही हैं, जिसके चलते आमिर खान ने इस बार बेहद ग्रैंड सेलिब्रेशन करने वाले हैं। खबर है कि अभिनेता ने इस दिन की सारी तैयारियां पूरी कर ली है। अब सबको 13 जून का इंतजार है। आमिर खान ने मां का जन्मदिन मनाने के लिए विभिन्न शहरों से 200 से अधिक परिवार के सदस्यों और दोस्तों को बुलाया है। बीते दिनों जीनत अस्वस्थ थी, लेकिन अब वह ठीक हो गई है। बीते साल आमिर मां को चेन्नई लेकर गए थे। जहां उनका इलाज करवाया गया था। टल में रुके थे। जहां जीनत का इलाज चल रहा था।

**सालों बाद इन फिल्मों में नजर आएंगे अभिनेता**

आमिर खान के आने वाले प्रोजेक्ट्स की बात करें तो वह जल्द फिल्म लाहौर 1947 में नजर आएंगे। इस फिल्म में आमिर के साथ सनी देओल भी नजर आएंगे। इसके अलावा वह सितारे जमीन पर में भी नजर आएंगे। बता दें, अभिनेता को आखिरी बार साल 2022 में फिल्म लाल सिंह चड्ढा में देखा गया था। ●



# रणबीर कपूर की लाडली बेटी को एनिमल से है बेहद प्यार

सोशल मीडिया पर जितने सितारे मशहूर हैं, उसे ज्यादा फेमस हैं उनके बच्चे। तैमूर अली खान-जेह और अन्य स्टार किड्स की तरह अब रणबीर कपूर की लाडली बेटी सोशल मीडिया पर यूजर्स की भी लाडली बन चुकी हैं। आलिया की बेटी का कोई भी वीडियो जैसे ही इंटरनेट पर आता है, वह देखते ही देखते वायरल हो जाता है। कुछ दिनों पहले पिता को प्यार से गाल पर किस करते हुए राहा का एक वीडियो सामने आया था।

अब हाल ही में रणबीर की बेटी का एक और वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें साफ तौर पर नन्ही राहा का एनिमल के लिए प्यार देखने को मिल रहा है। राहा की एक स्माइल देखकर फैंस का दिल पिघल जाता है। हाल ही में राहा का एक वीडियो जमकर वायरल हो रहा है, जिसे एक फैन ने शेयर किया है। इस वीडियो में राहा पापा की गाड़ी में बैठकर कहीं जाती दिखीं। जैसे ही उनकी गाड़ी ट्रैफिक सिग्नल पर रुकी, तभी साइड में एक महिला कुत्ते के साथ खड़ी हुई दिखाई दी। जैसे ही राहा ने डॉग को देखा उन्होंने अपनी गाड़ी से मुंह बाहर निकाल लिया और हाथ हिलाकर उसे बाय-बाय करती दिखीं। महिला ने भी राहा को देखकर कुत्ते को गोद में उठा लिया, जिसे देखकर रणबीर की लाडली खिलखिला उठीं। राहा और डॉग के बीच के इस प्यारे मोमेंट को फैन ने कैप्चर कर लिया और कैप्शन में लिखा, राहा अभी से ही एनिमल लवर है बिल्कुल अपने माता-पिता की तरह। ●

# कटे फटे कपड़ों में नजर आईं मौनी रॉय



मौनी रॉय आए दिनों किसी ना किसी वजह से लाइमलाइट में रहती हैं। कभी वह अपनी दोस्त दिशा पटानी के साथ वेकेशन पर जाती हैं तो कभी अपने लुक्स की वजह से चर्चाओं में आ जाती हैं। इस वक्त उनकी कुछ शानदार हॉट तस्वीरें सोशल मीडिया का टेम्परेचर हाई कर रही हैं। जैसे ही इन तस्वीरों अभिनेत्री के द्वारा साझा किया गया ये वायरल हो रही हैं। यहां तक की फैन्स भी इन तस्वीरों को देख मौनी के दीवाने हो गए हैं। वायरल हो रही इन तस्वीरों में देखा जा सकता है कि मौनी रॉय बीच किनारे हर तरफ से खुले हुए कपड़े पहनकर खड़ी हुई हैं। खुले बाल और नो मेकअप लुक के साथ मौनी अपनी शानदार पर्सनालिटी दिखा रही हैं। उनका लुक और स्टाइल लोगों का दिल जीत रहा है। कभी मौनी पोज देती दिख रही हैं तो कभी मौनी वाटर स्पोर्ट्स करती नजर आ रही हैं। बता दें कि इन तस्वीरों के फैन्स ही क्या सितारे भी दीवाने हो गए है। मौनी रॉय की इन तस्वीरों पर लोगों के रिएक्शन्स आ रहे हैं। फैंस लगातार कई तरह के कमेंट्स कर रहे हैं। एक ने लिखा है, मैडम मैं आपकी पिक्चर देख के मैं खुश हो रहा हूं। एक ने लिखा,



ग्लोबल वार्मिंग का कारण आप हैं..। एक ने लिखा, छुपाना भी नहीं आता दिखाना भी नहीं आता। एक ने लिखा, हॉट लग रही हो। इस तरह से लोग कमेंट्स कर रहे हैं। इसके अलावा अभिनेत्री दिशा पाटनी का भी कमेंट सामने आया है। देखने वाली बात होगी वो कब अपने अगले प्रोजेक्ट का हिस्सा बनते हैं। ●





# आदिल ने संदीप रेड्डी वांगा पर साधा निशाना

संदीप रेड्डी वांगाकी फिल्म एनिमल 2023 की ब्लॉकबस्टर फिल्म है। बॉक्स ऑफिस पर इस मूवी ने छप्परफाड़ कमाई, लेकिन क्रिटिक्स गले ये फिल्म नहीं उतर पाई। एनिमल को लेकर सोशल मीडिया पर खूब बवाल मचा। वहीं, अब कबीर सिंह एक्टर आदिल हुसैन ने संदीप रेड्डी वांगाकी फिल्म पर कटाक्ष कर दिया है। आदिल हुसैन ने कबीर सिंह में काम किया किया था। हालांकि, बाद में उन्होंने इस फिल्म का हिस्सा होने पर अफसोस जाहिर किया था। जिसके जवाब में संदीप रेड्डी वांगाने उनके लंबे करियर पर सवाल किया था। आदिल हुसैन अब एनिमल को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने किसी भी शर्त पर इस फिल्म का हिस्सा न बनने की बात कही। एक इंटरव्यू में आदिल हुसैन ने कहा कि वो अभी भी अपनी बात पर कायम हैं कि वो कभी भी एनिमल जैसी फिल्म में काम नहीं करेंगे। फिर चाहे उन्हें 200 करोड़ रुपये की फीस मिल रही हो। आदिल हुसैन ने पर खुद को लेकर किए गए संदीप रेड्डी वांगाके कमेंट पर रिएक्ट करते हुए कहा, मैं इस पर क्या कहूं? मुझे लगता है कि इस टिप्पणी पर बहुत सारे जवाब हैं। अगर वो एंग ली (लाइफ ऑफ पाई के डायरेक्टर) से ज्यादा मशहूर हैं, तो मुझे नहीं पता कि क्या कहना चाहिए... ये बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि वह ऐसा सोचते हैं। ●




xmart

To book online, visit auto.mahindra.com

• SOUTH WEST DELHI : SHUBAN SAI MAHINDRA :MARBLE MARKET, DWARKA/SEC - 20, : 8178101584, MADHU VIHAR, RAJAPURI: 8178101995 NAJAFGARH: 8178102134 • CENTRAL DELHI : MALWA MAHINDRA : KAROL BAGH : 9289524166, DARYAGANJ : 9289923362, 9289809360, •WEST DELHI: SRI DURGA : MOTI NAGAR: 7290055624, INDRAPRASTHA AUTOMOBILES : PEERAGARHI: 7290055619, INDRAPRASTHA AUTOMOBILES : JANAKPURI : 9821500363, MALWA MAHINDRA : NARAINA : 92056 66547 • EAST DELHI : INDRAPRASTHA AUTOMOBILES : ASHOK NAGAR : 9953424546, SHIVA AUTO : DILSHAD GARDEN METRO STATION/PATPARGANJ : 8929172582 • SOUTH DELHI : MALWA MOTORS : MAHIPALPUR : 9289773666, KONCEPT AUTOMOBILES : LAJPAT NAGAR : 7290055631, SHIVA AUTO : SAKET : 7669783680, SYNERGY CARS : SAFDARJUNG ENCLAVE: 7290055630, UNITED AUTOMOBILES : MOHAN ESTATE : 9289524154, KONCEPT AUTOMOBILES : OKHLA PHASE - I : 9999010116, 7669459607 • NORTH DELHI : INDRAPRASTHA AUTOMOBILES : WAZIRPUR : 7290055619, SHAKTI NAGAR : 9311011260, NARELA : 9289263814 • NORTH WEST DELHI : INDRAPRASTHA AUTOMOBILES : PRASHANT VIHAR : 9289263813 • FARIDABAD : UNITED AUTOMOBILES : NHPC CHOWK : 7428081661, PRIME AUTOMOBILES : YMCA CHOWK/HODAL /PALWAL: 7290055625 • NOIDA : KONCEPT AUTOMOBILES : NOIDA ( SEC-2 ): 7290055627, NOIDA ( SEC-63 ): 7290055628 • GREATER NOIDA : KONCEPT AUTOMOBILES : GREATER NOIDA /JEWAR : 7290055627 • GURUGRAM : DEE EMM : ATUL KATARIA CHOWK /PATAUDI /SECTOR-14 : 8929648040, GOLF COURSE : 8929648021, KONCEPT AUTOMOBILES : MG ROAD: 7290055620, SOHNA ROAD: 7290055621, RAJEEV CHOWK: 8588868806, SOHNA : 9899794379, ARAV MOTORS : MANESAR : 9289220861 • GHAZIABAD : SHIVA AUTO : VAISHALI METRO STATION: 7290055615, MODINAGAR : 07669700992, LOHIA NAGAR: 7290055612, HAPUR:7290055614, BULANDSHAHAR: 7617595010,8929088709 • HARYANA : LOHCHAB MOTORS :JHAJJAR /BAHADURGARH /ROHTAK/MEHAM : 8059888800, DEWAN FOURWHEELS PVT LTD: REWARI-8607600241, 8607600251, DHARUHERA-8607600207, NARNAUL-8607600220, 8607600243, MOHINDERGARH-8743812345, PP AUTOMOTIVE : SONIPAT /PANIPAT /KARNAL : 7574808718

Price Rs. 4.50 (वार्षिक शुल्क 1980 रुपए डाक द्वारा) PunjabKesari.com PunjabKesari.com @punjabkesaricom पंजाब केसरी DELHI

R.N.I. No. 404 74/83, Postal Regn.No. DL(N)/0169/2018-20, Posted at Delhi RMS Delhi-6

ग्लोबल Window

## शमा सिकंदर की परफेक्ट बॉडी देख यूजर्स हुए मदहोश



**मुंबई, (एजेंसी):** बॉलीवुड अदाकारा शमा सिकंदर ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर की है, जिसमें वे ग्रीन बिकिनी में गार्डन में किलर पोज दे रही हैं। इस तस्वीर में उनका परफेक्ट बॉडी और लाइट मेकअप के साथ खुले बालों की जमकर तारीफ हो रही है। शमा की यह तस्वीर इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रही है और उनके फैंस इसे बेहद पसंद कर रहे हैं। गार्डन में उनका यह किलर अवतार देखकर फैंस काफी मदहोश हो गए हैं और सोशल मीडिया पर एक से बढ़कर एक कमेंट पोस्ट करके उनकी तारीफ कर रहे हैं।

### कमांडर की मौत से बौखलाए हिजबुल्लाह का पलटवार

# इजराइल पर दागे एक-के बाद एक 160 रॉकेट



**यरूशलम, (एजेंसी) :** इजराइल की सेना का कहना है कि बुधवार सुबह लेबनान से उत्तरी इजराइल पर करीब 160 रॉकेट दागे गए। इससे पहले इजराइल ने लेबनान पर हवाई हमला किया था, जिसमें एक वरिष्ठ कमांडर समेत हिजबुल्लाह के चार अधिकारी मारे गए थे। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, सेना ने सुबह बताया कि लेबनान से लॉन्च किए गए करीब 90 प्रोजेक्टाइल की पहचान की गई है। नेशनल फायर एंड रेस्क्यू अथॉरिटी ने कहा कि रॉकेट की वजह से कई इलाकों में आग लग गई। बाद में पश्चिमी गलील और ऊपरी गलील क्षेत्र में माउंट मेरोन की ओर लगभग 70 रॉकेट और दागे गए। यहां एक प्रमुख हवाई रक्षा नियंत्रण इकाई स्थित है। सेना ने कहा, कई प्रोजेक्टाइल को रोक दिया गया, उनमें से ज्यादातर खुले क्षेत्रों में गिरे और कई उत्तरी इजरायल में गिरे। अभी तक इजराइली पक्ष से किसी के घायल होने की जानकारी नहीं मिली है। लेटेस्ट बमबारी के जवाब में इजरायली विमानों ने यारून क्षेत्र में लॉन्चर पर हमला किया।

● **कई इलाकों में लगी आग, इजराइल ने की जवाबी कार्रवाई**

**फिलिस्तीनियों की मौत हमारे लिए जरूरी: सिनवार :** हमास चीफ याहिया सिनवार ने कहा है कि जंग में गाजा के आम नागरिकों की मौत फिलिस्तीन की आजादी के लिए जरूरी है। एक अमेरिकी अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक, सिनवार ने हमास के लड़ाकों और सीजफायर के लिए बिचौलियों से संपर्क रखने वाले अधिकारियों से कहा है कि वे नहीं चाहते यह जंग रुके। सिनवार का मानना है कि युद्ध में जितने ज्यादा आम नागरिकों की मौत होगी, हमास को उतना ज्यादा फायदा मिलेगा। रिपोर्ट के मुताबिक, हमास के पॉलिटिकल लीडर इस्माइल हानिए के तीन बेटों और 4 पोतों की एयरस्ट्राइक में हुई मौत पर सिनवार ने कहा था, लोगों की इस कुर्बानी से फिलिस्तीन को नई जिंदगी मिलेगी।

## कुवैत में अग्निकांड







कुवैत में बुधवार को एक रिहायशी इमारत में लगी भीषण आग, इस घटना में कई भारतीयों समेत 49 लोगों की मौत हो गई। घटना के बाद कुवैत में भारत के राजदूत आदर्श स्वैका अल-अदन अस्पताल का दौरा कर घायल भारतीयों को हरसंभव मदद का आश्वासन देते हुए।


# गधों का गढ़ बना पाकिस्तान रिकॉर्ड बढ़ोतरी, होगा मालामाल!



गधे बढ़कर 59 लाख हुए

**इस्लामाबाद, (भाषा):** कृषि प्रधान देश पाकिस्तान में पशुधन पर जारी नवीनतम आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान देश में गधों की संख्या 1.72 प्रतिशत बढ़कर 59 लाख हो गई है। मंगलवार को पाकिस्तान आर्थिक सर्वेक्षण (पीईएस) 2023-24 जारी किया गया, जिसमें मौजूदा वित्तीय वर्ष में प्रमुख आर्थिक उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया है। इसमें दिखाया गया है कि देश में गधों की संख्या बढ़ रही है। पीईएस में जारी आंकड़ों से पता चलता है कि बोझ ढोने वाले जानवरों की संख्या 2019-2020 में 55 लाख थी। यह संख्या 2020-21 में 56 लाख, 2021-22 में 57 लाख और 2022-23 में 58 लाख थी, जबकि 2023-24 में यह बढ़कर 59 लाख हो गई है। इसमें कहा गया है कि घोड़े और खच्चरों की संख्या में पिछले पांच वर्षों में कोई खास बदलाव नहीं आया है, तथा यह क्रमश: चार लाख और दो लाख है। गधे कई पाकिस्तानियों की आखिरी उम्मीद हैं, खास करके उन लोगों के लिए जो ग्रामीण इलाकों में रहते हैं। ग्रामीण इलाकों में अर्थव्यवस्था इन जानवरों के साथ गहरे से जुड़ी हुई है।

## शहबाज सरकार से बातचीत को तैयार इमरान खान



**इस्लामाबाद, (भाषा):** अपने पुराने रुख से पीछे हटते हुए पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने मौजूदा राजनीतिक तनाव को कम करने के लिए सरकार से बातचीत के लिए हरी झंडी दे दी है। इससे पहले उन्होंने सत्ताधारी गठबंधन के साथ बातचीत से इनकार कर दिया था। जेल में बंद इमरान का विचार उस समय बदला, जब देश के भ्रष्टाचार कानूनों में बदलाव के मामले की सुनवाई के दौरान उच्चतम न्यायालय ने कहा कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी को सरकार से बातचीत शुरू करनी चाहिए और संसद में बातचीत के जरिए अपने मुद्दों को सुलझाना चाहिए। पीटीआई नेता गौहर अली खान ने जेल के बाहर पत्रकारों से बातचीत करते हुए मंगलवार को कहा कि इमरान खान ने सरकार से बातचीत के लिए हरी झंडी दे दी है। उन्होंने कहा कि पार्टी शुरू में अपने सहयोगियों को विश्वास में लेगी, लेकिन इस मुद्दे पर अकेले भी आगे बढ़ सकती है। गौहर ने कहा, हमने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक (इमरान) से कहा कि बातचीत जरूरी है, क्योंकि दूरियां बढ़ रही हैं। वह इस पर हमसे सहमत थे। जियो टीवी ने गौहर के हवाले से कहा, पीटीआई संस्थापक ने कई बार कहा है कि उनके साथ जो हुआ, वह उसे माफ करने के लिए तैयार हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या बातचीत उच्चतम न्यायालय की सलाह के तहत होगी, गौहर ने कहा- उच्चतम न्यायालय द्वारा दिए गए विकल्प पर भी विचार किया जा रहा है।

● **पीटीआई बोली, इमरान ने सरकार से बातचीत के लिए हरी झंडी दी**

## नोबेल विजेता मुहम्मद यूनुस पर गबन के आरोप तय



**ढाका, (एपी):** बांग्लादेश में एक विशेष न्यायाधीश की अदालत ने 20 लाख अमेरिकी डॉलर से अधिक राशि के गबन मामले में नोबेल पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस और 13 अन्य पर बुधवार को आरोप तय किए। गरीब लोगों, विशेष रूप से महिलाओं की मदद करने के लिए सूक्ष्म ऋण की शुरुआत करने के लिए वर्ष 2006 में नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित 83 वर्षीय यूनुस ने खुद को निर्दोष बताया। फिलहाल यूनुस जमानत पर बाहर हैं। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि अधिकारी उन्हें और उनके अन्य सहयोगियों को 'परेशान' कर रहे हैं। उन्होंने किसी भी भ्रष्टाचार में शामिल होने से इनकार किया। ढाका के विशेष न्यायाधीश सैयद अराफात हुसैन ने खचाखच भरी अदालत में यूनुस के गैर-लाभकारी 'ग्रामीण टेलीकॉम' पर लगे आरोपों को हटाने संबंधी याचिकाओं को खारिज कर दिया।

### गाजा से यूक्रेन और सूडान से सीरिया तक जंग की भेंट चढ़ रहे नाबालिग

# 2023 में बच्चों के खिलाफ चरम पर पहुंची हिंसा



यूएन की नई रिपोर्ट में खुलासा

**संयुक्त राष्ट्र, (एपी) :** दुनियाभर में संघर्ष की बढ़ती घटनाओं में फंसे बच्चों के खिलाफ हिंसा 2023 में 'चरम स्तर' पर पहुंच गई। इजराइल और फिलिस्तीन के क्षेत्रों से लेकर सूडान, म्यांमा और यूक्रेन में बड़ी संख्या में हत्याएं हुईं और कई लोग घायल हुए। संयुक्त राष्ट्र की एक नई रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। सशस्त्र संघर्ष में बच्चों के संबंध में एक वार्षिक रिपोर्ट में कहा गया है कि एक के बाद एक युद्ध में 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के खिलाफ हिंसा के मामलों में 21 प्रतिशत की चौंकाने वाली वृद्धि हुई है, जिसमें कांगो, बुर्किना फासो, सोमालिया और सीरिया के मामलों का भी हवाला दिया गया है। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के अनुसार इजराइली सेना को पहली बार बच्चों की हत्या और उन्हें दिव्यांग बनाने और स्कूलों तथा अस्पतालों पर हमला करने तथा बच्चों के अधिकारों का उल्लंघन करने वाले देशों की काली सूची में डाला गया है। रिपोर्ट में पहली बार हमास और फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद आतंकवादियों को भी बच्चों की हत्या करने, उन्हें घायल करने और उनका अपहरण करने के कारण सूचीबद्ध किया गया है।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस की रिपोर्ट में कहा गया है कि दक्षिणी इजराइल में सात अक्टूबर को हमास के हमले और गाजा में इजराइल की जबरदस्त सैन्य जवाबी कार्रवाई के कारण बच्चों के खिलाफ हिंसा की घटनाओं में वृद्धि हुई है। संयुक्त राष्ट्र ने रूसी सशस्त्र बलों और संबद्ध सशस्त्र समूहों को यूक्रेन में बच्चों की हत्या और उन्हें दिव्यांग बनाने तथा स्कूलों और अस्पतालों पर हमला करने के लिए दूसरे वर्ष भी अपनी काली सूची में रखा। रिपोर्ट में कहा गया है कि संयुक्त राष्ट्र ने पिछले वर्ष रूसी सेना और उसके सहयोगियों द्वारा 80 यूक्रेनी बच्चों की हत्या और 419 अन्य को अपंग बनाने की पुष्टि की है।





# अमेरिका को हरा भारत अंतिम आठ में



**न्यूयार्क, (एजेंसियां) :** भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप के 25वें मुकाबले में अमेरिका को 7 विकेट से हरा कर दिखा दिया कि वह किसी भी परिस्थिति के लिये तैयार है। इस मुश्किल पिच पर विराट- रोहित के विकेट सस्ते में गंवाने के बाद भी टीम ने 111 के लक्ष्य को तीन विकेट खोकर ही हासिल कर लिया।

इस जीत के साथ टीम इंडिया वर्ल्ड कप के सुपर-8 में प्रवेश कर गई है। नसाउ काउंटी क्रिकेट स्टेडियम में बुधवार को भारतीय टीम ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया। अमेरिका ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 110 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम ने 18.2 ओवर में 3 विकेट पर टारगेट हासिल कर लिया। सूर्यकुमार यादव ने 49 बॉल पर नाबाद 50 रन बनाए, जबकि शिवम दुबे ने 35 बॉल पर नाबाद 31 रनों की पारी खेली। दोनों के बीच चौथे विकेट के लिए 65 बॉल पर 67 रन की पार्टनरशिप हुई। भारत के लिये सूर्यकुमार का कैच छूटना भी भाग्यशाली रहा और सूर्या ने टीम को जीत दिला कर भारत को अंतिम आठ में पहुंचा दिया। 13वें ओवर में सूर्यकुमार यादव को जीवनदान मिला। शैडली वान शल्कविक के ओवर की तीसरी बॉल पर सौरभ नेत्रवल्कर से शॉर्ट थर्ड मैच पर कैच ड्रॉप हुआ। जब कैच छूटा तब सूर्या 22 रन पर खेल रहे थे। ऋषभ पंत 18 रन बनाकर आउट हुए। कप्तान रोहित शर्मा ने 3 रन बनाए, जबकि विराट कोहली खाता नहीं खोल सके। सौरभ नेत्रवल्कर को 2 विकेट मिले, अली खान ने एक विकेट लिया। अमेरिका की ओर से नीतीश कुमार ने सबसे ज्यादा 27 रन बनाए, जबकि स्टीवन टेलर ने 24 रन का योगदान दिया। भारत की ओर से अर्शदीप सिंह ने 4 विकेट झटके। हार्दिक पंड्या को 2 सफलताएं मिलीं। अक्षर को एक विकेट मिला। एक बल्लेबाज रनआउट हुआ। मैच के दौरान भारतीय टीम को पेनल्टी के 5 रन दिए गए। दरअसल, कोरी एंडरसन का ओवर होने के बाद जसदीप सिंह देरी से ओवर करने आए।

## स्कोर बोर्ड

| | |
|---|---|
| जहांगीर पगबाधा बो. अर्शदीप | 00 |
| टेलर बो. अक्षर | 24 |
| गौस का. हार्दिक बो. अर्शदीप | 02 |
| जोंस का. सिराज बो. हार्दिक | 11 |
| नीतीश का. सिराज बो. अर्शदीप | 27 |
| एंडरसन का. पंत बो. हार्दिक | 15 |
| हरमीत का. पंत बो. अर्शदीप | 10 |
| जेसी सिंह रन आउट | 00 |
| अतिरिक्त : | 18 |
| **कुल** : 20 ओवरों में | 8/110 |

**विकेट पतन** : 0/1, 2/3, 3/25, 4/56, 5/81, 6/96, 7/98, 8/110.

**गेंदबाजी** : अर्शदीप 4-0-9-4, सिराज 4-0-25-0, बुमराह 4-0-25-0, हार्दिक 4-0-14-2, शिवम 1-0-11-0, अक्षर 3-0-25-1.

अमेरिका पारी :

| | |
|---|---|
| रोहित का. हरमीत बो. नेत्रवलकर | 03 |
| विराट का. गौस बो. नेत्रवलकर | 00 |
| पंत बो. अली खान | 18 |
| सूर्यकुमार नाबाद | 50 |
| शिवम दुबे नाबाद | 31 |
| अतिरिक्त : | 09 |
| **कुल** : 18.2 ओवरों में | 3/111 |

**विकेट पतन** : 1/1, 2/10, 3/39

**गेंदबाजी** : नेत्रवलकर 4-0-18-2, अली खान 3.2-0-21-1, जसदीप 4-0-24-0, शेल्विक 4-0-25-0, एंडरसन 3-0-17-0.

# न्यूजीलैंड के लिए 'करो या मरो' का मुकाबला

**टरूबा, (भाषा):** न्यूजीलैंड को अगर टी20 विश्व कप में अपनी उम्मीदें जीवंत रखनी हैं तो उसे मेजबान वेस्टइंडीज के खिलाफ यहां होने वाले करो या मरो मैच में बेहतर प्रदर्शन करके हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। अफगानिस्तान के खिलाफ पिछले मैच में न्यूजीलैंड के बल्लेबाज नहीं चल पाए थे और उसकी पूरी टीम 15.2 ओवर में 75 रन पर आउट हो गई जिससे उसे 84 रन से हार का सामना करना पड़ा। इससे उसका नेट रन रेट भी गड़बड़ा गया और वह ग्रुप सी में सबसे निचले स्थान पर है। न्यूजीलैंड का विश्व कप में प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा है। वह पिछले तीन वनडे विश्व कप और तीन टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचा है लेकिन इस बार उसके लिए चुनौती आसान नहीं है। अफगानिस्तान के खिलाफ उसके केवल दो बल्लेबाज दोहरे अंक में पहुंच पाए थे। केन विलियमसन की अगुवाई वाली टीम को अब उस प्रदर्शन को भूलकर वेस्टइंडीज के खिलाफ अच्छा खेल दिखाना होगा। पिछले मैच में न्यूजीलैंड को केवल बल्लेबाजी में ही नहीं क्षेत्ररक्षण में भी निराशा हाथ लगी। उसने आसान कैच टपकाए और स्टंप आउट करने के मौके गंवाए। अफगानिस्तान ने इसका फायदा उठाकर मजबूत स्कोर खड़ा किया।



### टीम इस प्रकार हैं

**वेस्टइंडीज :** रोवमैन पॉवेल (कप्तान), ब्रैंडन किंग, जॉनसन चार्ल्स, निकोलस पूरन (विकेट कीपर), शेरफेन रदरफोर्ड, आंद्रे रसेल, रोमारियो शेफर्ड, रोस्टन चेस, अकील होसेन, अल्जारी जोसेफ, गुडाकेश मोटी, ओबेद मैककॉय, शमर जोसेफ, शिमरॉन हेटमायर और शाई होप।

**न्यूजीलैंड :** केन विलियमसन (कप्तान), फिन एलन, डेवोन कॉनवे (विकेट कीपर), डेरिल मिशेल, ग्लेन फिलिप्स, मार्क चैपमैन, माइकल ब्रेसवेल, मिशेल सेंटनर, मैट हेनरी, लॉकी फर्ग्यूसन, ट्रेंट बोल्ट, टिम साउथी, ईश सोढ़ी, जेम्स नीशम और रचिन रवींद्र।

**मैच शुरू : भारतीय समयानुसार सुबह 6 बजे।**

## बांग्लादेश-नीदरलैंड में होगी रोमांचक भिड़ंत

**किंग्सटाउन, (भाषा) :** बांग्लादेश और न्यूजीलैंड टी20 विश्व कप के सुपर आठ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को पंख लगाने के लिए गुरुवार को यहां एक-दूसरे का सामना करेंगे। दक्षिण अफ्रीका ग्रुप डी से शीर्ष पर रहकर पहले ही अगले दौर में जगह बना चुका है। बांग्लादेश इस ग्रुप में अभी दूसरे स्थान पर है। उसके और नीदरलैंड के समान दो दो अंक हैं। बांग्लादेश की टीम हालांकि बेहतर नेट रन रेट के आधार पर दूसरे स्थान पर है। नेपाल और श्रीलंका के एक-एक अंक हैं लेकिन उनके पास भी ग्रुप में दूसरे स्थान पर रहकर सुपर 8 में जगह बनाने का मौका है। बांग्लादेश ने अपने पहले मैच में श्रीलंका को दो विकेट से हराया था लेकिन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उसके बल्लेबाज अपेक्षाकृत छोटा लक्ष्य हासिल करने में नाकाम रहे थे और उसे चार रन से हार का सामना करना पड़ा था।

**मैच शुरूः भारतीय समयानुसार रात 8 बजे से**

## इंग्लैंड के अरमानों पर पानी फेर सकती है बारिश

**नॉर्थ साउंड, (भाषा):** अपनी पहली जीत दर्ज करने के लिए बेताब इंग्लैंड के अरमानों पर ओमान के खिलाफ यहां होने वाले टी20 विश्व कप के मैच में बारिश पानी फेर सकती है। पूर्व चैंपियन इंग्लैंड को सुपर 8 में जगह बनाने के लिए ग्रुप बी के अपने बाकी बचे दोनों मैच में हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। उसका दो मैच में केवल एक अंक है जो उसे स्कॉटलैंड के खिलाफ बारिश के कारण मैच नहीं हो पाने के कारण मिला था। जोस बटलर की अगुवाई वाली टीम के लिए खबर अच्छी नहीं है क्योंकि मौसम विभाग ने ओमान के खिलाफ मैच के दिन बारिश की संभावना व्यक्त की है। इंग्लैंड को ओमान के बाद अपना आखिरी लीग मैच इसी मैदान पर नामीबिया के खिलाफ खेलना है। इन दोनों मैच में जीत के बावजूद भी इंग्लैंड को ऑस्ट्रेलिया और स्कॉटलैंड के बीच होने वाले मैच में अनुकूल परिणाम के लिए दुआ करनी होगी।

**मैच शुरूः भारतीय समयानुसार शुक्रवार रात 12:30 बजे से**

## श्रीलंका-नेपाल बाहर होने के कगार पर, दक्षिण अफ्रीका सुपर आठ में

**लॉडरहिल, (भाषा) :** श्रीलंका और नेपाल के बीच टी20 विश्व कप के ग्रुप डी का मैच भारी बारिश के कारण नहीं हो पाया, जिससे दक्षिण अफ्रीका की सुपर आठ में जगह पक्की हो गई। बारिश के कारण इस मैच में एक भी गेंद नहीं डाली जा सकी। इससे श्रीलंका और नेपाल दोनों को एक-एक अंक मिला जिससे वह टूर्नामेंट से बाहर होने के कगार पर पहुंच गए हैं। दक्षिण अफ्रीका ने ग्रुप डी में शीर्ष पर रहते हुए सुपर आठ में जगह बनाई। उसने अभी तक अपने तीनों मैच जीते हैं। बांग्लादेश इस ग्रुप में अभी दूसरे स्थान पर है। उसके और नीदरलैंड के समान दो दो अंक हैं। बांग्लादेश की टीम हालांकि बेहतर नेट रन रेट के आधार पर दूसरे स्थान पर है।

## अन्याय का समाधान निकालें : एआईएफएफ



**नई दिल्ली, (पंजाब केसरी):** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने बुधवार को कहा कि महासंघ ने दोहा में विश्व कप क्वालीफाइंग मैच में कतर को दिए गए विवादास्पद गोल की जांच की मांग की है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से इस अन्याय का समाधान निकालने का आग्रह किया। एआईएफएफ प्रमुख ने कहा कि भारत ने गोल की विस्तृत जांच की मांग की है। मंगलवार को जस्सिम बिन हमाद स्टेडियम में करो या मरो के मुकाबले में भारत की 1-2 की हार के दौरान दक्षिण कोरिया के रैफरी किम वू सुंग ने गोल को स्वीकृति दी थी जबकि इससे पहले ही गेंद खेल के मैदान से बाहर जा चुकी थी। चौबे ने एक बयान में कहा कि जीत और हार खेल का हिस्सा हैं, हमने इसे विनम्रता से स्वीकार करना सीख लिया है।

# नामीबिया को हरा कर ऑस्ट्रेलिया सुपर आठ में



एडम जंपा की शानदार गेंदबाजी, मात्र 72 रन पर नामीबिया को किया ढेर

**नॉर्थ साउंड (एंटीगा), (भाषा) :** लेग स्पिनर एडम जंपा की शानदार गेंदबाजी की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने नामीबिया को 86 गेंद शेष रहते हुए आठ विकेट से करारी शिकस्त देकर टी20 विश्व कप के सुपर आठ में जगह बनाई। ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया और नामीबिया को 17 ओवर में 72 रन पर आउट कर दिया। ऑस्ट्रेलिया ने इसके बाद केवल 34 गेंद पर एक विकेट पर 74 रन बनाकर शानदार जीत हासिल की। सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड 34 और कप्तान मिचेल मार्श 18 रन बनाकर नाबाद रहे। डेविड वार्नर ने आठ गेंद पर 20 रन का योगदान दिया। ऑस्ट्रेलिया की यह लगातार तीसरी जीत है जिससे उसने एक मैच शेष रहते हुए ही सुपर आठ में प्रवेश कर लिया। उसे ग्रुप बी में अपना आखिरी मैच शनिवार को स्कॉटलैंड के खिलाफ खेलना है। नामीबिया की यह तीन मैच में दूसरी हार है जिससे वह सुपर आठ में जगह बनाने की दौड़ से बाहर हो गया है। स्कॉटलैंड और इंग्लैंड ग्रुप बी से दूसरे स्थान पर रहने की दौड़ में हैं। नामीबिया के पास ऑस्ट्रेलिया के मजबूत गेंदबाजी आक्रमण का कोई जवाब नहीं था। उसकी तरफ से कप्तान गेरहार्ड इरास्मस ने सर्वाधिक 36 रन बनाए जिससे नामीबिया 43 रन पर आठ विकेट गंवाने के बावजूद 50 रन की संख्या को पार कर पाया। नामीबिया ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपना न्यूनतम स्कोर बनाया। जंपा ने बीच के ओवरों में अपना कमाल दिखाया तथा चार ओवर में 12 रन देकर चार विकेट लिए। जंपा ने अपने इस प्रदर्शन से एक बड़ी उपलब्धि भी हासिल की। वह ऑस्ट्रेलिया की तरफ से टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 100 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बन गए हैं। जोश हेज़लवुड (18 रन देकर दो विकेट) ने नामीबिया के सलामी बल्लेबाज माइकल वैन लिंगेन (10) और निको डेविन (02) को आउट किया।